किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 01 अंकः 363 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 13 अक्टूबर 2022 http://samajjagran.in पेजः12 मूल्य 05 रुपया

बढ़ा रतसर कला का मान

आजमगढ़ में "साज सम्मान" से सम्मानित हुई स्मृति सिंह

स्मृति सिंह को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री पूर्व में ही कर चुके हैं सम्मानित

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : पूर्वांचल की प्रसिद्ध संस्था साज फाउन्डेशन द्वारा आजमगढ़ के सिधारी स्थित राहुल प्रेक्षागृह में आयोजित भव्य व रंगारंग कार्यक्रम में आजमगढ़ के सांसद दिनेश लाल यादव, भारतीय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष व आईएएस अधिकारी एनपी सिंह, जिलाधिकारी आजमगढ़ विशाल भारद्वाज, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, गोरखपुर क्षेत्र अजय सिंह द्वारा रतसर कला की निवर्तमान प्रधान व भाजपा महिला मोर्चा बलिया की जिला सचिव स्मृति सिंह सहित पूर्वांचल के चुनिंदा विशिष्ट अतिथियों को बेहतर व प्रेरणादायक समाजिक कार्यों के लिए 'साज सम्मान ' से सम्मानित किया गया।

उक्त अवसर पर संस्था की सचिव डाक्टर संतोष सिंह द्वारा खादी व हथकरघा फैशन शो एवं कबाड़ तथा हाथ से बने आकर्षक सामानों के प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि स्मृति सिंह को बेहतर समाजिक कार्यो के लिए पूर्व में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री तथा केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार सहित विभिन्न राज्य सरकारों,चुनाव आयोग,विभिन्न विश्वविद्यालयों सहित प्रतिष्ठित सरकारी, गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है।

स्मृति सिंह ने कहा कि साज फाउन्डेशन द्वारा खादी से हथकरघे पर बने डिजाइनर कपड़े पहन कर जब स्थानीय माडल रैंप पर उतरी तो वस्त्रों की सुन्दरता व डिजाइन ने लोगों का ध्यान बरबस ही अपने तरफ आकर्षित किया। इस तरह के कार्यक्रम महानगरों में तो अक्सर आयोजित होते रहते हैं, लेकिन आजमगढ़ जैसे कस्बाई शहरों में ऐसे शानदार आयोजन के लिए साज संस्था निश्चित ही प्रशंसा की पात्र हैं। प्रयास हैं कि बलिया में भी ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम शीघ्र ही आयोजित हो।

चांदनी चौक की प्रमुख मांगों को लेकर दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने उपराज्यपाल को ज्ञापन सौंपा

समाज जागरण

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने चांदनी चौक के नागरिकों एवं व्यापारियों की 6 प्रमुख मांगों को लेकर क्षेत्र में,निरीक्षण के लिये आये उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सैना को एक ज्ञापन दिया है और मांग की कि इन पर अविलंब ध्यान दिया जाये।

1. चांदनी चौक एक भीड़ भाड़ वाला व्यापारिक क्षेत्र है और दुर्घटना होने पर फायर ब्रिगेड को आने में बहुत समय लगता है अतः चांदनी चौक के अंदर ही टाउन हाल परिसर में फायर स्टेशन बने।
2. चांदनी चौक के प्रवेश द्वारों पर बूम बैरियर लगाये जाने थें, पर रिडेवलपमैंट काम पूरा होने के एक साल बाद भी नही लगाये गये हैं और अधिकतर स्थानों पर पत्थर के बैरिकेड्स लगे हैं। जिनके कारण आपातकालीन वाहन जैसे फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, पी.सी.आर. तक को प्रवेश नही मिल पाता। अतः बैरिकेड्स हटा कर बूम बैरियर लगाये जायें।
3. जल भराव की समस्या का निराकरण हो : हल्की बारिश से ही चांदनी चौक बाजार में जल भराव हो जाता हैं। जिसका निराकरण आवाश्यक है।
4. अत्यधिक रिक्शा चाँदनी चौक की मूल आवश्यकता

है, पर अत्याधिक रिक्शा हो जाने के कारण यह एक समस्या बन गये हैं। अतः रिक्शा सीमित कर इनके रूकने के स्टैंड बनाये जाये।
5. चांदनी चौक में हजारों महिलाऐं रोज खरीददारी करने आती हैं,पर साफ शौचालय की कमी उनको परेशान करती है। अतः टाउन हाल एवं कटरा नील के पास महिला पिंक टायलेट बनें।
6. लम्बे समय से व्यापारी माल लाने ले जाने के समय को बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।जिसपर उचित निर्णय हो।

भारत विकास परिषद की छठ महापर्व के बावत बैठक

(हरेश उपाध्याय)दिल्ली/रामगढ़ः- भारत विकास परिषद की छठ महापर्व के बावत पूर्व अध्यक्ष गोविंद मेवाड की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई।उक्त बैठक होटल शिवम इन में, भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा द्वारा आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष अमित साहू ने सामूहिक विवाह समारोह का आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से इसे पारित किया। बैठक को संबोधित करते हुए अमित साहू ने कहा कि आगामी छठ महापर्व के पावन अवसर पर जरूरतमंद छठ व्रतियों के बीच निःशुल्क संपूर्ण पूजन सामग्री का वितरण किया जाएगा एवं इस माह रामगढ़ में आयोजित धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में भारत विकास

परिषद रामगढ़ शाखा अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बैठक में सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा को मजबूत करने में अपने सकारात्मक एवं सराहनीय प्रयासों को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के सचिव डॉक्टर आलोक रत्न चौधरी, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा, मनमोहन सिंह लांबा, अनिल गोयल, पूर्व अध्यक्ष उमेश राजगढ़िया, संगठन मंत्री निलेश कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष आलोक कुमार अग्रवाल, सदस्य रामप्रवेश गुप्ता समेत अनेकों सदस्य मौजूद थें।अंत में धन्यवाद ज्ञापन सचिव आलोक रत्न चौधरी ने किया '

प्रसिद्ध क्रिकेटर सुनील गावस्कर के हाथों संजीव झा " ग्लोबल हेल्थ केयर " अवार्ड से हुए सम्मानित

वृक्षारोपण करने और महिलाओं में वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए संजीव झा को मिला है यह सेवा उत्कृष्टता पुरस्कार

नई दिल्ली । वृक्षारोपण करने और महिलाओं में वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए वरीय सामाजिक कार्यकर्ता व पर्यावरणविद बीरपुर निवासी संजीव कुमार झा को सेवा उत्कृष्टता पुरस्कार (वृक्षारोपण जागरूकता) वर्ष 2021-22, बिहार " ग्लोबल हेल्थ केयर " सम्मान के साथ दुनिया के दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर नें सम्मानित किया । दिल्ली में 12 अक्तूबर को यह अवार्ड दिल्ली के एक पाँच-सितारा होटल रेडिसन-ब्लू में आयोजित एक बड़े समारोह में दिया गया । बता दें कि यह अवार्ड प्राईम टाइम नामक मीडिया एजेन्सी के द्वारा अलग-अलग केटेगरी में हर वर्ष दिया जाता है।सेवा उत्कृष्टता पुरस्कार (वृक्षारोपण जागरूकता) वर्ष 2021-22, बिहार दुनिया के दिग्गज क्रिकेटर श्री सुनील गावस्कर जी के द्वारा वृक्षारोपण करने और महिलाओं में वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए संजीव झा को प्रदान किया गया है । विदित हो कि संजीव झा के द्वारा पर्यावरण को बढ़ावा देनें के लिये व्यक्तिगत रूप से बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण करने और समाज में खासकर महिलाओं में वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए किये गए कार्य को लेकर बिहार से इनके नाम का चयन किया गया है ।बीरपुर निवासी समेत कोसी व सीमांचल के लोगों नें " ग्लोबल हेल्थ केयर "अवार्ड पाने पर संजीव झा को बधाई व शुभकामनाएं दी



आईएचजीएफ मेला 14-18 अक्टूबर इंडिया एक्सपो सेंटर, ग्रेटर नोएडा

54वें मेले में 5 दिनों के दौरान 3000+ प्रदर्शक,

क्षेत्रीय प्रदर्शक, सेमिनार और रैंप सीक्वेंस का आयोजन होगा

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी , समाज जागरण

नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सपो मार्ट मे 12 अक्टूबर से दुनिया के सबसे बड़े हस्तशिल्प मेलों में से एक, आईएचजीएफ- दिल्ली मेले का 54वां संस्करण 14 अक्टूबर से ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में विदेशी खरीदारों, खरीद और सोर्सिंग सलाहकारों के साथ-साथ बड़ी संख्या में घरेलू वॉल्यूम खुदरा खरीदारों के लिए खोला जाएगा क ईपीसीएच के महानिदेशक & अध्यक्ष आईईएमएल राकेश कुमार ने बताया कि इस पांच दिवसीय बी2बी मेले के दौरान देश भर के 3000 से अधिक हस्तशिल्प निर्यातकों द्वारा घर, जीवन शैली, फैशन, वस्त्र और फर्नीचर उत्पादों को ला रहे हैं, जो विदेशी खरीददार समुदाय को दिखाने के लिए उत्सुक हैं, जो अब भारत को हस्तशिल्प वस्तुओं के लिए एकमात्र सोर्सिंग गंतव्य मानते हैं।

उन्होंने ये भी बताया कि आईएचजीएफ-दिल्ली मेला ऑटम 2022 अपने तरह का एक अनूठा मेला है और इस संस्करण के लिए 2000 से अधिक विस्तृत-रेंज से नए उत्पाद चुने जाएंगे जो 14 उत्पाद कैटेगरी के 300 से अधिक डिजाइन एक्सप्रेशन में से होंगे, जैसे- हाउसवेयर, होम फर्निशिंग, फर्नीचर, गिफ्ट एवं डेकोरेटिव्स, लैंप ऐंड लाइटिंग, क्रिसमस एवं फेस्टिव डेकोर, फैशन जूलरी ऐंड एक्सेसरीज, स्पा एवं वेलनेस, कारपेट एवं रग्स, बाथरूम एक्सेसरीज, गार्डन एक्सेसरीज, एजुकेशन टॉयज ऐंड गेम्स, हाथ से बने कागज के उत्पाद एवं स्टेशनरी और लेदर बैग्स क मेले में एक्सपो सेंटर के 16 हॉल और मार्ट क्षेत्र के 900 स्थायी शोरूम के साथ शिल्प क्लस्टरों का जोरदार प्रतिनिधित्व होगा, जो इसे व्यापक सोर्सिंग पॉइंट बनाता है क थीम पर आधारित पवेलियन में पूरे भारत से शिल्पकार मौजूद रहेंगे जो विदेशी खरीदार समुदायों के लिए यहां अहम आकर्षण होगा क

इस मौके पर ईपीसीएच अध्यक्ष राज कुमार मल्होत्रा ने कहा कि मेले में आने वाले आगंतुकों में दुनिया भर से आ रहे विदेशी खरीदार जिनमें थोक खरीदार, वितरक, चेन स्टोर्स, डिपार्टमेंटल स्टोर्स, खुदरा

विक्रेता, मेल ऑर्डर कंपनियां, विभिन्न ब्रांडों के मालिक, बाइंग हाउस और डिजाइनर और ट्रेंड का पूवार्नुमान बताने वाले शामिल हैं क

100 से अधिक देशों के विदेशी खरीदार जिनमें अर्जेंटीना, आर्मीनिया, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, बहरीन, बेल्जियम, बोलीविया, ब्राजील, ब्रुनेई दारुस्सलाम, कंबोडिया, कनाडा, चिली, चीन, कोलंबिया, साइप्रस, डेनमार्क, मिस्र, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, ग्वाटेमाला, हांगकांग, हंगरी, इंडोनेशिया, ईरान, आयरलैंड, इसराइल, इटली, जापान, जॉर्डन, केन्या, कोरिया रिपब्लिक, कुवैत, लग्जमबर्ग, मलेशिया, मैक्सिको, मोरक्को, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, नाइजीरिया, नॉर्वे, ओमान, पनामा, पराग्वे, फिलीपींस, पोलैंड, पुर्तगाल, कतर, रोमानिया, रूसी संघ, सऊदी अरब, सेनेगल, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, स्पेन, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, थाईलैंड, तुर्की, यूक्रेन, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन, अमेरिका, उरुग्वे, उज्बेकिस्तान, वेनेजुएला, वियतनाम और कई अन्य देशों से खरीदारों ने मेले में आने के लिए पहले ही रजिस्ट्रेशन कराया है क

ईपीसीएच अध्यक्ष राज कुमार मल्होत्रा ने बताया कि जिन कंपनियों/डिपार्टमेंटर स्टोर्स के खरीदारों ने इस शो में आने की पहले ही पुष्टि कर दी है उनमें दुकान होम, अर्जेंटीना; फ्लावर पावर प्ले लिमिटेड, ऑस्ट्रेलिया; एक्सएक्सएक्स लुट्ज केजी, ऑस्ट्रिया; गोमायर एनवी, बेल्जियम; मकार्ना फर्नीचर, कनाडा; सोसाइटी ऑफ लाइफस्टाइल, डेनमार्क; बोल्टज आइडेन डॉयचालैंड जीएमबीएच ऐंड कंपनी केजी, टेजी, जर्मनी; सुगिता एस कंपनी लिमिटेड, जापान; डिस्ट्रिब्यूडोरा लिवरपूल एसए डीई सीवी, मैक्सिको; ब्रिंकर्स कारपेट नीदरलैंड्स बीवी, लाइफस्टाइल होम कलेक्शन बीवी, द नीदरलैंड्स; एसिट्रेड ऐंड ईएल कॉर्टे इंगल्स, स्पेन; ग्राहम ऐंड ग्रीन, पैसिफिक लाइफस्टाइल ऐंड टीजेएक्स कॉर्प, ब्रिटेन; अब्दुल्ला मोहम्मद हाउसहोल्ड अप्लायंस कंपनी एलएलसी, होमसेंटर, लैंडमार्क ग्रुप, यूएई; क्रिएटिव होम लिमिटेड, हॉबी लॉबी, रॉस स्टोर्स इंक, टीजेएक्स कॉर्प ऐंड वीसीएनवाई, अमेरिका और कई अन्य शामिल हैं क

उन्होंने ये भी बताया कि इस शो में भारत के प्रमुख रिटेल/ऑनलाइन ब्रांडों के आगंतुक भी शामिल होंगे कमेले में आने के लिए द विशिंग चेयर, ऐट होम, अर्बन लैडर, फैबइंडिया लिमिटेड, द पर्पल टर्टल्स, फ्लिपकार्ट, शॉपर्स स्टॉप लिमिटेड, रिलायंस रिटेल लिमिटेड, डीएलएफ ब्रांड्स प्राइवेट लिमिटेड, होम एंड बाजार, कालरा, गुडअर्थ डिजाइन स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड, मिस्टर डाय, द फर्नीचर स्टॉप, पेपरफ्राई लिमिटेड, द बॉम्बे स्वदेशी स्टोर्स, फर्नीचरवाला, एशियन पेंट्स लिमिटेड, होम सेंटर एवं ईबे और कई अन्य ने पहले से रजिस्ट्रेशन कराया है क

दुनिया भर के खरीदार अपनी सोर्सिंग जरूरतों के लिए आईएचजीएफ दिल्ली मेले में आना पसंद करते हैं क्योंकि उन्हें यहां भारत के शीर्ष उत्पादकों और उनके उत्तम उत्पाद रेंज, आकर्षक कीमत,

आईएचजीएफ दिल्ली मेला ऑटम '22 अपने पूरे गौरव के साथ दुनिया के बाजारों को उपहार में दिए गए हस्तशिल्प का जादू दिखाने के लिए तैयार है

विभिन्न किस्म, विशिष्ट गुणवत्ता और नई उत्पाद लाइन मिलती हैं क

श्री अवधेश अग्रवाल, अध्यक्ष आईएचजीएफ दिल्ली मेला ऑटम'22 स्वागत समिति ने बताया कि मेले में प्रदर्शकों से प्राप्त उत्पादों के साथ फैशन शो भी होंगे और मेले के दौरान विभिन्न अहम विषयों पर नॉलेज सेमिनारों का आयोजन भी होगा, जैसे कि 2023 लाइफस्टाइल ऐंड ट्रेंड, ब्रांडिंग- अपने संदेश को अंतिम उपयोगकर्ता तक पहुंचाएं, सस्टेनेबिलिटी ऐंड सर्कुलरिटीः मूल्य उत्पादन के लिए कचरे का उपयोग कैसे करें, हस्तशिल्प उत्पादकों और निर्यातकों के लिए जेड सर्टिफिकेशन के फायदे, नेट जीरो के प्रति जागरूकता और निरंतर सुधार, फॉरेक्स समाधान और विश्व बाजार में रुपये की स्वीकार्यता, हाउ टू मैनेज योर ऑगेर्नाइ जेशनल प्रॉडक्टिविटी ऐंड बूस्ट ऑगेर्नाइजेशनल सिटिजनशिप इत्यादि क

ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आर. के. वर्मा ने ये भी बताया कि परिषद ने इस शो को व्यापक प्रचार देने के लिए अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं, उनके डिजिटल पब्लिकेशन, ऑन लाइन पोर्टल्स, वेब बैनर इत्यादि में डिजिटल विज्ञापन के माध्यम से दुनिया भर में व्यापक प्रचार अभियान चलाया है क साथ ही भारतीय दूतावासों ने विभिन्न देशों में खरीदारों और आयातकों को आमंत्रण भी दिया क मेले के बारे में डिजिटल प्रकाशन और सोशल मीडिया में व्यापर तौर पर कवर किया गया है क

ईपीसीएच के महानिदेशक राकेश कुमार ने सूचित किया कि 2021-22 के दौरान हस्तशिल्प का निर्यात 33253.00 करोड़ रुपये (4459.76 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का हुआ जो बीते वर्ष की तुलना में रुपये के संदर्भ में 29.49% और डॉलर के संदर्भ में 28.90% की वृद्धि हुई हैं।

दूसरे के नाम पर नौकरी पाने वाले फर्जी शिक्षक को स्पेशल टास्क फोर्स ने किया गिरफ्तार

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया। शैक्षिक प्रमाण पत्र व पैन कार्ड को कूटरचित कर दूसरे के नाम पर नौकरी प्राप्त करने वाले फर्जी शिक्षक को स्पेशल टास्क फोर्स ने गिरफ्तार कर लिया है। फर्जी सहायक अध्यापक को गिरफ्तार करने की उल्लेखनीय सफलता बुधवार को बीआरसी कार्यालय पकवाइनार गेट के पास से मिली। उसके पास से एक पैन कार्ड की फोटो प्रति, स्थानान्तरण प्रमाण पत्र की फोटो प्रति, एक परिवार रजिस्टर की छायाप्रति, ज्ञान प्रकाश अतिश के नाम से शैक्षिक दस्तावेजों की फोटो प्रति, दो मोबाइल फोन तथा 260 रुपए नकद बरामद किया गया है।

विगत कुछ समय से बेसिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 में फर्जी अध्यापकों की नियुक्ति में फजीर्वाड़ा कर शैक्षिक प्रमाण पत्रों और पैन का कूटरचित ढंग से इस्तेमाल कर के दूसरे के नाम पर नौकरी करने वाले व्यक्तियों के सम्बन्ध में एसटीएफ उ0प्र0 को सूचना प्राप्त हो रही थी, जिसके सम्बन्ध में एस0टी0एफ0 की विभिन्न इकाइयों/टीमों को अभिसूचना संकलन कर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके अनुपालन में श्री लाल प्रताप सिंह, पुलिस उपाधीक्षक के पर्यवेक्षण में एवं निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में हे0कां0 यशवंत सिंह, हे0कां0 आशुतोष तिवारी, हे0कां0 अभिलाष तिवारी, कां0 महेन्द्र प्रताप सिंह, कां0 रणधीर सिंह की टीम गठित कर अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

अभिसूचना संकलन के क्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी बलिया कार्यालय से शिक्षकों के बारे में अभिलेख प्राप्त किये गये तथा अन्य स्त्रोतों से ज्ञात हुआ कि जय प्रकाश यादव सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय कुरेम रसड़ा, बलिया में नौकरी कर रहा है, जिसका वास्तविक नाम ज्ञान प्रकाश अतिश है, जो जय प्रकाश यादव पुत्र हरेन्द्र यादव निवासी ग्राम श्रीनगर, थाना सलेमपुर, जनपद देवरिया के शैक्षिक दस्तावेज के आधार पर नौकरी कर रहा है। इस सूचना को और विकसित कर आज दिनांक 12-10-2022 को ज्ञान प्रकाश अतिश, जो जय प्रकाश यादव के शैक्षिक दस्तावेज के आधार पर नौकरी करने वाले को बीआरसी कार्यालय पकवाइनार गेट के पास जनपद बलिया से गिरफ्तार कर लिया गया, जिसके पास से उपरोक्त बरामदगी की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि उसका वास्तविक नाम ज्ञान प्रकाश अतिश पुत्र शिव जी यादव साकिन ग्राम मठमैन, थाना गड़वार, जनपद बलिया है, हाईस्कूल की परीक्षा वर्ष-2006 में बाल विद्या भवन हायर सेकेण्ड्री स्कूल रतसर, बलिया से एवं वर्ष 2008 में इण्टरमीडिएट की परीक्षा रामदाश इण्टर कालेज, सिकरिया नं0 -01, बलिया से एवं स्नातक परीक्षा किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रकसा, गड़वार बलिया से उत्तीर्ण किया है। उसने अपनी नौकरी के लिये दस्तावेज स्वयं और राजू यादव पुत्र रामरतन यादव साकिन रकसा, रतसई, बलिया ने उपलब्ध कराये थे। राजू यादव ने ही शैक्षिक दस्तावेज जय प्रकाश यादव के नाम का उपलब्ध कराया था। फिर इन लोगों द्वारा बीए के अंक पत्र में हेर-फेर की कूटरचना करके वह सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्त हुआ था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना रसड़ा, जनपद बलिया पर धारा 419/420/467/468/471 भा0द0वि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।

असम करीमगंज पुलिस और बीएसएफ के संयुक्त ऑपरेशन चलाकर असम राज्य में सबसे बड़ा ड्रग विरोधी अभियान सफलतापूर्वक पूरा किया।

असम संवाददाता दैनिक सामाज जागरणः एक बार फिर सबसे बड़ी कामयाबी असम करीमगंज पुलिस ने कि है देखने को मिली. करीमगंज पुलिस ने सोमवार देर रात शहर के पास न्यू करीमगंज रेलवे स्टेशन के बगल में बाबा होटल के सामने एक लॉरी में हेरोइन युक्त 764 साबुन के डिब्बे बरामद किए. इतनी बड़ी मात्रा में बरामद हेरोइन का वजन नौ किलो से अधिक बताया जा रहा है। साथ ही पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस, बीएसएफ के संयुक्त अभियान में जब्त की गई ड्रग की बाजार कीमत 40 करोड़ रुपये से अधिक होगी. साथ ही एक तस्कर को गिरफ्तार

कर लिया। गिरफ्तार तस्कर का नाम मुहिब उद्दीन है, उसका घर पाथारकांडी के कानाईबाजार इलाके का बताया जा रहा है. पुलिस जांच कर कार्रवाई कर रही है।

अति पावन व्रत करवा चौथ

प्रभाकर गीता त्रिपाठी

करवाचौथ की मिठास से 7 जन्मों तक बना रहेगा साथ

सुहागिन स्त्रियां अपने पतियों की दीर्घायु के लिए भगवान से करती है प्रार्थना

सिंगाही खीरी--नगर पंचायत सिंगाही भेडौरा छावनी निवासी पं० प्रभाकर त्रिपाठी ने बताया कि करवा चौथ व्रत दिनांक 13/10/2022 दिन बृहस्पतिवार को रात्रि 7:53 बजे चन्द्र दर्शन कर अर्घ दिया जायेगा इसमें सुहागिन स्त्रियां चन्द्रमा को अर्घ्य देकर गणेश, गौरी पूजन कर अपने पति की दीर्घायु के लिए शादी एक जन्म का नहीं, बल्कि सात जन्म का रिश्ता माना जाता है। यही कारण है कि करवाचौथ का व्रत पति की लंबी आयु और अच्छी सेहत के लिए ही नहीं, बल्कि सात जन्मों तक उसका साथ पाने के लिए रखा जाता है। हर पत्नी की यही तमन्ना होती है कि उसे वही पति सात जन्म तक मिले। आज जिस तरह से रिश्ते चुटकियों में टूट जाते हैं, उसे देख कर लगता है कि जन्म-जन्म तक साथ निभाने की इच्छा होने के बावजूद आखिर कमी कहां रह जाती है कि यह संबंध कभी कारण से, तो कभी बिना कारण ही तलाक की कगार तक पहुंच जाता है? आखिर बिना पछतावे के किसी के साथ आजीवन रहने के लिए क्या किया जाए कि इस रिश्ते में करवाचौथ की मिठास हमेशा कायम रह सके।

समझदारी जरूरी

शादी ऐसा रिश्ता है, जिसमें पति-पत्नी को आजीवन साथ रहना होता है और विवाह को सफल बनाने के लिए दोनों में धैर्य, सहनशक्ति और समझदारी की आवश्यकता होती है। विवाह कोई क्षणिक आनंद नहीं, जिसे भोगा और भुला दिया। पुरानी पीढ़ी जहां अपने वैवाहिक रिश्ते को हर कठिनाई के बावजूद बनाए रखने का प्रयास करती थी, वहीं आज की पीढ़ी रिश्ते को तोड़ कर अलग रहते हुए सुकून से जिंदगी बिताने की बात करती है।

त्याग की भावना

विवाह के रिश्ते को बनाए रखने के लिए पति-पत्नी को जहां अपने अंदर त्याग की भावना पैदा करनी चाहिए, वहीं उन्हें अपने क्रोध पर नियंत्रण भी करना चाहिए। क्रोध में बोले गए शब्द सामने वाले के मानस पटल पर स्थायी प्रभाव छोड़ते हैं। क्रोध में चुपचाप वहां से हट जाएं और किसी भी अप्रिय स्थिति को टाल दें। कभी भी जीवन साथी पर और न ही एक-दूसरे के माता-पिता पर दोषारोपण करें।

विपरीत रुचियों में खुशी

यदि आपकी अपने जीवन साथी से कोई रुचि मेल नहीं खाती तो इसमें निराश या हताश होने वाली कौन-सी बात है। आप एक-दूसरे की भिन्नता और समानता की परवाह किए बिना एक-दूसरे में रुचि लें, उसमें ही अपनी खुशियां तलाशें। अपने जीवन साथी के बारे में सकारात्मक सोच रखना ही सही मायने में सफल शादी का मूल मंत्र है।

सहयोग करें

हर फैसले या काम में एक-दूसरे का सहयोग करना ही रिश्ते में प्रेम की उम्र बढ़ाता है। यदि आप अपने विवाह को दीर्घकालिक एवं सफल बनाना चाहते हैं, तो बिना किसी आवेश और आलोचना के एक-दूसरे का सहयोग करना तथा एक-दूसरे की कमियों को स्वीकारना होगा। आज की पीढ़ी समझौता शब्द का अर्थ अपने ही हिसाब से निकालती है या उसका मजाक उड़ाती है, जबकि वास्तव में वैवाहिक रिश्ते में समझौते का मतलब आपसी समझदारी है।

पत्नी करवा चौथ पर आपके लिए व्रत करती है। आप अपनी पत्नी के लिए क्या करतें हैं बताइए। समाज जागरण के इस कालम के लिए आप अपना स्नेह समर्पण हमें 150 शब्दों में पत्नी और अपनी तस्वीर के साथ भेंजे। हम प्रकाशित करेंगे

7489697916 ojha.jagran@gmail.com



डॉ० शशि प्रेमदेव
शिक्षक / कवि (बलिया)

...काश पत्नी की सलामती के लिए भी कोई व्रत होता

मैं इस बात के लिए परमात्मा का आभारी हूँ कि विवाह के तीन दशक बाद भी मेरे प्रति मेरी धर्मपत्नी मंजू का प्रेम एवं समर्पण जरा सा भी शिथिल अथवा न्यून नहीं हुआ है। यह भी गर्व की ही बात है कि हम लोगों की शादी 'वैलेंटाइन्स डे' के दिन हुई थी । मंजू की सारी अच्छाईयाँ हमारी तीनों संतानों में स्पष्टतः परिलक्षित होती हैं। वह न केवल एक बेहतरीन पत्नी और माँ हैं, बल्कि हमारे संयुक्त परिवार की उतनी ही अच्छी बड़ी बहू भी हैं । यह मंजू के सहज-निर्मल व्यक्तित्व का जादू ही है कि मेरे जैसा जन्मजात विद्रोही और फक्कड़ व्यक्ति भी एक अनुशासित जीवन जीने में कामयाब हो सका है। मैं अपनी ऐसी पतिव्रता एवं रोमांटिक जीवन संगिनी के अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करता हूँ ।

आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण मऊ

पत्नी के लिए पति क्यों नहीं कर सकता व्रत

पति को दीर्घायु रखने हेतु महिलाएं तो अति पावन व्रत करवा चौथ रखती हैं पर पुरुषों के लिए ऐसे किसी व्रत का विधान नहीं है। सुहागिनें प्रतिवर्ष इस निर्जला व्रत को करती हैं। धन्य है यह देश और इसकी संस्कृति व परंपराएं। आपके कर्म से पत्नी पूरी तरह संतुष्ट हो यही आपका करवा चौथ है।

ऐसा नहीं है कि पति करते नहीं हैं पर पत्नियों का किया हमेशा बीस गिरता है। उनका संपूर्ण जीवन पारिवारिक प्रेम, सौहार्द, एकजुटता हेतु त्याग का होता है। अटूट बंधन का प्रेम। ऐसा निश्चल प्रेम और त्याग देख कर तो लगता है काश! पतियों के लिए भी पत्नियों के प्रति ऐसा व्रत बना होता। मैं तो वक्त मिलते ही यथा संभव पत्नी के कार्य में हाथ बटांता रहता हूं। जैसे व्रत के समय खाना पकाना, बर्तन धोना, कपड़े धोना वगैरह-वगैरह। उन्हें मनोवांछित उपहार देना। उनकी सुविधाओं का ख्याल रखना आदि।

मीडिया की आधुनिकता और सरकार, समाज की कार्यप्रणाली पर प्रभावी नियंत्रण।

मीडिया की भूमिका किसी समाज के लिए महत्वपूर्ण होती है,क्योंकि यह न केवल सूचना का प्रसार का कार्य करता है बल्कि लोगों को किसी मुद्दे पर अपनी राय कायम करने में सहायक भी होता है' पिछले कुछ वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा प्रिंट मीडिया में बहुत बड़ा बदलाव आया है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में ग्लैमर और पीत पत्रकारिता में वृद्धि होने के साथ-साथ इसकी लोकप्रियता में अपार वृद्धि हुई है। भारतीय आत्मा के रूप में पहचाने जाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी,पत्रकार स्वर्गीय माखनलाल चतुर्वेदी ने 1925 में कर्मवीर के फिर से प्रकाशन के दौरान इसके अग्रलेख के अंतिम वक्तव्य के रूप में लिखा था कि प्रभु करें,इस सेवा में मुझे अपने दोषों का पता रहे और आडंबर अभियान और आकर्षण मुझे पद से भटका ना पाए। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है लोकतंत्र के अन्य तीन स्तंभ है विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका।

विधायिका का कार्य कानून का निर्माण करना है, कार्यपालिका का कार्य उस निर्मित कानून को लागू करना एवं अमल में लाना है एवं न्यायपालिका का कार्य कानून का कड़ाई से पालन करवाना होता है इन तीनों स्तंभों पर निगरानी रख लोकतांत्रिक भावनाओं की रक्षा की जिम्मेदारी मीडिया पर होती है। वैसे तो मीडिया का प्रमुख कार्य लोकमत का निर्माण, सूचनाओं का प्रसार, भ्रष्टाचार और घोटालों का पदार्फाश तथा समाज की सच्ची तस्वीर प्रस्तुत करना ही है। मीडिया की शक्ति का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि कई बार यह जनमत का निर्माण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जनमत के निर्माण के बाद जनक्रांति ही नहीं बल्कि अन्य प्रकार का परिवर्तन समाज में संभव है। मीडिया के प्रभाव से ही कई देशों की सरकार गिरी तथा नई सरकारों का नव निर्माण हुआ है। बिहार में चारा घोटाला, आंध्र प्रदेश में डाक टिकट घोटाला, 2ऋ स्पेक्ट्रम घोटाला, राष्ट्रमंडल खेल घोटाला, कोयला घोटाला,मैच फिक्सिंग आदि इत्यादि अनेक प्रकार के घोटालों का पदार्फाश में मीडिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यूरोप के मशहूर पत्रकार जिम मॉरिसन ने कहा "जनसंचार माध्यम पर नियंत्रण करना बुद्धि पर नियंत्रण करना ही है"मीडिया अथवा माध्यम का महत्व आज ही नहीं आदिकाल से चला आता रहा है,इतिहास गवाह है कि नेपोलियन बोना पार्ट जैसा योद्धा भी मीडिया से बच के रहना चाहता था क्योंकि उन्होंने कहा था" मैं लाखों संगीनों की अपेक्षा तीन विरोधी समाचार पत्रों से अधिक डरता हूं" किसी व्यक्ति समाज अथवा राष्ट्र की छवि बनाने अथवा बिगाड़ने में मीडिया अथवा माध्यम का बड़ा ही महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसीलिए सरकार है आजकल मीडिया मैनेजमेंट की तरफ बहुत ज्यादा ध्यान देकर इसमे बड़ी धनराशि खर्च करती है ताकि उनकी छवि जनता पर अच्छी बनी रहे और उनका वोट बैंक बरकरार रहे।

मीडिया का रोल आधुनिकता लाने में बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण है। खासकर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सिनेमा, इंटरनेट, फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और ट्विटर यह ऐसे माध्यम है जो देश के गांव-गांव तक अपना प्रभाव जमा चुके हैं। लोगों के रहन-सहन बोलचाल रंग ढंग सब में टेलीविजन सिनेमा का स्पष्ट प्रभाव देखने को मिलता है। युवा वर्गों के अतिरिक्त बच्चों तथा महिलाओं पर भी उसका जबरदस्त प्रभाव पड़ा है, जो अब स्पष्ट रूप से उनके हाव भाव व्यवहार,रहन-सहन से परिलक्षित होने लगा है। मीडिया इस तरह आधुनिक समाज को पूरी तरह से प्रभावित कर रहा है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रिंट मीडिया तथा सिनेमा और इंटरनेट भारतीय समाज की संस्कृति को भी काफी हद तक प्रभावित करने में सफल हुए हैं। दूसरी तरफ आजकल धन देकर समाचार प्रकाशित करवाने तथा विज्ञापन देकर अपने उत्पादों के प्रति आकर्षित करने का चलन बहुत बढ़ गया है, फल स्वरुप मीडिया की विश्वसनीयता पर भी प्रश्न चलने लगने लगे है। यही कारण है कि भारत के अधिकतर बड़े समाचार पत्रों तथा लीडिंग न्यूज चैनलों का स्वामित्व किसी न किसी स्थापित उद्यमी घराने के पास है। मीडिया का बहुत ही महत्वपूर्ण व्यवहार तथा उपयोग राष्ट्र एक सूत्र में बांधने का भी होता है, आज समाज में सत्य के परीक्षण के लिए खुली बहस का आमंत्रण भी इनका महत्वपूर्ण कार्य है। पर आज अधिकांश मीडिया ग्रुप को जनहित एवं देश हित अलावा अपने उद्यमों की हित की चिंता रहती है। यह स्वाभाविक भी है क्योंकि इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट मीडिया को चलाने के लिए अत्यधिक धन तथा बल की आवश्यकता होती है जिसको मैनेज करना आसान नहीं होता है, इसीलिए यह अपने हितों को प्राथमिकता देते हैं, मीडिया पर सरकार तथा विज्ञापन दाताओं का प्रभाव भी समाचार पत्र में टेलीविजन प्रसारण में देखा जा सकता है, समाचार पत्र अपने विज्ञापन दाताओं के विरुद्ध कुछ भी छापने से बचते हैं। ईस प्रकार की पत्रकारिता मीडिया के लिए हानिकारक भी हो सकती है, पर यह मीडिया ग्रुप की व्यावसायिक मजबूरी भी होती है, दूसरी तरफ मीडिया के माध्यम से लोगों को देश की हर गतिविधियों की जानकारी मिलती है,साथ ही साथ उनका मनोरंजन भी होता है।किसी भी देश में जनता का मार्गदर्शन करने के लिए निष्पक्ष एवं निर्भीक मीडिया का होना आवश्यक है। मीडिया ही देश की राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक,सांस्कृतिक गतिविधियों की सच्ची तस्वीर जनता के सामने प्रस्तुत करता है। चुनाव के समय इनकी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है इस समय इन परिस्थितियों में सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों से जनसाधारण को अवगत कराने की जिम्मेदारी भी मीडिया की ही होती है। इस तरह समाज में आधुनिकता लाने तथा आधुनिक समाज में लोकतंत्र के प्रहरी की तरह मीडिया अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है। एक स्वतंत्र राष्ट्र में स्वतंत्र, सशक्त मीडिया या चौथे स्तंभ की महती आवश्यकता होती है जो किसी भी देश के स्वस्थ विकास की परंपरा को बनाए रखते हैं।

संजीव ठाकुर, स्तंभकार ,चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़

राशि फल

आपको आपके आने वाले कल के बारे में एक सटीक झलक और ज्योतिषीय मार्गदर्शन प्रदान करता है।

13 अक्टूबर 2022 राशिफल मेष राशि आज का राशिफल घर में तनाव का माहौल रहेगा हालाँकि बड़े-बुजुर्गों के हस्तक्षेप से वह जल्दी सुलझ भी जाएगा। किसी करीबी रिश्तेदार का घर पर आना हो सकता है।

मेष राशि अपने जीवनसाथी के मामले में गैर-जरूरी टांग अड़ाने से बचें. अपने काम-से-काम रखना बेहतर रहेगा. कम-से-कम दखल दें, नहीं तो इससे निर्भरता बढ़ सकती है. फौरी तौर पर मजे लेने की अपनी प्रवृत्ति पर काबू रखें और मनोरंजन पर जरूरत से ज्यादा खर्च करने से बचें. दोस्तों के साथ कुछ दिलचस्प और रोमांचक समय बिताने के लिए अच्छा समय है. खुशी के लिए नए संबंध की प्रतीक्षा करें. जब तक आपको तसल्ली न हो जाए कि सारा काम पूरा हो चुका है, दस्तावेज अपने वरिष्ठ को न दें. देर शाम तक आपको कहीं दूर से कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है.

वृषभ राशि / वृष राशि आज आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे. ऑफिस में किसी सहकर्मी से आपको मदद मिल सकती है. सेहत के मामले में आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे. जीवनसाथी के साथ घूमने का प्लान बनायेंगे. इससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा. इस राशि के स्पोर्ट्स से जुड़े लोग किसी नई एक्टिविटी में भाग ले सकते हैं. किसी काम में माता-पिता की सलाह फायदेमंद रहेगी. आज आप अपने करियर के बारे में सोच-विचार करेंगे. आपकी धन संपत्ति में बढ़ोतरी होने की संभावना है. शिवलिंग पर जल चढ़ाएं, रिश्ते बेहतर होंगे.

मिथुन राशि आज मुद्दों पर स्पष्टता से समस्या सुलझेगी. आप दोस्तों के साथ एक नया उद्यम शुरू कर सकते हैं और आपको उनका पूरा समर्थन मिलेगा. वित्तीय मामले आसानी से आगे बढ़ेंगे और शेयरों में कुछ निवेश भी किया जा सकता है. स्वभाव में चिड़चिड़ापन भी आ सकता है लेकिन कोशिश करें कि इसका असर दूसरों पर ना पड़ने दें. आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. मन्दिर में लड्डू का दान करें, आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी.

कर्क राशि अचानक आए खर्चे आर्थिक बोझ बढ़ा सकते हैं. माँ की बीमारी परेशानी दे सकती है. मर्ज का असर करने के लिए उनका ध्यान बीमारी से हटाकर किसी और चीज पर लगाने की कोशिश करें. आपकी यह कोशिश कारगर साबित होगी. आज अपने प्रिय को माफ करना न भूलें. कामकाज को लेकर दुःखी बैठने के लिए यह जीवन बहुत कीमती है. हालाँकि कई चीजें आपके धैर्य की परीक्षा लेंगी. जल्दबाजी में फैसले न करें, ताकि जिन्दगी में आगे आपको पछताना न पड़े.

सिंह राशि आज आपका रुझान आध्यात्म की तरफ हो सकता है. आपको सभी काम में सफलता मिलेगी. आज आप कार्यस्थल पर कुछ बदलाव कर सकते हैं, इससे आपको फायदा होगा. आज जिन स्टूडेंट्स का होम साइंस का एग्जाम है, उनका एग्जाम अच्छा जायेगा. परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा. दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे. कार्यक्षेत्र में आपको बढ़ोत्तरी के नये अवसर प्राप्त होंगे. लवमेट के लिए आज का दिन शुभ है. सामाजिक मेल- जोल के मौके मिल सकते हैं. विष्णु जी को पीले फूल अर्पित करें, घर में खुशियां बरकरार रहेंगी.

कन्या राशि आज आप अपने खान-पान और दिनचर्या के प्रति सजग रहें. धैर्य बनाए रखें ज्यादा खुश और अधिक परेशान होने से बचे. कुछ के लिए प्रेम संबंधों में मधुरता होती है. दोस्तों के साथ कहीं बाहर घूमने जाने का प्लान भी बन सकता है. शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से मनोनुकूल लाभ होगा. पुराना रोग उभर सकता है. महिलाएं व्रत खोलते समय चांद को सफेद बर्फी का भोग लगाएं ऐसा करने से आपके पति का प्यार आपके लिए कभी कम नहीं होगा.

तुला राशि इस तरह के विचारों से बचें, क्योंकि ये समय की बबार्दी करते हैं और आपकी क्षमताओं को खत्म करते हैं. आर्थिक समस्याओं ने रचनात्मक सोचने की आपकी क्षमता को बेकार कर दिया है. आपकी स्वच्छन्द जीवनशैली घर में तनाव पैदा कर सकती है, इसलिए देर रात तक बाहर रहने और ज्यादा खर्च करने से बचें. प्यार एक ऐसा जज्बा है जिसे न सिर्फ महसूस किया जाना चाहिए, बल्कि अपने प्रिय के साथ बांटना भी चाहिए. कामकाज में आ रहे बदलावों के कारण आपको लाभ मिलेगा. बातचीत में कुशलता आज आपका मजबूत पक्ष साबित होगी.

वृश्चिक राशि आज आपका कोई नजदीकी मित्र आपसे मिलने आ सकता है. आप उनसे अपनी कोई निजी बातें शेयर कर सकते हैं. इससे आपके मन का बोझ थोड़ा हल्का होगा. परिवार की उलझनों को सुलझाने में मदद मिल सकती है. छात्रों के लिए दिन ठीक है. पढ़ाई में आ रही बाधाएं किसी की मदद से दूर हो सकती है. आपको नतीजों की ज्यादा फिक्र ना करके अपने काम पर ध्यान देने की जरूरत है. बड़ों से आपको कोई खास सलाह मिल सकता है. आपको उनकी बातों पर गौर करना चाहिए. शिव मन्दिर में नारियल अर्पित करें, आपके साथ सब अच्छा होगा.

धनु राशि राजनीतिक मामलों में सफलता मिल सकती है. किसी बुजुर्ग रिश्तेदार की निजी समस्याओं में मदद करके आप उनका आशीर्वाद पा सकते हैं. भावनाओं के प्रवाह में बहकर आप कोई अविचारी कार्य न कर बैठें, इसका ध्यान रखें. सोच-समझकर खरीददारी करें. कोई बड़ा फैसला भी आप ले सकते हैं. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. नौकरी में समस्याएं रहेंगी. यात्रा यथासंभव टालें. पहले किसी कार्य में निवेश किये गये पैसों से आज आपको लाभ मिल सकता है.

मकर राशि मौज-मस्ती और मनपसंद काम करने का दिन है. आज आप काफी पैसे बना सकते हैं लेकिन इसे अपने हाथों से फिसलने न दें. पुरखों की जायदाद की खबर पूरे परिवार के लिए खुशी ला सकती है. रोमांटिक मुलाकात बहुत रोमांचक रहेगी, लेकिन ज्यादा देर के लिए नहीं होगी. कार्यक्षेत्र में आपको हर कोई गंभीरता से सुनेगा. उन लोगों पर नजर रखें जो आपको गलत राह पर ले जा सकते हैं या फिर ऐसी जानकारी दे सकते हैं जो आपके लिए नुकसानदेह साबित हो सकती है.

कुंभ राशि आज ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा. आपके काम समय पर पूरे होंगे. आपके सकारात्मक विचार किसी व्यक्ति को प्रभावित कर सकते हैं. आपकी मदद दूसरों के लिये फायदेमंद रहेगी. स्टूडेंट्स पढ़ाई को लेकर कुछ बदलाव कर सकते हैं. अपने कठिन विषयों को समझने के लिये किसी की मदद ले सकते हैं. घर के काम में जीवनसाथी की मदद मिलेगी. रिश्ते बेहतर रहेंगे. तुलसी जी के सामने घी का दीपक जलाएं, जीवन में सभी लोगों का सहयोग मिलता रहेगा.

मीन राशि आज कार्यक्षेत्र में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है. उद्यमियों के लिए नए क्षितिज खुल सकते हैं, जो उनके विकास के लिए आर्थिक तौर लाभकारी होगा. नौकरीपेशा जातक कार्यस्थल पर अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे. मन में बेचैनी बढ़ सकती है. आप किसी तरह का जोखिम भी ले सकते हैं. आज के विचार या सुझाव से आपका भला कम और नुकसान ज्यादा हो सकता है. व्यवहार कुशलता एवं प्रभावशाली वाणी के कारण प्रशंसा मिलेगी.

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

जिला मजिस्ट्रेट/लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा जनपद के 04 स्थायी आतिशबाजी अनुज्ञापियों के लाइसेंस किये गये रद्द।

समाज जागरण अभिषेक तिवारी

अमेठी प्रभारी अधिकारी आयुध/उप जिला मजिस्ट्रेट गौरीगंज ने अवगत कराया है कि जिला मजिस्ट्रेट/लाइसेंसिंग प्राधिकारी के आदेशानुसार विस्फोटक अधिनियम-1884 की धारा-6(ड) व सहपठित विस्फोटक नियम-2008 के नियम-118 में निहित प्राविधानों के आलोक में जनपद के 04 स्थायी आतिशबाजी अनुज्ञप्तिधारकों के लाइसेंस को रिवोक (रद्द) किया गया है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उक्त आदेश के क्रम में जाबिर अली पुत्र जामिन अली निवासी ग्राम शेखनगांव थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी के लाइसेंस संख्या-31 व 32, अलीबक्श पुत्र मोहम्मद बक्श निवासी ग्राम सिन्दुरवा थाना कमरौली जनपद अमेठी के लाइसेंस संख्या-210/1968, हामिद अली पुत्र

सुबराती निवासी ग्राम किशनी थाना बाजार शुकुल जनपद के लाइसेंस संख्या-208 को अनुज्ञापी के मृतक होने एवं गुलाम हैदर पुत्र नियामत (गुलाम रसूल) निवासी ग्राम रानीगंज थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी के लाइसेंस संख्या-135/187 को लाइसेंसी की आयु 80 वर्ष होने, आतिशबाजी निर्माण व विक्रय का कार्य न करने तथा लाइसेंस अनवीनीकृत होने के कारण रद्द किया गया है। इसी क्रम में उन्होंने सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट व क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया है कि वह उक्त आदेश से मृतक अनुज्ञापी के परिजनों को अवगत करायें तथा सभी लाइसेंसियों के कार्य स्थल/भण्डारण स्थल का भली-भाँति निरीक्षण कर लें, यदि अनुज्ञप्त परिसर में किसी भी प्रकार की विस्फोटक सामग्री अथवा पटाखे आदि उपलब्ध/भण्डारित हो तो उन्हें सीज कर, उसके व्ययन के लिए नियमानुसार आख्या उपलब्ध करायें।

आरटीआई कानून के 17 वर्ष पूरा होने पर गोष्ठी का आयोजन किया गया

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नजीबाबाद... आरटीआई कानून के 17 वर्ष पूर्ण होने पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें स्कूली बच्चों को उक्त कानून के बारे में विस्तार से बताया गया।

स्थानीय आचार्य आर एन केला इंटर कॉलेज में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के 17 वर्ष पूरा होने पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें उक्त कानून के बारे में स्कूली बच्चों को विस्तार से बताया गया गोष्ठी को संबोधित करते हुए आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने बताया कि उक्त कानून आज ही के दिन 12 अक्टूबर 2005 को देश में लागू हुआ था जिसके तहत कोई भी व्यक्ति जनहित की कोई भी जानकारी किसी भी विभाग से प्राप्त कर सकता है उन्होंने कहा कि देश के अधिकांश कानूनो में से अभी तक इस कानून के बारे में लोगों का रुझान ज्यादा हुआ है वहीं सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का मूल

उद्देश्य नागरिकों को सशक्त बनाना, सरकार की कार्यशैली में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना, भ्रष्टाचार को रोकना तथा हमारे लोकतंत्र को सही मायने में लोगों के लिए कार्य करने वाला बनाना है। अत स्पष्ट है कि सूचना प्राप्त कर जनमानस शासन प्रशासन के कार्यों पर नजर रखता है और सरकार को जनता के लिए और अधिक जवाबदेह बनाता है। यह अधिनियम नागरिकों को सरकार की गतिविधियों के बारे में जागरूक करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ भूपेंद्र सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में वास्तविक शक्ति जनता में निहित होती है भारत की संप्रभुता भारत के लोगों में निहित है और विधायिका कार्यपालिका का मुख्य कार्य जनकल्याण ही है निश्चित ही जनता को उसके प्रतिनिधियों और प्रशासन द्वारा किए गए प्रत्येक कार्य को जानने का अधिकार होना ही चाहिए।

इस अवसर पर शिक्षक रजनीश कुमार शैलेश कुमार,अभिनय मौर्य, विपिन कुमार, राजीव शर्मा तथा कॉलेज का स्टाफ उपस्थित था।

नगीना पुलिस ने किया अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश

विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नगीना ।पुलिस द्वारा अंतर्राज्यीय वाहन चोर गैंग का पदार्फाश करते हुए चार शातिर वाहन चोरों को चोरी के 15 दोपहिया वाहन तथा 4 अवैध शास्त्रों सहित गिरफ्तार किया गया तथा उनके साथी एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया आपको बता दें बिजनौर पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में वाहन चोर की घटनाओं पर अंकुश लगाने, वाहन चोरों की गिरफ्तारी एवं चोरी किए गए वाहनों की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर थाना नगीना पुलिस द्वारा नगीना रायपुर रोड से चेकिंग के दौरान घेराबंदी चार अभियुक्त मोंटी, अंकित, नेमीशरण और लक्की को चोरी की तीन मोटरसाइकिल व चार अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार किया गया तथा उनके एक अन्य साथी बाल अपचारी को पुलिस ने अभिरक्षा में लिया अभियुक्त की निशानदेही पर 12 अन्य दोपहिया वाहन नगीना नहटौर

मार्ग स्थित अभियुक्त नेमीशरण के होटल के पीछे स्थित गन्ने के खेत से बरामद किए गये। इस संबंध में नगीना देहात थाने पर अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया साथ ही अवैध शस्त्र बरामदगी के संबंध में भी चारों अभियुक्तों पर शस्त्र अधिनियम पंजीकृत किया गया।

कुछ शरारती तत्व दबंगई के बल पर गंदगी को दे रहे हैं बढ़ावा

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नजीबाबाद - जहां एक और सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अभियान चलाया जा रहा है वही कुछ शरारती तत्व अपनी दबंगई के बल पर सरकार की गाइडलाइनओ का उल्लंघन करते नजर आ रहे हैं आपको बता दे जहां केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा देश को स्वच्छ मिशन के तहत स्वच्छता की ओर ले जाया जा रहा है, तो वही सरकार के आदेशों का जमकर उल्लंघन भी किया जा रहा है पूरा मामला नगर नजीबाबाद के मोहल्ला रम्पुरा का है, जहां पर प्रतिदिन सड़क पर लगे टेलीफोन के खंभे के पास सुबह तड़के ही चोरी के छिपे से कूड़ा डाल दिया जाता है। जब की दीवार पर लगे बोर्ड में साफ-साफ लिखा है, कि कृपया यहां कूड़ा ना डालें अन्यथा कानूनी कार्रवाई होगी, के बाद भी वहीं पर कूड़ा डाल दिया जाता है। जिससे आसपास के घरों के स्वामी एवं आने जाने वालों को

परेशानी का सामना करना पड़ता है। और गंदगी होने के कारण बीमारी फैलने का भय बना रहता है और आवारा कुत्ते कूड़ा को इतना फैला देते हैं कि वह सड़क पर आ जाता है जिससे आने जाने वाले वाहन भी स्लिप होकर गिर जाते हैं और आए दिन कोई न कोई चोटिल हो जाता है इतना ही नहीं मोहल्ले में प्रतिदिन नगर पालिका की गाड़ी सायरन बजाते हुए अपने समय पर आती है, लेकिन कुछ शरारती (दबंग) किस्म के लोग अपनी दादा गिरी का रौब दिखाकर उक्त जगह पर ही कूड़ा डाल कर, कूड़ी घर बनाना चाहते हैं! कई बार समझाने पर भी स्थिति ज्यों की त्यों बनी है, यहां तक की कई बार कूड़ा डालने से मना करने पर झगड़े की नौबत भी आ जाती है, परंतु कुछ अज्ञात लोग प्रतिदिन सुबह सवेरे कूड़ा डालकर सरकार के मिशन को विफल करने में लगे हुए हैं तथा उन्हें कानूनी कार्यवाही का भी कुछ डर खौफ नही है। अब देखना यह है कि इस मामले में कौन अधिकारी सरकार की छवि को बरकरार रखता है और मोहल्ले वालों की इस समस्या को गंभीरता से लेकर समाधान कराता है।

भुवनेश सिंघल ने 132 पुरूषों को पेंट-शर्ट 84 महिलाओं को साड़ी वितरित की

(हरेश उपाध्याय)दिल्ली:-भाजपा उत्तरी-पूर्वी जिला के मंत्री भुवनेश सिंघल ने भजनपुरा स्थित जश्न पैलेस में वस्त्र वितरण का कार्यक्रम किया। भाजपा भजनपुरा मण्डल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सांसद मनोज तिवारी,पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू, जिलाध्यक्ष मोहन गोयल, विधायक अजय महावर, पूर्व जिलाध्यक्ष व विधानसभा प्रत्याशी रोशन कंसल, पूर्व जिलाध्यक्ष तेजपाल, निवर्तमान पार्षद रामराज तिवारी, रेखा सिन्हा, मण्डल अध्यक्ष राजसिंह रज्जु व जग्गू की लालटेन फिल्म के हीरो नीरज गुप्ता आदि नेतागण उपस्थित रहें।भुवनेश सिंघल ने बताया कि वस्त्र वितरण कार्यक्रम के दौरान भजनपुरा मण्डल क्षेत्र के 216 लोगों को वस्त्र वितरण किये गए। जिनमें 132 पुरुषों को पेंट-शर्ट व 84 महिलाओं को साड़ी वितरित की गईं।इस अवसर पर पत्नी सुरभि सहित पधारे सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि भुवनेश सिंघल भाजपा के निष्ठावान व समर्पित कार्यकर्ता तो हैं हीं साथ ही वो हमारी लोकसभा में निवास करने वाले देश के एक प्रसिद्ध कवि भी हैं।भुवनेश सिंघल की क्षमताएं और प्रतिभा हमने देखी है। हमें लगता है कि भुवनेश सफलता के शिखर तक जाएंगे। वहीं श्याम जाजू

ने कहा कि पर्वों के इस सीजन में क्षेत्र के लोगों को वस्त्रों का वितरण कर भुवनेश सिंघल ने जो सेवा कार्य किया है इससे लोगों के चेहरे और मुस्कान आएगी।विधायक अजय महावर ने कहा कि भुवनेश सिंघल मेरे क्षेत्र के ऐसे भाजपा कार्यकर्ता हैं, जो निरंतर पार्टी के लिए कुछ न कुछ करते ही रहते है।जिला अध्यक्ष मोहन गोयल ने कहा कि भुवनेश सिंघल मेरे जिले में मेरे मंत्री हैं और पार्टी द्वारा दी गई हर जिम्मेदारी को अच्छे से निभाते हैं।डाक्टर नीरज गुप्ता ने कहा कि भुवनेश सिंघल एक जन नेता है और इनके आह्वान पर लोग इनके साथ चलने को सदा तत्पर रहते हैं।इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष राजसिंह रज्जु, जिला महामंत्री यू के चौधरी, निवर्तमान पार्षद रामराज तिवारी, पार्षदा रेखा सिन्हा, पूर्व जिलाध्यक्ष रोशन कंसल, पूर्व जिलाध्यक्ष तेजपाल, जिला उपाध्यक्ष विजेंद्र वत्स, मण्डल प्रभारी नरेंद्र बेलवाल, मंडल महामंत्री हरीश पाल, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष चौधरी नरेंद्र मोरल,युवा मोर्चा अध्यक्ष छोटू पंडित, हरीश शर्मा, हैप्पी गुप्ता, मुन्नी लाल तिवारी, पूजा कौशिक, डॉ ए के मण्डल, ममता जोशी, रीता घनश्याल, शोभा द्विवेदी आदि सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्र के लोग उपस्थित रहें।

अमेठी में सड़क हादसे में दो युवक घायल : सड़क पर पशु से बाइक टकराई ग्रामीणों ने अस्पताल में कराया भर्ती बाजार से लौट रहे थे घर

समाज जागरण अभिषेक तिवारी

अमेठी कोतवाली क्षेत्र के मंगलपुर गांव के पास बाइक भैंस से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंम्भीर रूप से घायल हो गए । ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार बाइक सवार दो युवक अमेठी बाजार से जगन्नाथ जा रहे थे । रास्ते में मंगलपुर के पास अचानक सड़क पर भैंस आ गई। जिससे बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक

गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने दोनों घायल युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी में भर्ती कराया गया।

दोनों की घायल खतरे से बाहर घायल युवक की पहचान संजय कुमार पुत्र वीरू सरोज जगन्नाथ का पुरवा और दुसरे युवक की पहचान विकास पुत्र इंद्र पाल के रूप में हुई है। इमरजेंसी के डॉक्टर ने बताया गया कि हादसे में घायल दो युवक को अस्पताल लाया गया था। दोनों की स्थिति खतरे से बाहर है।

ट्रैक्टर में ट्रॉली लगाकर तथा मालवाहक वाहनों पर सवारी बैठाकर चलने से रोकथाम हेतु चेकिंग व जागरूकता अभियान के साथ रात्रि में दृश्यता के अभाव में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहनों में निःशुल्क रिफ्लेक्टर टेप लगवाये गये ।

समाज जागरण अभिषेक तिवारी

अमेठी पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल नेतृत्व में आज यातायात पुलिस व थानों द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु ट्रैक्टर में ट्रॉली लगाकर तथा मालवाहक वाहनों पर सवारी बैठाकर चलने से रोकथाम हेतु चेकिंग व जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें उक्त वाहनों में बैठे यात्रियों को उतरवा कर उन्हें दूसरे परिवहन के साधनों से उनके गंतव्य को भिजवाया गया एवं उक्त वाहनों पर कार्यवाही करते हुए उनके चालकों को भविष्य में ऐसा न करने हेतु हिदायत दी गयी साथ ही रात्रि में दृश्यता के अभाव में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहनों में निःशुल्क रिफ्लेक्टर टेप लगवाये गए । दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पाट स्थानों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया । मोटरसाइकिल एवं चार पहिया वाहनों के विरुद्ध भी चेकिंग अभियान चलाया गया । इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 177 वाहनों का चालान करते हुए 2,06,000/- रुपए जुमार्ना योजित किया गया ।

जनपद स्तरीय फसल अवशेष प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर नगीना।

कृषि विज्ञान केंद्र नगीना बिजनौर द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना अंतर्गत रसूलपुर, अफजलगढ में जनपद स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र नगीना की प्रभारी डॉ शकुंतला गुप्ता ने उपस्थित कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान भाई अपने फसलों के अवशेष जो बचते हैं उनका उपयोग अन्य तरीके अपनाकर सुरक्षित कर सकते हैं, एवं आमदनी में वृद्धि कर सकते हैं जैसे भ गेहूं के भूसे से, धान की पराली से मशरूम उत्पादन कर सकते हैं, साथ ही साथ पराली से गत्ते और जैसे उत्पाद बनाए जा सकते हैं।

कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के वैज्ञानिक डॉक्टर के के सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान साथियों अपनी फसलों के अवशेषों को ना जलाएं फसलों के अवशेषों को जलाने से मृदा, वायु ,वातावरण आदि में गंभीर नुकसान होते हैं। फसलों के अवशेषों को सुरक्षित बना करके रखें उससे अन्य तरीके अपना करके उनको अपने खेत की मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाएं साथ ही

साथ वातावरण को प्रदूषित होने से बचाएं। साथ ही डा. सिंह ने बताया कि किसान भाई अपनी खेती मे गेंहू, सरसो और मसूर की बायोफोटीर्फाइड प्रजातियो को शामिल करके उच्च उत्पादन के साथ साथ अतिरिक्त आय की प्राप्ति करे एवं गन्ना की उच्चउत्पादन तकनीक की अधिक जानकारी दी।

डॉक्टर पिंटू कुमार वैज्ञानिक कृषि विज्ञान नगीना बिजनौर ने किसानों से अनुरोध है क्या के किसान साथियों अपने खेतों में वर्तमान समय में 5 ग्राम ट्राइकोडर्मा प्रति लीटर पानी के दर से घोल बनाकर धान की फसल में छिड़काव करें जिससे कि उनकी लागत में कमी आई और साथ ही साथ गुणवत्ता युक्त उत्पादन हो, साथ उन्होंने यह भी बताया कि किसान साथियों वर्तमान में जो भी फसलें खड़ी हैं उनका कीट , बीमारियों का नियंत्रण वैज्ञानिक संस्तुति के आधार पर ही प्रयोग करे।डॉ. प्रतिमा गुप्ता ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान साथियों अपनी बागवानी की फसलों से उच्च उत्पादकता प्राप्त करने हेतु आप अब वैज्ञानिक तरीके अपनाएं और फसलों के अवशेषों को अपनी खेती में अवश्य मिलाएं ।

प्रधान रईस अहमद ने उपस्थित किसानो को धन्यवाद देते हुए कहा कि वर्तमान समय पर किसान भाई सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ का फायदा ले।

आर्वटित पट्टे की जांच करने के लिये पहुँची टीम

विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

बढ़ापुरः थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली खो नदी के किनारे खनन के आर्वटित पट्टे की जांच करने के लिये पहुँची टीम में उपजिलाधिकारी नगीना के साथ वन विभाग,पुलिस व एनजीटी की टीम ने मौके पर जांच कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित करने की बात कही है।

गौरतलब है कि थाना क्षेत्र के खो नदी के किनारे खनन के लिये पट्टों का आवंटन किया गया था। जिसमे कुछ समय खनन किये जाने के बाद शिकायतो का दौर शुरू हो गया था। बताया जा रहा है कि हाल ही में थाना नगीना देहात(रायपुर) के अंतर्गत आने वाले गांव कोटकादर निवासी गौतम शर्मा द्वारा एन जी टी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) में शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिसमे कहा गया था कि खो नदी में हो रहे खनन से पर्यावरण को हानि पहुँच रही है। शिकायत की गम्भीरता को देखते हुए

एन जी टी की टीम सहित उपजिलाधिकारी नगीना शैलेंद्र कुमार,बढ़ापुर वन रेंज के वन क्षेत्र अधिकारी कपिल कुमार, थाना प्रभारी अनुज कुमार तोमर पुलिस बल के साथ संयुक्त टीम का हिस्सा बनकर बुधवार को मौके पर जांच करने के पहुच गए। उपजिलाधिकारी नगीना,वन विभाग,पुलिस व एन जी टी की टीमों को देखकर ग्रामीण सकते में आ गये। जांच टीमों द्वारा बढ़ापुर थाना क्षेत्र सहित नगीना देहात थाना क्षेत्र में भी जांच की गई। जांच टीम जांच उपरांत वापस लौट गई। इस बाबत जब जांच टीम से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट विभागीय उच्च अधिकारियों को प्रेषित की जाएगी।

इस बाबत जब उपजिलाधिकारी नगीना शैलेंद्र कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शिकायत कर्ता की शिकायत पर एनजीटी की टीम सहित वन विभाग व पुलिस के साथ स्थलीय निरीक्षण कर जांच रिपोर्ट तैयार की गई है।

अवैध शस्त्रो सहित चार शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

मिली जानकारी के अनुसार बिजनौर के थाना नगीना पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर गैंग का पदार्फाश करते हुए चार शातिर वाहन चोरों को चोरी की 15 दोपहिया वाहन व 4 अवैध शास्त्रों सहित गिरफ्तार किया गया है और उनके साथी एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है जनपद बिजनौर के एसपी दिनेश सिंह द्वारा जनपद में वाहन चोर की घटनाओं पर अंकुश लगाने, वाहन चोरों की गिरफ्तारी चोरी किए गए वाहनों की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर थाना नगीना पुलिस ने नगीना रायपुर रोड से चेकिंग के दौरान घेराबंदी चार अभियुक्त मोंटी, अंकित, नेमीशरण और लक्की को चोरी की 15 मोटरसाइकिल व चार अवैध शस्त्रों सहित गिरफ्तार किया गया है उनका एक अन्य साथी बाल अपचारी को पुलिस ने अभिरक्षा में लिया अभियुक्त की निशानदेही पर 12 अन्य दोपहिया वाहन नगीना नहटौर मार्ग स्थित अभियुक्त नेमीशरण के होटल के पीछे स्थित गन्ने के खेत से बरामद किए गये। इस चोर गैंग ने हरिद्वार वे अमरोहा भी जिले में भी चोरी की काफी वारदात की है पुलिस अधीक्षक बिजनौर ने नगीना पुलिस की इस सराहनीय कार्य को देखते हुए नगीना पुलिस को बधाई देते हुए ₹25000 का नकद इनाम देने की घोषणा की है इस संबंध में नगीना देहात थाने पर अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है

आमिर खान के विज्ञापन पर विवाद, नरोत्तम मिश्रा दी,नसीहत

(हरेश उपाध्याय) दिल्ली:-आमिर खान का हाल ही में कियारा आडवाणी के साथ एक प्राइवेट बैंक का विज्ञापन आया है। जिसका अब विरोध होने लगा है और इस ऐड पर सामाजिक भावनाएं आहत करने जैसे गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। इस क्रम में अब मध्य प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने भी विज्ञापन पर ऐतराज जताया है।बॉलीवुड पर पिछले कुछ समय से धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप लग रहे हैं।फिल्म आदिपुरुष को लेकर छिड़ा विवाद अभी थमा नहीं था कि अब 'मिस्टर परफेक्शनिस्ट' आमिर खान भी धार्मिक भावनाओं को आहत करने जैसे आरोपों में घिर गए हैं।दरअसल, हाल में ही उनका कियारा आडवाणी के साथ आए एक प्राइवेट बैंक का विज्ञापन आया है। जिसका अब विरोध होने लगा है।इस ऐड पर सामाजिक भावनाएं आहत करने जैसे गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं।इसी क्रम में अब मध्य प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने भी विज्ञापन पर ऐतराज जताया है।इतना ही नहीं,उन्होंने आमिर खान को धार्मिक भावनाओं को आहत न करने की नसीहत भी दे डाली। नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि आमिर खान ने एक निजी बैंक के विज्ञापन में गृह प्रवेश को लेकर जिस तरह का संदेश दिया,वो आहत करने वाला है।ऐसा धार्मिक आस्थाओं व रीति रिवाजों पर सीधा प्रहार है। मुझे इस संबंध में शिकायत भी मिली है।मेरा तो आमिर खान जी से यही कहना है कि वह जो भी फिल्में व विज्ञापन करें।उसमें भारतीय परंपराओं और संस्कारों का ध्यान रखें। कोई ऐसा काम नहीं करें कि जिससे किसी की भी धार्मिक भावनाएं आहत हो।लगातार तोड़मरोड़ कर अभिनय कर वह धर्म विशेष की भावनाओं को आहत करने का प्रयास कर रहे हैं,जोकि सरासर गलत है।

सुरक्षा के अभाव में नही हो सकी नीलामी

समाज जागरण अभिषेक तिवारी

अमेठी के भेंटुआ विकास खण्ड अधिकारी कार्यालय भेंटुआ के परिसर में मौजूद 80 वृक्षों की मंगलवार दो बजे होने वाली नीलामी सुरक्षा के अभाव में फिलफाल टाल दी गई निर्णायक मंडल में शामिल बीईओ भेंटुआ डॉ सन्तोष कुमार यादव , प्रभारी सीडीपीओ पुष्पा मिश्रा , पशु चिकित्सा अधिकारी सन्तोष चौधरी , खंड विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र सिंह ने बताया कि भेंटुआ में पेड़ों की नीलामी हेतु पर्याप्त पुलिस फोर्स का इंतजाम नहीं हो सका जिसके चलते नीलामी को टालना पड़ा । अधिकारियों ने नीलामी की अगली तारीख नौ नवम्बर 2022 को अपरान्ह दो बजे निर्धारित की है। उन्होंने उम्मीद जाहिर की है कि तय तारीख को नीलामी में पर्याप्त पुलिस फोर्स का इंतजाम रहेगा। जिससे नीलामी सकुशल संपन्न हो सकें ।

मेहंदी लगवाने के लिए बाजारों व पार्लरों में उमड़ी भीड़ मेहदी लगाने वाले मनमानी पैसे वसूल रहे हैं

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी

नोएडा सुहागिनों का सबसे महत्वपूर्ण त्यौहार करवाचौथ कल है। करवाचौथ पर मेहंदी लगवाने के लिए सुहागिनों की भीड़ आज सुबह से ही शहर के पार्लरों व बाजारों में उमड़ पड़ी है। करवाचौथ पर बाजारों तथा पार्लरों में भी मेहंदी तथा चूड़ी के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। माकेर्टों में तो कहीं-कहीं टेंट लगाकर भी मेहंदी लगाई जा रही है।

मेहंदी लगवाने आई पूजा बेरी ने बताया कि शाम को तो पार्लरों व बाजारों में अत्यधिक भीड़ रहेगी इसलिए सुबह ही मेहंदी लगवा ली। शहर के हर बाजार व पार्लर में मेंहदी लगवाने के लिए पैसे भी कुछ ज्यादा ही लिए जा रहे हैं। 100 रुपये से लेकर 500 रुपए तथा कहीं-कहीं तो 1000 रुपए भी चार्ज किए जा रहे हैं।

इंटरनेशनल कब्बड़ी प्लेयर सरोज भाटिया ने भी सुबह ही मेहंदी लगवा ली। सरोज ने बताया कि करवाचौथ का त्यौहार एकदम खास है। अतः भीड़ से बचने के लिए सुबह ही मेहंदी लगवाने चली आई।

नोएडा निवासी ऊर्जा गुप्ता ने बताया कि करवाचौथ के लिए मेहंदी तो सबसे महत्वपूर्ण शगुन है अभी उनके बच्चे छोटे हैं इसलिए उन्हें स्कूल भेजते ही सबसे पहले मेहंदी लगवाई। ताकि बाकी तैयारियों के लिए समय मिल जाये। हेमा गढ़वाली हैं ससुराल पंजाबी। पंजाबियों में तो करवाचौथ बहुत ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। हेमा का यह पहला करवा चौथ है इसलिए मायके में व्रत कर शाम को ही ससुराल जाएंगी तो उन्होंने पहले ही स्पेशल मेहंदी लगवा ली है।

उधर बाजार में मेहंदी लगाने वाले भी मनमानी कीमत वसूल रहे हैं। लेकिन इन कीमतों के आगे विवाहिताओं का उत्साह कहीं भी कम नजर नहीं आ रहा है।

आवासीय कल्याण समिति शिव शक्ति अपार्टमेंट सेक्टर 71 ने किया सुन्दर काण्ड का आयोजन

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी

नोएडा सेक्टर 71 शिव शक्ति अपार्टमेंट मे नवनियुक्त आर डब्ल्यू ए ने सुन्दर काण्ड का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम मे सभी नवनिर्वाचित आर डब्ल्यू ए के सदस्यगण का स्वागत

एवं अभिनंदन सुंदरकांड समिति आवासीय कल्याण समिति शिव शक्ति अपार्टमेंट सेक्टर 71 नोएडा द्वारा किया गया।

जिसमें आर डब्ल्यू ए के अध्यक्ष एवं सुंदरकांड समिति के संरक्षक जगदीश यादव जग्गा एवं सुंदरकांड समिति के अध्यक्ष राजेश शुक्ला, विपुल विकास, राजेश कुमार, विशाल सिंह, बालिस्टर पांडे, अनिल पाठक, आचार्य संदीप पांडे, ठाकुर प्रसाद तिवारी,एवं समस्त सेक्टर के सभी सम्मानित गण उपस्थित रहे।

सुन्दर काण्ड का आयोजन बहुत भव्य तरीके से किया गया। तत्पश्चात आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। यह कार्यक्रम सभी के सहयोग से किया गया।

1500 मतदाताओं के आधार पर सम्भाजन उपरांत अनुमोदित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार मतदेय स्थल

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी

नोएडा भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के निदेर्शों के क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर वंदिता श्रीवास्तव ने सर्व साधारण का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा मतदेय स्थलों का सम्भाजन अधिकतम 1500 मतदाताओं के आधार पर कराने के निर्देश दिये गये थे। उन्होंने बताया कि प्राप्त निदेर्शों के क्रम में जनपद में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कराते हुए 1500 मतदाताओं के आधार पर सम्भाजन कराकर आयोग से अनुमोदन प्राप्त करने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ को भेजा गया था। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा 1500 मतदाताओं के आधार पर भेजे गये मतदेय स्थलों को अनुमोदित कर दिया गया है। अनुमोदन उपरान्त वर्तमान में विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार नोएडा-61 में 697, दादरी-62 में 605, जेवर-63 में 395 मतदेय स्थल है।

एबीवीपी ने किया रक्त गट प्रक्षिण का आयोजन

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नजीबाबाद आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सेवार्थ विद्यार्थी एसएफएस के द्वारा मूर्ति देवी सरस्वती इंटर कॉलेज में रक्तगट परीक्षण शिविर जीवनी का आयोजन प्रांत सह संयोजक फार्मा विजन अभिषेक त्यागी के देख रेख में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉक्टर जुबेर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नजीबाबाद,फार्मासिस्ट अनिल

कौशिक,विशिष्ट अतिथि अनुपम महेश्वरी प्रधानाचार्य मूर्ति देवी सरस्वती इंटर कॉलेज,अनिल योगी रहे। प्रांत सह संयोजक फार्मा विजन अभिषेक त्यागी ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का २.I.२. के अंतर्गत 11 से 18 अक्टूबर तक रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन अनेकों विद्यालय में किया जाएगा। जिसमें सभी छात्र छात्राओं का अध्यापकों का ब्लड ग्रुप जांच कर उनका रजिस्ट्रेशन ब्लड डोनेशन के लिए किया जाएगा। रक्त गट परीक्षण शिविर में लैब टेक्नीशियन विजय कुमार,लैब टेक्नीशियन पवन कुमार ने आज सभी का रक्त गट का परीक्षण किया। विनायक गुप्ता ने बताया जल्दी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नजीबाबाद में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन करेगी किसी भी व्यक्ति को अगर रक्त की आवश्यकता पड़ती हो तो वह विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं से संपर्क कर सकते है। शिविर के दौरान नगर मीडिया संयोजक नीरज राठौड़,ऐश्वर्य ऐरन,बंटी चौहान, अशकर आलम,उत्सव कुमार, कृष्ण कुमार,प्रमोद कुमार, देव कुमार त्यागी, योगेंद्र त्यागी व कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा

निपुण भारत पहल

मोमबत्ती का टीएलएम बनाकर बच्चों को बताया दीपावली का महत्व

हनुमानगंज शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अलावलपुर की पहल, प्रधानाध्यापक प्रदीप यादव के निर्देशन में सहायक शिक्षिका अंजली तोमर का कमाल

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : दीपावली से पूर्व दिया और मोमबत्ती का टीएलएम बनवा कर बच्चों

को बताया दीपावली का महत्व शिक्षा क्षेत्र हनुमानगंज के प्राथमिक विद्यालय अलावलपुर में बताया गया। बताया गया कि धरा से तम को मिटाने का पर्व है दीपावली। यह एक ऐसा पर्व जो अंधकार को मिटाकर जीवन को प्रकाशपुंज की ओर ले जाता है।

इस पर्व के महत्व को बच्चों को समझाने के लिए प्राथमिक विद्यालय अलावलपुर हनुमानगंज बलिया की सहायक अध्यापिका कुमारी अंजली तोमर ने चार्ट पेपर के माध्यम से दीपक और मोमबत्ती का टीएलएम बनाकर दिखाया और सभी बच्चों से भी बनवाया। निपुण भारत अभियान के क

रम में आयोजित कार्यक्रम ने पूरे स्कूल के बच्चों को यह बताई कि दीपावली की पूर्व दिवस पर सभी अपने घर से एक एक दीपक बनाकर लाना है। जिससे दो संदेश समाज को मिलेगा एक तो स्वदेशी अपनाओ अभियान को

बाइक चुरा चोरों ने दी नवागत थानाध्यक्ष को सलामी

संतोष कुमार द्विवेदी, दैनिक समाज जागरण

नगरा (बलिया) : नगरा थाने का प्रभार ग्रहण करने के दूसरे ही दिन बुधवार को चोरों ने बाइक चोरी कर नवागत थानाध्यक्ष को सलामी दे दी है। पीड़ित ने बाइक चोरी की तहरीर दी है।

भीमपुरा थाना क्षेत्र के सिऊरा गोपालपुर निवासी दीपक चौहान पुत्र राम वचन चौहान नगरा आया था और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया नगरा के बाहर अपनी बाइक खड़ी कर एटीएम में चला गया और पैसा निकालने के बाद बाहर आया तो उसकी बाइक गायब थी। उसने अपनी बाइक को इधर उधर ढूंढा और आसपास के लोगों से पूछताछ की लेकिन बाइक का पता नहीं चला। पीड़ित ने पुलिस को बाइक चोरी की तहरीर दे दी है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

विकासखंड के डवाकरा हाल में प्रधानों की बैठक, ब्लॉक अध्यक्ष ने बीडीओ को दिया ज्ञापन

ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण

गड़वार (बलिया) : ब्लॉक के डवाकरा हाल में बुधवार को ब्लॉक के ग्राम प्रधानों की एक आवश्यक बैठक की गई। बैठक के उपरांत प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अनिल यादव के नेतृत्व में ब्लॉक के ग्राम प्रधान ने ब्लॉक कार्यालय पर बीडीओ रमेश कुमार यादव को एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है कि मनरेगा सेल द्वारा कर्तव्यों से विचलित होकर कर्मचारी द्वारा समय से मस्टररोल व आईडी बिना धनउगाही के नहीं दिया जाता है। सभी प्रधानों का नाम व पता ,मोबाइल नंबर डवाकरा हाल में पूर्व की भांति अंकित किया जाए।तथा सरकारी योजनाओं के बारे में सचिव द्वारा सूचना का आदान प्रदान प्रधान के माध्यम से न किया जाना आदि बिंदुओं से अवगत कराया।साथ ही कहा कि अगर उपरोक्त सभी बिंदुओं का निस्तारण एक सप्ताह के अंदर नहीं किया जाएगा तो प्रधान संघ के नेतृत्व में समस्त प्रधान आंदोलन करेंगे। पत्रक लेने के उपरांत बीडीओ ने कहा कि ब्लॉक के किसी कर्मचारी द्वारा अगर धनउगाही की जांचोपरांत सत्यता साबित होती है तो ऐसे कर्मचारियों के विरुद्ध तुरंत मुकदमा कायम करवाया जाएगा। वहीं बाकी बिंदुओं का भी जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिए। इस मौके पर उपाध्यक्ष युगुल किशोर यादव, ओमप्रकाश वर्मा, संजय कुमार, अरविंद यादव, राहुल पासवान, प्रभुनाथ राजभर, शिवजी, राधेश्याम वर्मा, चन्द्रमणि चौहान, सतेंद्र यादव, सदरे आलम सहित तमाम प्रधान उपस्थित रहे।

सुबह से ही शुरू हो जाता है शराबियों का उत्पात

विवेक पांडेय, दैनिक समाज जागरण

दुबहर (बलिया) : थाना अंतर्गत सवरुबांध ढाले से बन्धुचक सम्पर्क मार्ग पर जो राष्ट्रीयराजमार्ग 31 से मात्र 100 से 120 मीटर की दूरी पर कोदई ब्रह्म बाबा के समीप देशी शराब की दुकान है जो राधाकृष्ण विद्यालय की बाउंड्री से लगा है। इसी मार्ग पर बनवारीलाल पाण्डेय बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज है । यहां पर शराब की दुकान पर शराब पीने वालों का सुबह से ही ताता लग जाता है , ये लोग शराब लेकर सड़क पर , ब्रह्म बाबा के चबूतरे पर बैठकर दारू पीते रहते है। विद्यालय आने जाने वाली लड़कियों , राहगीरों को आने जाने में बहुत परेशानी होती है । पियक्कड़ों का वहां सुबह से ही गाली गलौज मारपीट चालू हो जाता है । कई बार तो विद्यालय की छात्राएं इनलोगो के डर के मारे विद्यालय नही जा पाती है । बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रिंसिपल द्वारा कई बार इसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों व थाने पर की गई है । गांव के लोग बताते है कि यह दुकान दूसरे गांव के नाम पर आवंटित है , पुलिस व आबकारी विभाग के अधिकारियों तथा शराब की दुकान मालिक की मिलीभगत से यह दुकान अवैध स्थान पर लगी है । विद्यालयों व वह लोगो ने इसको अन्यत्र स्थान पर स्थान्तरित करने की मांग की है ।

कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण गड़वार (बलिया) : क्षेत्र के बरवां गांव में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें खिलाड़ियों ने जीत के लिए दमखम दिखाया। मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष प्रियंका दुबे ने फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का आगाज किया। इस कबड्डी प्रतियोगिता में 8 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला बरवां व बजहां गांव के बीच खेला गया। बजहां ने रोमांचक मुकाबले में अपने प्रतिद्वंदी टीम बरवां को हराकर जीत दर्ज की। मुख्य अतिथि द्वारा ग्यारह हजार रुपए देकर आयोजक मंडल को देकर उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला मंत्री गीता वर्मा, महिला मोर्चा की मंत्री सीमा यादव व समाजसेवी रेशमा खातून आदि उपस्थित रहीं।

सातवीं ओपन एसएसकेएफआई जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता सम्पन्न

जिलस्तरीय प्रतियोगिता शहर के अग्रवाल धर्मशाला में कराटे के खिलाड़ियों का दिखा दम

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : सोतोकान कराटे एसोसिएशन के तत्वाधान में आज सातवीं एसएसकेएफआई जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन जनपद मुख्यालय के चौक विजय सिनेमा रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला में किया गया। इस प्रतियोगिता में जनपद के 10 विद्यालयों के बालक-बालिकाओं ने मनोयोग से प्रतिभाग किया। सनबीम स्कूल अगरसणडा, द होराइजन स्कूल गड़वार, राजश्री पब्लिक स्कूल नगवां, गुरुकुल विद्यापीठ गड़वार, विहान पब्लिक स्कूल, रसड़ा,कराटे अकेडमी, बलिया कराटे अकेडमी आदि विद्यालयों के छात्र, छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक अपने नाम किये। पदक जितने वालो में हनी सोनी, दिव्यांगी सिंह, जिज्ञासा, विशाल सिंह, श्रीया गुप्ता, वैभव गुप्ता, अर्थ, सौम्या सिंह आरुष कुशवाहा, रामकृष्ण सिंह, बेबी राय, गोल्ड ,सिल्वर मेडल अमृत प्रभात रंजन, मानसी श्रीवास्तव, आदया सिंह, वर्तिका यादव, विशाल सिंह। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परमेश्वरन श्री, विशिष्ट अतिथि प्रिंसिपल गुरुकुल विद्यापीठ धर्मेंद्र पटेल, वरिष्ठ पत्रकार समाज जागरण के ब्यूरो चीफ शशिकांत ओझा ने सभी विजेता खिलाड़ियों को पदक देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने सम्बोधित करते हुए कहा

विजेता को पुरस्कार देते वरिष्ठ पत्रकार शशिकांत ओझा

की कराटे खेल को बलिया में आज से 10 साल पहले कोई नहीं जनता था। आज बलिया में कराटे को लोग जानने लगे तो यह एलबी रावत को श्रेय जाता है। विशिष्ट अतिथि अनिर्बन साहा प्रिंसिपल गुरुकुल विद्यापीठ गड़वार ने कहा की कराटे हर विद्यालयों में सिखाया जाना चाहिए इससे सेल्फ डिफेन्स के साथ ही साथ शारीरिक मजबूती भी प्रदान करेगा। इस कार्क्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से कमल यादव, संजय पासवान, अर्जुन पाण्डेय, सुशील उपाध्याय, सुमित पाठक, प्रीतम वर्मा, निक्की यादव, राजेश यादव, वारिश अली, विपिन चौबे, मुकेश,सुजल रावत, तथा बनारस से शिवम् विश्वकर्मा, धनञ्जय पाठक का विशेष योगदान रहा। इस एसोसिएशन के सचिव एल बी रावत ने बताया है की जो खिलाडी गोल्ड, सिल्वर, ब्रांज पदक जीते है। कराटे एसोसिएशन बलिया के अध्यक्ष कुंवर अरुण सिंह तथा बलिया सोतोकान कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद सराफ ने खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। एलबी रावत ने बताया की आमंत्रण गेम में इनका 14वां एसएसकेएफआई राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ है 15 से 16 अक्टूबर को बनारस में होने वाले प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

बलिया निवासी डा. राजेश पाठक को मिला बेस्ट यंगेस्ट वाइस चांसलर पुरस्कार

कृष्ण कुमार पांडेय, दैनिक समाज जागरण

बांसडीह (बलिया) : राजस्थान के ओपीजेएस यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर बलिया निवासी डा राजेश कुमार पाठक को बेस्ट यंगेस्ट वाइस चांसलर 2022 के अवार्ड से सम्मानित किया गया है। डा पाठक को यह सम्मान टोपनोच टेक्नोलॉजी (मुंबई) द्वारा गठित देश के शिक्षाविदों और बुद्धिजीविओं की कमेटी ने दिया है।

यह अवार्ड पाठक को शिक्षा के क्षेत्र में लगातार उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया हैं। डा राजेश कुमार पाठक का जन्म उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के पठखौली गांव में हुआ था। बचपन से ही उन्होने कठिन परिश्रम और ईमानदारी से समाज में शिक्षा के क्षेत्र में कुछ ईमानदार पहल करने की ठानी। जिसके चलते 22 सालों की ईमानदारी और कठिन प्रयासों ये वो शिक्षा के

अमूल चूक परिवर्तन करने में सहायक बने। अपने करियर के दौरान डा पाठक ने कई शैक्षणिक संस्थाओ में एडवाइजर, डायरेक्टर, डायरेक्टर जनरल, कैम्पस डायरेक्टर, प्रो वाइस चांसलर, जैसे उच्च पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके है। छत्तीसगढ़ के श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में सबसे कम उम्र के वाइस चांसलर के रूप में डा पाठक के उत्कृष्ट प्रशासनिक और शैक्षणिक क्षमता एंव उच्च शोध कार्य का अवलोकन के उपरांत बेस्ट यंगेस्ट वाइस चांसलर अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया है। इससे पहले भी उन्हें कई सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। वही जब डॉ पाठक से उनकी इस सफलता के इसके बारे में पूछा गया तो उन्होने इसका श्रेय अपने माता-पिता ,परिवार के सदस्य और दोस्तों तो दिया। उन्होने कहा कि माता-पिता ,परिवार के सदस्य और दोस्तों का अटूट विश्वास और प्रोत्साहन हमेशा उनको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता रहा है।

ग्रापए तहसील इकाई की बैठक संपन्न, प्रदेश अध्यक्ष ने किया सहभाग

रजनीश श्रीवास्तव, दैनिक समाज जागरण

सिकन्दरपुर (बलिया) : स्थानीय मिलन वाटिका में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई सिकंदरपुर की बैठक आयोजित की गई । जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष बलिया शशिकांत मिश्रा व ब्यूरो चीफ हरि नारायण मिश्रा तथा प्रभारी निरीक्षक सिकंदरपुर योगेश यादव रहे। कार्यक्रम की शुरूआत ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के के सदस्यों द्वारा सभी अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार ने कहा कि ग्रामीण पत्रकारों का उत्पीड़न कभी भी बर्दाश्त नही किया जाएगा। ग्रामीण पत्रकारों के हितों की लड़ाई ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन संसद से लेकर कोर्ट तक लड़ेगा। यदि जरूरत पड़ी तो सड़क पर भी उतर कर संघर्ष किया जाएगा। वही सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से सिकंदरपुर तहसील का अध्यक्ष बिजेंद्र नाथ सिंह को चुना गया। तत्पश्चात सभी सदस्यों ने अध्यक्ष विजेंद्र नाथ सिंह का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान ग्रापए के जिलाध्यक्ष शशिकांत मिश्रा ने उक्त कार्यकारिणी के गठन पर अपनी संसुती देते हुए सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर अजय तिवारी, नारायण पांडे, रमेश जायसवाल, संजीव सिंह, अरविंद पांडे, नवीन कुमार सिंह, दिनेश जयसवाल, रजनीश श्रीवास्तव, इमरान खान, मोहम्मद आरिफ, बख्तियार खान, मनीष गुप्ता, जितेंद्र राय, ज्ञान प्रकाश, रजनीश कुमार,आशुतोष कुमार मिश्रा, सार्थक राय,समीर कुमार,राकेश श्रीवास्तव, सनोज कुमार, जितेंद्र राय आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार शंभू नाथ मिश्रा व संचालन तहसील अध्यक्ष बृजेंद्र नाथ सिंह ने किया।

किसानों के कल्याण को बना केंद्र झाड़ झंझाड़ में तब्दील

संतोष कुमार द्विवेदी, दैनिक समाज जागरण

नगरा (बलिया) : सरकार किसानों के लिये नयी नयी योजनाएं लागू कर उन्हे आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। वहीं विभागीय अधिकारियों की लापरवाही व उपेक्षा से किसानो के कल्याण हेतु बनाये गये केंद्र शोपीस बन कर झाड झंझाड केंद्र बन गये हैं।

क्षेत्र के गौरीटार में 80 लाख रुपये से निर्मित किसान कल्याण केंद्र झाड झंझाड केंद्र में तब्दील होकर शोपीस बन गया है। वर्ष 2019-20 में इस

केंद्र का लोकार्पण तत्कालीन भाजपा विधायक धनंजय कन्नौजिया ने किया था। इस केंद्र के निर्माण के पीछे सरकार की मंशा थी कि यहीं से स्टोर कर खाद व बीज का वितरण किया जाय। समय समय पर क्षेत्रीय किसानों की बैठक भी इसी केंद्र में होनी थी।केंद्र का निर्माण तो कर दिया गया किंतु किसी कर्मचारी की नियुक्ति यहां पर नही की गयी। नगरा के सीड स्टोर इंचार्च को ही इसका प्रभारी बना दिया गया। इस केंद्र से महज तीन किलोमीटर दूर नगरा मुख्यालय पर पहले से ही स्टोर है। जबसे यह केंद्र बना है तबसे खुलता ही नही है। न तो केंद्र के बाहर भीतर सफाई ही होती है। नतीजतन चारो तरफ झाड झंझाड उग आये हैं। क्षेत्रीय किसानों का कहना है संबंधित अधिकारियों से बार बार कहने के बाद भी कोई ध्यान नही देता है। किसानो ने चेताया है कि यदि उक्त कल्याण केंद्र की साफ सफाई कर शीघ्र चालू नही किया गया तो आंदोलन शुरू किया जाएगा। एडीओ एजी रमाकांत राम का कहना है कि केंद्र पर किसी कर्मचारी की नियुक्ति नही है। नगरा के इंचार्ज को भी वहां का अतिरिक्त प्रभार मिला है। नगरा मे पहले से ही स्टोर है। जब कर्मचारी ही नही हैं तो साफ सफाई कैसे होगी।

रामलीला : अहिल्या उद्धार की कथा का जीवंत मंचन

ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण

गड़वार (बलिया) : कस्बा के रामलीला मंच पर चल रहे रामलीला के क्रम में मंगलवार की रात में सीता उत्पति,अहिल्या उद्धार, ताड़का,मारीच व सुबाहु वध का सजीव व जीवंत मंचन किया गया।

लीला का शुभारंभ समाजसेवी अजय सोनी व रिंकू उपाध्याय ने संयुक्त रूप

से दीप प्रज्वलित कर किया।लीला में दिखाया गया कि जनकपुर में बारिश न होने के कारण अकाल पड़ गया है।अकाल के कारण प्रजा को व्याकुल होता देख जनक व्यथित हो गए हैं।तभी आकाशवाणी होती है कि जब जनक रानी के साथ में सोने के हल से खेत की जुताई करेंगे तो राज्य में बारिश होगी।तब वो लोग खेत की जुताई करते हैं तभी हल का फल एक घड़े से टकरा जाता है घड़ा बाहर निकाला जाता है तो उसमें से माता सीता का जन्म होताहै।राज्य में बारिश शुरू हो जाती है।प्रजाजनों में प्रसन्नता छा जाती है।वहीं दूसरी ओर महर्षि विश्वामित्र के यज्ञ को राक्षसों ने किस प्रकार भंग किया,उसके दृश्य भी मंचित किए गए।राक्षसों के आतंक से तंग होकर विश्वामित्र राजा दशरथ की शरण में श्रीराम व लक्ष्मण को लेने अयोध्या जाते हैं और राजा दशरथ से राक्षसों द्वारा धार्मिक अनुष्ठान भंग करने का हाल सुना कर राम और लक्ष्मण को यज्ञ की रक्षा के लिए अपने साथ ले जाने के लिए आग्रह करते हैं।दशरथ पहले उन्हें अपने पुत्रों के छोटे होने का हवाला देकर उनके साथ भेजने से मना कर देते हैं बाद में गुरु वशिष्ठ के समझाने पर मान जाते हैं।वहाँ पहुंचकर राम व लक्ष्मण ताड़का,सुबाहु व मारीच का वध कर देते हैं।लीला के क्रम में राजा जनक द्वारा विश्वामित्र को स्वयंवर में आने के लिए निमंत्रित करना,

जनकपुर जाते समय भगवान राम के चरण कमल पाषाण पर पड़ते ही पाषाण बनी अहिल्या का श्राप मुक्त हो बैकुंठ चले जाना व गंगा स्नान कर जनकपुर पहुचने की लीला भी मंचित की गई।उसके बाद लीला समाप्त हो जाती है। जनक की भूमिका गुन्नु ने,विश्वामित्र की सोनू तिवारी,श्रीराम धनजी शर्मा,लक्ष्मण तुषार सिंह,वशिष्ठ का सतीश उपा०,ने दशरथ राकेश सिंह,ताड़का का नितेश गुप्ता,सुबाहु संजय गुप्ता व मारीच मिंटू सिंह ने निभाया।व्यास गद्दी पर मोती पटेल रहे।अध्यक्ष अमित कुमार सिंह व्यवस्था में लगे रहे।

निशुल्क चिकित्सा शिविर

ढलती उम्र में गठिया रोग का होता है अधिक प्रभावः डा. अनुराग राय

इनरव्हील क्लब के बैनर तले अन्नपूर्णा हास्पिटल परिसर में हुआ आयोजन

-360 मरीजों का हुआ निशुल्क उपचार भी, दवाओं का भी हुआ वितरण

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : विश्व गठिया दिवस के अवसर पर इनरव्हील क्लब बलिया के बैनर तले निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम जलालपुर स्थित अन्नपूर्णा हास्पिटल परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम

प्रधान अभिषेक सिंह एवं डा डी राय ने फीता काटकर किया।

स्वास्थ्य शिविर में 360 मरीजों का निःशुल्क उपचार कर दवाओं का वितरण किया गया। हड्डी रोग विशेषज्ञ वरिष्ठ चिकित्सक डा. अनुराग राय ने समाजिक कार्यकताओं एवं, ग्रामीण चिकित्सकों के बीच गठिया बीमारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि ढलती उम्र में यह बीमारी ज्यादा पाया जाता है। इसका मुख्य कारण केमिकल से बनें खाद्य पदार्थ का सेवन करना, जो सेहत के लिए बहुत हानिकारक है। मनो परामर्शदात्री डा पूजा भट्ट ने कहा कि ने कहा कि कोई बीमारी एवं परेशानी आये तो घबरायें मत हिम्मत से काम करें। डा अभिषेक गुप्ता ने कहा कि इनरव्हील क्लब के कहने पर कभी भी आंख आपरेशन निःशुल्क करने हेतु तैयार हूं। प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र का वितरण डा डी राय ने हाथों किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष सरिता गुप्ता, नीलिमा सिंह, प्रियंका सिंह, नीलम सिंह, रीना सिंह, ज्या सिंह, सुनिता सिंह, जितेंद्र कुमार वर्मा, रेखा मौर्य, डा राजेश्वर तिवारी, प्यारेलाल, डा. अतुल ओझा, हरेंद्र सिंह, आकाश पाण्डेय,आर एल प्रजापति, विरेन्द्र ओझा, अफरोज आलम, रामजी प्रसाद, योगेन्द्र यादव, विजय कुमार, कार्यक्रम का संचालन संतोष तिवारी ने किया।

पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि

कृष्ण कुमार पांडेय, दैनिक समाज जागरण

बांसडीह (बलिया) : पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर बुधवार को बेरूआरबारी ब्लाक परिसर में आयोजित शोक सभा में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

वक्ताओं ने कहा कि नेताजी के समाजवाद के रास्ते पर चलकर ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। नेताजी जैसे व्यक्ति इस दुनिया मे बिरले ही पैदा होंगे। भारतीय राजनीति का एक सितारा थे। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख चन्द्र भूषण सिंह, बीडीओ प्रमिला सिंह,पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष श्यामबहादुर सिंह, हरेंद्र सिंह, अशोक यादव,बब्बन गिरि, उपेन्द्र सिंह, सीताराम वर्मा, उमेश मिश्र, मनोज मौर्य, गिरिजा सिंह, अनु सिंह, धनजी पांडेय, आत्मा यादव, छोटक राजभर, बलेंदु राजक, वीरू शर्मा आदि थे।

खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकराई बाइक, सवार की मौत

श्रीश कुमार पांडेय संतोष, दैनिक समाज जागरण

चिलकहर (बलिया) : राजधानी मार्ग पर गड़वार थाना क्षेत्र पियरिया चट्टी के पास खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से एक बाइक असंतुलित होकर टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी की बाइक सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई । घटना स्थल पर पहुंची गड़वार पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर सदर हॉस्पिटल पोस्मार्टम के लिए भेज दिया।

गड़वार थाने से बात करने पर पता चला कि चिलकहर के पास पहाड़पुर गांव के निवासी थे मृतक का नाम राजेन्द्र यादव 40 वर्ष बताया गया। मृतक बांसडीह पावर हाउस पर गार्ड के पद पर तैनात था। ड्यूटी से देर शाम घर लौटते समय यह घटना पियरिया चट्टी पर हो गई। घटना का समाचार सुन कर उनके घर और गांव में शोकाकुल का माहौल हो गया परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना तो होनी है हो जाती है लेकिन सरकार के आदेश के बाद भी की चट्टी चोराहों पर लबे रोड वाहन न खड़ा किया जाय लेकिन फिर भी पुलिस की उदासीनता के कारण लोग वाहन लबे रोड ही खड़ा कर दे रहे है। जिससे कि ऐसी घटना घट जा रही है। इसपे सरकार को अंकुश लगाने की जरूरत है नहीं तो आये दिन ऐसी घटना होती रहेगी।

मुलायम सिंह यादव को दी श्रद्धांजलि

नित्यानंद सिंह, दैनिक समाज जागरण

बैरिया (बलिया) : पूर्व सैनिक संघ के जिला अध्यक्ष अखिलेश्वर सिंह के नेतृत्व में बुधवार को स्थानीय कस्बा स्थित सुरजन बाबा के पोखरे पर पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव निधन पर पुर्व सैनिकों के द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

जिसमें काफी संख्या में पूर्व सैनिकों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। पूर्व रक्षा

मंत्री के द्वारा देश के जवानों के पक्ष में लिये गए फैसले को याद किया गया। उनके रक्षा मंत्री होने से पहले सैनिकों के शहीद होने के उपरांत सिर्फ टोपी बेल्ट ही घर आता था लेकिन तब से सैनिकों का पार्थिक शरीर घर तक आना शुरू हुआ। चौथाक्रृपे कॉमिसन में कहे थे कि एक जवान का बेसिक पे उतना होना चाहिए जितना में एक तोला सोना खरीद सके। उन्हीं के रहते ये फैसला लिया गया कि जवान शहीद होता है तो उसके नॉमिनी को पेट्रोल पंप या गैस एजेंसी दिया जाएगा। और भी सैनिकों व देश हित में सराहनीय कार्य किए जिसको शब्दो मे बया करना कम होगा। ई मौके पर श्रीकांत तिवारी, सत्य नारायण सिंह,आर के राय,आर के यादव,श्रीराम सिंह ,रामायण सिंह , यू एस ओझा, के के यादव, एस के सिंह, भरत ठाकुर दिलीप सिंह वेस्टर्न इंडिया के जिला अध्यक्ष डॉ0 अशोक सिंह सहित काफी संख्या में पुर्व सैनिक उपस्थिति रहे। मंच संचालन रिटायर्ड सूबेदार मेजर शलेंद्र सिंह ने किया।

आवासीय क्षेत्र छोड़कर खाली जमीन पर हो महायोजना का कार्य

- प्रस्तावित योजना में घर मकान जाने से चिंतित लोगों का प्रदर्शन
- शासन से लगाई गुहार, विस्थापित जीवन गुजारने से बचाए सरकार

आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

मऊ : शहर के ख्वाजाजहांपुर सहित उसके आस पास की भूमि महायोजना में शामिल होने से परेशान महिलाओं और पुरुष ने बुधवार को बलिया मोड़ के पास प्रदर्शन किया। सभी ने मांग किया कि योजना का कार्य आस-पास की खाली भूमि पर कराया जाए। आवासीय क्षेत्र शामिल होने से आने वाले दिनों में यहां के लोगों को विस्थापित का जीवन गुजराना पड़ेगा। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि बलिया मोड़ के पास से उत्तर तरफ की तरफ छह सौ मीटर तथा पश्चिम तरफ साढ़े चार सौ मीटर की भूमि को प्रस्तावित योजना में शामिल किया जा रहा है। बताया कि जिले के निर्माण के समय से लेकर अब तक यहां के लोगों ने आंबेडकर स्टेडियम, कृषि मंडी, आफिसर कालोनी चंद्रभानपुर उद्यान केंद्र आदि में भूमि दिया था, वह सभी जमीने खाली थी। जिले के विकास के लिए सभी के पास जो भी था दिया गया। उस समय लोगों को 17 हजार रुपये प्रति एकड़ का भुगतान किया गया था, लेकिन अब यह जमीन जाने से खूले आसमान में रहना होगा। प्रदर्शन करने वालों में बलिराम राजभर, अशोक राजभर, पंचम राजभर, रमेश, इंद्रजीत, राजेश, शीत कुमार, वसंत, महेंद्र, रामभवन, लालबिहारी, श्रीकिशुन आदि शामिल थे।

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने 37 बिंदुओं का किया समीक्षा बैठक,कई विभागों से मांगा स्पष्टीकरण

शशि कान्त तिवारी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित शासन के महत्वपूर्ण (37 बिन्दु) मुख्यमंत्री जी की सर्वोच्च प्राथमिकता विकास कार्यों की समीक्षा बैठक जिला पंचातय सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक में जिलाधिकारी ने एस डी ओ विद्युत मोहम्मदाबाद एवं अधिशासी अभियन्ता वर्कशाप का स्पष्टिकरण मांगा।
बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित विभागों से जुड़ी योजनाओं की माह प्रगति के बारे में समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी समय

सीमा में निर्धारित विभागीय विकास परक योजनाओं एवं निमार्णाधीन परियोजनाओं को समय से पूरा करने के सख्त निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू कर पात्र आम जन मानस को त्वरित गति से लाभ पहुचाया जाये। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न रहने पाए। बैठक में जिलाधिकारी ने एस डी ओ विद्युत मोहम्मदाबाद के द्वारा उपभोक्ताओ के कॉल रिसीव न करने की शिकायत प्राप्त होने पर बैठक के दौरान ही अन्य दूसरे मोबाईल से 03 बार फोन कराया गया लेकिन एस डी ओ मुहम्मदाबाद के द्वारा फोन नही उठाये जाने तथा समय से विद्युत ट्रांसफार्मर मरम्मत एवं उपलब्धता सुनिश्चित नही करा पाने के शिकायत पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए एस डी ओ विद्युत मोहम्मदाबाद एवं अधिशासी अभियन्ता वर्कशाप का स्पष्टिकरण मांगा।
उन्होने समस्त अधिकारियों को विद्युत के बकाया भुगतान हेतु अपने-अपने मुख्यालय पर पत्राचार करने का निर्देश दिया। नहरो की सील्ट सफाई कर टेल तक पानी पहुचाने की कार्यवाही की बात कही। उन्होने जनपद की खराब सड़को संज्ञान में लेते हुए निर्माण विभाग को प्रत्येक माह कीं कार्ययोजना बनाकर अगले छः माह के अन्दर खराब सड़को को शत-प्रतिशत सही कराने का निर्देश दिया। उन्होने जनपद के प्रत्येक पात्र परिवार के व्यक्तियों का गोल्डेन कार्ड बनाते हुए इसमे तेजी लाने तथा जनपद के झोला छाप चिकित्सालयों पर टीम बनाकर जॉच कर कार्यवाही का निर्देश दिया।
जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि अपनी-अपनी विभागीय योजनाओं के सम्बन्ध में स्टाफ के साथ समीक्षा कर समयान्तर्गत कार्य कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता, परियोजना निदेशक राजेश कुमार, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण कार्य का हुआ समीक्षा बैठक

दिलदारनगर।नगर पंचायत निर्वाचक नामावली का पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति की समीक्षा किया गया।इस सम्बंध में सेवराई के उप जिलाधिकारी राजेश प्रसाद ने नगर पंचायत दिलदारनगर के परिसर बैठक के दौरान बताया कि नगर के प्रत्येक वार्ड में बीएलओ पहुँच कर

मतदाता को ओटर लिस्ट संशोधन गणना कार्ड पर अंकन करते हुए 18 अक्टूबर तक पूरा कर निर्वाचक नामावली की पांडुलिपि तैयार करें और मतदाता सूची शुद्ध रूप से तैयार कर अवगत कराएं।इसके बाद नगर पंचायत निर्वाचक नामावली तैयार होने के बाद 27 निर्वाचन निमावली तैयार होगा।

बसपा कार्यकताओं ने मान्यवर कांशीराम की जयंती मनाई

नगराम लखनऊ`देश के बड़े दलित नेता बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक माननीय काशीराम की जयंती को हर्षोल्लास के साथ मनाया गयो जानकारी के अनुसार आज बसपा संस्थापक काशीराम की जयंती विकासखंड गोसाईगंज के गांव खरगापुर स्थित बसपा कार्यालय पर में काशीराम के चित्र पर फूल माला चढ़ाकर समाजसेवियों ने उनके संघर्ष मय जीवन पर प्रकाश डाला इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रधान प्रतिनिधि सुशील कुमार वर्मा जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर जितेंद्र भरद्वाज शिवकुमार भारद्वाज घनश्याम भट्ट ब्राह्मण महासभा प्रांतीय अध्यक्ष आदि दर्जनों समाज सेवियो ने उनकी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई और मिष्ठान वितरण किया

डेंगू व चिकनगुनिया को न करें नजरअंदाज, बरतें सावधानी

- सभी सीएचसी व पीएचसी प्रभारी को कार्यक्रम के लिए किया गया निर्देशित
- हर गांव में दवाओं के छिड़काव के साथ किया जाएगा लोगों को जागरूक

आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण

मऊ : मानसून के बाद होने वाली प्रमुख बीमारियों डेगूं व चिकनगुनियां की रोकथाम के लिए सभी ब्लाकों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप केंद्रों को निर्देशित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव-गांव दवा का छिड़कांव कराने के साथ लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगा। साथ ही सभी केंद्रों को इलाज से संबंधित सभी प्रकार की दवाओं को अपने केंद्र पर उपलब्ध कराने के भी निर्देश है।
मुख्य चिकित्साधिकारी डा. नरेश अग्रवाल ने बताया कि डेंगू और चिकनगुनिया दोनों ही बीमारियां मच्छरों के काटने से होती हैं। इनको फैलाने वाले मच्छर जलजमाव और गंदगी में पैदा होते हैं। चिकनगुनिया का कारण जीनस अल्फावायरस होता है। जो एडीज प्रजाति के एजिप्टी और एल्बोपिक्टस मच्छरों के काटने से फैलता है, जबकि डेंगू का कारण जीनस फ्लेवीवायरस होता है, जो एडीज प्रजाति के केवल एजेप्टी वायरस के कारण फैलता है। दोनों ही बीमारियों के शुरूआती लक्षण एक समान होते है। इसलिए कई बार इनमें लक्षणों के आधार पर अंतर कर पाना मुश्किल होता है। बरसात या उसके बीतने के बाद डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियां तेजी से फैलती हैं। इन दोनों ही बीमारियों के जनक मच्छर होते हैं। सभी सीएचसी और पीएचसी और सदर अस्पताल में विशेषज्ञ डाक्टर परामर्श और जांच, इलाज तथा दवाएं सभी निश्शुल्क उपलब्ध हैं।

तेज सिंह मोटर ट्रेंनिंग स्कूल,राष्ट्रीय वैज्ञानिक सड़क सुरक्षा चेन्नई आयोजन में हुआ शामिल,गाजीपुर का बढ़ाया मान

शशि कान्त तिवारी
ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर।चेन्नई के आईआईटी मद्रास स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रोड सेफ्टी में एक दिवसीय नेशनल साइंटिफिक रोड सेफ्टी कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया जिसमे आईआईटी मद्रास, तमिलनाडु पुलिस डिपार्टमेंट, ड्राइविंग स्कूल फेडरेशन पदाधिकारी और सड़क सुरक्षा के क्षेत्र से जुड़े एनजीओ आदि शामिल हुए। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रोड सेफ्टी सड़क सुरक्षा पर काम करने वाली संस्था है जो केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा सम्बद्ध है।
राष्ट्रीय साइंटिफिक रोड सेफ्टी कॉन्क्लेव में शामिल होने के लिए ऑल इण्डिया फेडरेशन ऑफ ड्राइविंग स्कूल एसोसिएशंस के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश, बिहार और छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि के तौर पर तेज सिंह मोटर ड्राइविंग स्कूल के संचालक अरविंद सिंह शामिल हुए जो कि गाजीपुर के लिए निश्चित ही गर्व की बात है।

राष्ट्रीय साइंटिफिक रोड सेफ्टी कॉन्क्लेव का मुख्य मुद्दा वर्तमान लाइसेंसिंग व्यवस्था में सुधार और परिवर्तन हेतु विचार विमर्श करना रहा। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रोड सेफ्टी के प्रोफेसर वैंकटेश्वर द्वारा 3 गेट्स सिस्टम का प्रस्ताव रखा गया। फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश शर्मा और कोषाध्यक्ष अरविंद सिंह ने किसी भी श्रेणी के लाइसेंस से पहले व्हीकल ट्रेनिंग आवश्यक किए जाने का सुझाव दिया।

बिजिलेंस चेकिंग से मचा हड़कंप, 36 पर विद्युत चोरी में मुकदमा दर्ज, मची अफरा-तफरी

जनार्दन प्रजापति संवाददाता दैनिक समाज जागरण

दिलदारनगर गाजीपुर। जमानिया थाना क्षेत्र के ग्राम देवैथा में विद्युत विभाग एवं विजिलेंस के संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें कुल 48 घरों को चेक किया गया जिसमे डायरेक्ट विद्युत चोरी करते हुए 10 लोगों को पकड़ा गया एवं 24 लोगों को मीटर बायपास करके विद्युत उपभोग करते हुए पकड़ा गया जो सभी के खिलाफ बिजिलेंस थाने में एफआईआर दर्ज करा दिया गया है। वही मौके पर 12 नया मीटर स्थापित किया गया। अधिशासी अभियंता हेमंत सिंह ने बताया कि देवैथा गांव में 80% लोग मीटर बाईपास करके फिक्स बिल बहुत दिनों से जमा कर रहे हैं ऐसे लोगों की सूची भी मेरे पास है जल्द ही सभी लोगो को नोटिस भेजकर राजस्व क्षतिपूर्ति के रूप में रिकवरी की जाएगी एवम ऐसे लोगो के खिलाफ बिजिलेंस थाने में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। वही

शिकायत बराबर मिल रही थी लोग बिल जमा नहीं कर रहे है एवम ज्यादातर लोग अवैध तरीके से विद्युत उपभोग कर रहे है जिसकी वजह से बराबर गांव का ट्रांसफार्मर जल जाता है एवं आए दिन गांव में तार टूटकर गिर रहा है। आगे उन्होंने यह भी बताया कि देवैथा गांव में लाइन लॉस बहुत ज्यादा है जो बराबर चेकिंग अभियान चलता रहेगा,जो भी बकायेदार उपभोक्ता है वह अपना बिल तत्काल जमा कर दे एवम समय से अपना मीटर मीटर रीडर से चेक करके सही बिल समय पर प्राप्त करे एवम मीटर कोई बाईपास न करे एवम जिसका कनेक्शन नही है वे लोग तत्काल झटपट पोर्टल पर ऑनलाइन कनेक्शन करा ले अन्यथा चेकिंग के दौरान पकड़े जाने पर एफआईआर के साथ साथ विभागीय कार्यवाही की जाएगी। चेकिंग टीम में मुख्य रूप से बिजिलेंस इंस्पेक्टर स्वदेश सिंह, बिजिलेंस जेई पंकज चौहान,सहायक अभियंता कमलेश प्रजापति,अवर अभियंता तपस कुमार सहित समस्त विद्युत कर्मी उपस्थित रहे।

श्री राम कथा में राम विवाह सम्पन

अपने जीवन को हर्ष और विषाद के बिना कैसे जिया जाता है, यह प्रभु चरित्र दर्शन से प्रकट करते हैं-फलाहारी बाबा

विकास राय संवाददाता दैनिक समाज जागरण

बाराचंवर- में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में अयोध्या वासी श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर श्री शिवराम दास जी उपाख्य फलाहारी जी महाराज के मुखारविंद से श्रीराम कथा की अमृतवाणी की वर्षा हो रही है। पूज्य संत फलाहारी जी ने कहा कि रामकथा सबको जोडने की कथा है। प्रभु छोटे-छोटे वर्ग को साथ लेकर चलते हैं। अपने जीवन को हर्ष और विषाद के बिना कैसे जिया जाता है, यह प्रभु चरित्र दर्शन से प्रकट करते हैं। जीवन में मयार्दाओं को पुष्ट करने की यह कथा है, यह प्रेम यज्ञ है। हमारा राष्ट्र शरणागति की ओर गति कर रहा है। श्री रामचरित मानस के सातों कांड शरणागति का निरूपण करते हैं, उन्हें सती, भरत, शबरी, हनुमान विभीषण,मंदोदरी एवं महादेव के चरित्रों से समझा जा सकता है। रामराज्य प्रेम राज्य है। कथा में पूज्य फलाहारी जी ने अपार जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम का जनकपुर में प्रवेश एवं वहां से विदाई तक कुछ विशेष घटनाएं घटित होती है। इसका भाव पक्ष भी है और अध्यात्मिक पक्ष भी। महाराज जनक प्रभु को देखकर ब्रह्म सुख छोडकर, सहज वैराज्य त्यागकर अनुरागी बन गए। निर्गुण को आराधना का साधक सगुण ब्रह्म के दो रूपों का प्रथम मिलन है। यह प्रकृति व पुरूष का मिलन है। मानसकार कहते हैं कि दोनों एक दूसरे को हृदयस्थ करते हैं, मूलतः जानकी जी तो ठाकुर के हृदय में और जानकी जी के हृदय में ठाकुर विराजित हैं। दोनों का एकत्व हृदय के रूप में है, जनक परम ज्ञानी है। धनुष न टूटने पर चिन्तित हो जाते हैं, उनकी धर्मपत्नी सुनैना चिन्तित हो जाती है।
जानकी जी भी चिन्तित हो जाती हैं, तब प्रभु ने पहले अहमता रूपी धनुष तोड़ा, फिर ममता रूपी चिंता को समाप्त किया। परशुराम जी स्वयं अवतार हैं किन्तु धनुष की ममता कुछ समय के लिए संशयी बना देती है, फिर तो सत्य का प्रकाश होता है। कथा में फलाहारी बाबा ने धनुष यज्ञ प्रकरण पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि नगर दर्शन, पुष्प वाटिका प्रसंग साधकों को नव जीवन का संचार करती है। गौरी भवानी की श्रद्धापूर्वक अर्चना आज भी विवाह योग्य कन्याओं द्वारा अनुसरण

करने योग्य है। जनक का आक्रोश भैया लक्ष्मण सहन नहीं कर पाते। गुरू विश्वामित्र की आज्ञा पाकर भगवान राम जनक के परिताप को मिटाने उठते हैं। भगवान राम ने एक क्षण के मध्य में ही धनुष तोड़ दिया।

फलाहारी जी ने संगीतमय राम कथा से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। धनुष के विखंडन के बाद सियाजू ने राम के गले में वरमाला डाल दी। परशुराम जी आते हैं, उनके प्रसंग उपरांत अयोध्या से बरात पधारती है एवं मंगल मुहुर्त विवाह पंचमी की तिथि में श्री सीताराम जी का मंगल विवाह संपन्न होता है। वैदिक विधि विधान से श्री राम जी का, श्री जानकी से, श्री लक्ष्मण जी का श्री उर्मिला जी से, भरत जी का मांडवी जी से, शत्रुघ्न जी का विवाह श्रुतकीर्ति से संपन्न होता है। कन्या विदाई का प्रसंग सभी के लिए अत्यंत मार्मिक पक्ष होता है। विदाई हुई बारात वापस अयोध्या पहुंची। विश्वामित्र महाराज की विदाई के साथ गोस्वामी जी मानस के प्रथम सोपान बालकांड का समापन करते हुए कहते हैं कि मैंने अपनी वाणी को पावन करने के लिए यह कथा कही, जो भी यह प्रसंग सप्रेम गाएगा या सुनेगा। उसके जीवन में मंगल प्रसंग उत्साहपूर्वक संपन्न होंगे।

उत्तराव की रामलीला का धनुष यज्ञ संपन्न

इंद्रसेन प्रसाद संवाददाता दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर।उत्तराव गांव की रामलीला मंचन के दौरान चौथे दिन धनुष यज्ञ का मंचन किया गया इस दौरान सीता स्वयंवर का मंचन करते हुए कलाकारों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया इस दौरान परशुराम लक्ष्मण संवाद को दर्शकों ने खूब सराहा तथा धनुष यग में विभिन्न प्रांतों से आए राजा के रूप में पात्रों ने भी खूब वाहवाही लूटी राम के पाठ में बंटी तिवारी लक्ष्मण के पाठ में विनय तिवारी सीता के पाठ में प्रिंस जनक के

पाठ में ज्ञानेंद्र तिवारी विश्वामित्र के पाठ में बद्री प्रसाद बाणासुर के पाठ में शिव जी रावण के पाठ में एहसान वह विभिन्न प्रांतों से आए राजा के रूप में इंद्रसेन बिदेश्वर कालीचरण कृष्णा दिनेश संतोष मंत्री पाठ में इम्तियाज सुमति बीमती के पाठ में पवन कुमार और अश्विनी कुमार ने अपने अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया

बिहार के युवक ने ट्रेन से कट कर की आत्महत्या

प्रदीप शर्मा, संवाददाता दैनिक समाज जागरण

जमानियां (गाजीपुर)। स्थानीय रेलवे स्टेशन के पैनल रुम के पास अप रेल लाइन पर बिहार के 25 वर्षीय युवक ने ट्रेन से कट कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुँची दिलदारनगर जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि मंगलवार की रात करीब 10 बजे एक युवक ने अप रेल लाइन पर आ रही तेज रफ्तार गरीब रथ ट्रेन से कट कर आत्महत्या कर ली। इसकी जानकारी होते ही पैनल रूम द्वारा घटना की जानकारी जीआरपी पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुँची जीआरपी पुलिस ने रेल पटरी पर पड़े शव को हटवाया। मृतक का चेहरा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका था। जिसके पॉकेट की तलाशी लेने पर मिले पहचान पत्र से उसकी पहचान बिहार के आरा जनपद के मसाढ़ गांव निवासी 25 वर्षीय विशाल सिंह पुत्र रामानंद सिंह के रूप में हुई। साथ ही मृतक द्वारा लिखा गया एक पत्र भी मिला। जिसमें उसकी मृत्यु होने के बाद घटना की सूचना चंदौली जनपद के जेवरी गांव निवासी सुमित सिंह को देने की बात लिखी थी और उनका मोबाइल नंबर भी लिखा था। दिलदारनगर जीआरपी प्रभारी शिवसागर ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर बुद्धवार को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है और परिजनों को घटना की जानकारी दी गयी है।

एसडीएम ने सील कराया निजी अस्पताल

दिलदारनगर (गाजीपुर) : जिलाधिकारी के निर्देश पर बुधवार को एसडीएम राजेश प्रसाद ने कस्बा बाजार स्थित निजी अस्पतालों में अभियान चलाया।जिसमें जेएस चिल्ड्रन पाली क्लीनिक को सीज किया गया।एसडीएम राजेश प्रसाद ने बताया कि जेएस चिल्ड्रन पाली क्लीनिक को सीज किया गया तथा अस्पताल के चिकित्सक डॉ राजकुमार व शिवम अस्पताल के चिकित्सक डॉ रविंद्र कुमार के मरीजों को भर्ती कर अस्पताल से गायब होने के खिलाफ थाना में अभियोग पंजीकृत कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ धनंजय आनंद को मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है।वही तथागत अस्पताल एवं सर्जिकल सेंटर पर भी छापा मारा गया लेकिन वहां एक भी मरीज भर्ती नहीं मिले।कुछ

ऐसे अस्पतालों के खिलाफ अभी अभियान चलाया जाएगा।इस अभियान में थाना निरीक्षक अशेषनाथ सिंह,अतिरिक्त निरीक्षक रमाकांत यादव,एसएसआई चंद्र शंकर मिश्रा,जितेंद्र कुमार आदि रहे।

उज्जैन महाकाल कारीडोर शुभारंभ के अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने किया जलाभिषेक

शशि कान्त तिवारी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर।सनातन सभ्यता,भारतीय संस्कृति के सम्मान मे आस्था,अराधना,पूजा से लोकार्पित समर्पित उज्जैन मे महाकाल कारिडोर के कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उदघाटन अवसर पर सायंकाल भारतीय जनता पार्टी ने जिले भर के सभी 34 मंडलों के प्रमुख शिव मंदिरों पर

जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह के नेतृत्व मे जलाभिषेक,पूजा,आरती, अराधना के साथ साथ एलईडी टीवी के माध्यम से उज्जैन से सजीव प्रसारित महालोक कार्यक्रम को देखा गया।जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने मनिहारी प्रथम मंडल के बरहट ग्राम स्थित शिवालय पर भाजपा कार्यकताओं संग जलाभिषेक करके भगवान शंकर की पूजा किया तथा उज्जैन से प्रसारित लोकार्पण कार्यक्रम को देखा।
इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश की एकता और अखंडता, सनातन सांस्कृतिक सभ्यता के प्रगति और विकास मे धार्मिक आस्था का बहुत बड़ा योगदान है।उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व मे राष्ट्र का गौरव और सम्मान मे अतुलनीय वृद्धि हुई है। इस अवसर पर डा मुराहू राजभर, ओमकार सिंह,हंसराज राजभर, जगदीश सिंह,दुर्गेश सिंह,राजकुमार बिंद,प्रदीप सिंह,मोनू तिवारी आदि उपस्थित रहे।गाजीपुर सदर मंडल पश्चिमी के महाराजगंज बाजार स्थित शिवमंदिर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय,जिला मंत्री सुरेश बिंद और मंडल अध्यक्ष गोपाल राय द्वारा पूजा और जलाभिषेक किया गया।तथा महालोक कारिडोर के उदघाटन को देखा गया।इस अवसर पर कृष्ण बिहारी राय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रशासनिक एवं लोक कल्याणकारी कार्यों की सराहना कहा कि देश मे लोकतंत्र के मजबुती के लिए राजनीतिक नैतिकता की आवश्यकता देश महसूस कर रहा था।और उस आवश्यकता के प्रति भाजपा नेतृत्व पुरी तरह से समर्पित होकर कार्य कर रहा जिसका परिणाम देश और प्रदेश ही नही सारी दुनिया देख रही है।इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा,मनोज बिंद, मुरली कुशवाहा, कमलेश गुप्ता, बलवंत बिंद सहित आदि अनेक गण मान्य उपस्थित रहे ।गाजीपुर नगर मंडल मे भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा, नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, जिला महामंत्री प्रवीण सिंह, रामनरेश कुशवाहा, विनोद अग्रवाल, रास बिहारी राय, कार्तिक गुप्ता, सुनील गुप्ता, अजय कुशवाहा, नंदू कुशवाहा, अभिनव सिंह, काकू सिंह, हेमंत त्रिपाठी, प्रमोद अग्रवाल, राकेश जयसवाल, राजेश विश्वकर्मा, गिरधारी जयसवाल, निखिल राय, सोमेश मोहन राय, अमित मोहन पांडेय, नितिन अग्रहरि, विशाल चौरसिया, गुड्डू केसरी, सुरेंद्र सिंह, किरण सिंह, प्रीति गुप्ता, रेनू गुप्ता, कमलेश श्रीवास्तव, सुधीर केसरी, सूर्य प्रकाश यादव आदि उपस्थित रहे।जंगीपुर विधान सभा के गाजीपुर सदर पुर्वी मण्डल के ग्राम वाजिदपुर शिवालय पर पुजा और जलाभिषेक के साथ उज्जैन कारीडोर के प्रसारण को देखा गया। यह कार्यक्रम बूथ अध्यक्ष की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ जिसमे मुख्य अतिथि भाजपा के जिला मंत्री राकेश यादव, विजय शंकर, कन्हैया, रामनवल, बेचन जी, छांगुर जी, धर्मचंद जी, सुरज जी, दिलीप जी, हीरा जी ,पवन व समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे।

आगामी त्यौहार को देखते हुए नगराम थाना में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

नगराम , लखनऊ। दीपावली धनतेरस व भैया दूज के त्यौहार को लेकर नगराम थाने में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसमें नगर व क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया बैठक में इंस्पेक्टर ने लोगों से त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। बुधवार को थाना परिसर में इंस्पेक्टर हेमंत कुमार राघव के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसमें इंस्पेक्टर ने लोगों से कहा कि आगामी त्यौहारों को सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ मनाएं । किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान ना दें अगर कोई भी व्यक्ति किसी तरह की अफवाह फैलाता है तो सबसे पहले इसकी जानकारी पुलिस को दें ऐसे लोगों पर पुलिस सख्ती से कार्रवाई करेगी। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि पटाखा कारोबारी एक निश्चित स्थान पर लाइसेंस धारी ही बिक्री कर सकेंगे । अवैध तरीके से या अलग स्थान पर पटाखों की बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। हर कस्बे के लिए एक स्थान निश्चित किया जाएगा । इसमें उन्होंने कहा कि हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोग आगामी त्योहार पर आपस में मिलजुल कर मनाएं जिससे कि किसी धर्म के व्यक्ति को परेशानी ना हो त्यौहार पर एक दूसरे की मदद करें जिससे कि सभी का त्यौहार अच्छे से मन सके त्यौहार पर अगर कोई भी अराजक तत्व गलत हरकत करता है तो पुलिस को सूचना दें ऐसे लोगों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अतिरिक्त इंस्पेक्टर विजेन्द्र कुमार , सीताराम सिंह सहित समेसी ग्राम प्रधान अशोक रावत , सचिव संतोष गिरी , पतौना प्रधान पति दिलीप रावत , विनोद कुमार , रामनन्द सहित तमाम क्षेत्र के गणमान्य मौजूद रहे।

संक्षिप्त न्यूज

कानपुर के यू पी किराना स्कूल से 2 छात्राएं लापता : अभिभावकों ने किया बवाल

सुनील बाजपेई कानपुर। यहां जिले में कमसिन लड़कियों के गायब होने का सिलसिला लगातार जारी है इसी क्रम में यहां के यूपी किराना स्कूल से आठवीं की दो छात्राएं भी लापता हो गई है पुलिस उनकी तलाश कर रही है लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है इस घटना के विरोध में उनके अभिभावकों ने स्कूल पहुंचकर हंगामा भी किया। वही पुलिस का दावा है कि गायब छात्राओं का पता लगाया जा रहा है। उन्हें जल्द ही बरामद कर लिया जाएगा। पुलिस सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक स्कूल में छुट्टी होने के बाद वे दोनों छात्राएं घर के लिए निकली थी लेकिन घर नहीं पहुंची।
इधर जब अभिभावकों को जानकारी हुई तो वह तमाम लोगों के साथ यू पी किराना स्कूल किदवई नगर जा धमके और प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर बवाल भी किया। बाद में सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें बड़ी मुश्किल से समझा-बुझाकर शांत कराया।
फिलहाल समाचार लिखे जाने तक यह पता नहीं चल पाया है कि छात्राएं किसके साथ और क्यों गायब हुई हैं।
पुलिस ने बताया कि गायब हुई छात्राओं का पता लगाया जा रहा है। उन्हें जल्द ही बरामद कर लिया जाएगा

वार्ड न.10 से मतदाताओं की पहली पसंद बने नंबरदार राजसिंह बजाड़

अटेली मंडी : हरियाणा में पंचायती राज के चुनावों का शंखनाद हो चुका है।वही चुनावों को लेकर उम्मीदवारों ने अपना जन संपर्क अभियान तेज कर दिया है।जिला परिषद महेंद्रगढ़ वार्ड न.10 से भावी उम्मीदवार नंबरदार राजसिंह बजाड़ ने कहा की यदि क्षेत्र के लोगों ने उन्हें मौका दिया तो वे विकास कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा की क्षेत्र के लोगों का पूरा - पूरा समर्थन व सहयोग भी उन्हें मिल रहा है। जिसको लेकर नंबरदार राजसिंह बजाड़ के समर्थकों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया की वार्ड न.10 से खेड़ी, कांटी, नावदी,रामपुर, बिहाली,सैदपुर,नीरपुर, नांगल, पृथ्वीपुरा,राजपुरा, धनौंदा,उनिंदा,अटेली, बैगपुर, गणियार,बजाड़ व सुजापुर गांव शामिल है जिसमें उन्हें हर गांव से बहुत ही अच्छा और सच्चा समर्थन मिलता हुआ दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया की वे समाज हित में कार्य करेंगे। वे क्षेत्र के लोगों से वादा नही,विकास होगा के नारे को पूरी तरह से चरितार्थ करेंगें। उन्होंने बताया की वार्ड न 10 के लोगों से उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है। वहीं मतदाताओं की पहली पसंद वे बनते जा रहे है।

बंजर नदी खराधार में महिला का शव मिलने से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बिरसा/बालाघाट।(13अक्टूबर)बिरसा थानान्तर्गत खराधार के बंजर नदी में ग्रामीणों ने अज्ञात महिला का शव देखा जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया।जानकारी अनुसार बिरसा थानांतर्गत खराधार के बंजर नदी में ग्रामीणों ने बुधवार की सुबह करीब 11 बजे एक महिला का शव देखा जिसकी सूचना ग्राम सरपंच को दिया गया।ग्राम सरपंच ने इसकी सूचना पुलिस थाना बिरसा को किया।घटना स्थल पर एएसआई रमेश पटेल सहित अन्य स्टाफ पहुंच कर कड़ी मशक्कत के बाद महिला का शव बाहर निकलवाया।एएसआई रमेश पटेल ने बताया कि शव चार से पांच दिन पुराना प्रतीत हो रहा है।महिला की उम्र लगभग 30 वर्ष है जिसने साड़ी पहन रखा है।शव का शिनाख्ती के लिए आस पास के ग्रामों के निवासियों से कराया गया लेकिन किसी ने शव की शिनाख्त नही किया है।पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को मोर्चरी में रखवा दिया है जिसका गुरुवार को मोस्टमार्टम कराया जाएगा।

डॉ नीलम डहरिया का सी डेंटल पी जी(MDS) परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर। डॉ नीलम डहरिया का दन्त चिकित्सा के पी जी पाठ्यक्रम के लिखित परीक्षा में छत्तीसगढ़ प्रदेश में एस सी केटेगरी में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान एंव सामान्य श्रेणी में 24 वा स्थान प्राप्त हुआ है। अभी हाल में ही लोकसेवा आयोग द्वारा दन्त चिकित्सा भर्ती परीक्षा में भी डॉ नीलम का पूरे प्रदेश में 10वा स्थान प्राप्त हुआ था। ग्राम कोसमडीह विकास खंड मस्तूरी निवासी डॉ नीलम डहरिया ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने क्षेत्र एंव परिवार का गौरव बढ़ाया है।

डॉ नीलम ने अपना स्नातक की उपाधि शासकीय दंत महाविद्यालय रायपुर से किया है। डॉ नीलम मस्तूरी विकास खंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ यशवंत डहरिया की बहन है। डॉ नीलम के पिता श्री आर डहरिया मस्तूरी क्षेत्र के वरिष्ठ समाज सेवक एंव सेवानिवृत्त अनुविभागीय अधिकारी है। पति राज जांगड़े गुगल कंपनी बैंगलोर में सीनियर इंजीनियर है।

पचपेड़ी पुलिस एवं ACCU टीम बिलासपुर द्वारा जुआ एवं शराब पर की कार्यवाही,,, चार आरोपी जुआ खेलते गिरफ्तार

अवैध शराब बिक्री करते एक आरोपी गिरफ्तार,,, कब्जे से 24.240 लीटर देसी प्लेन, गोवा, महुआ शराब जप्त

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर। थाना पचपेड़ी एवं ACCU टीम बिलासपुर द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ऐसे स्थान जहां पर अवैध जुआ व शराब बिक्री की सूचना पर उन स्थानों में अभियान चलाकर रेड कार्रवाई किया गया । कृत कार्यवाही के दौरान कैलाश साहू अपने घर के परछी में लोहर्सि में अवैध शराब बिक्री करने हेतु रखा मिला उक्त संबंध में आरोपी को शराब बिक्री करने एवम् रखने के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत करने कहते हुए पर्याप्त समय दिया गया किंतु आरोपी द्वारा किसी भी प्रकार का अनुज्ञप्ति प्रस्तुत नहीं कर पाया। उक्त आरोपी कैलाश साहू पिता नंद कुमार साहू उम्र 25 साल निवासी लोहारसी पचपेड़ी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा के अंतर्गत कार्यवाही कर जेल भेजा गया। इसी प्रकार खड़खड़िया जुआ की सूचना पर ग्राम जोंधरा दारू भट्ठी के पास एवं ग्राम लोहर्सि बस स्टैंड के पास घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई कुछ जुआड़ी पुलिस को देख कर भाग गए 4 जुआरियों में जय कुमार पटेल पिता वीर सिंह पटेल उम्र 19 साल निवासी जोंधरा पचपेड़ी, रवि कुमार लहरें पिता कैलाश लहरें उम्र 22 साल निवासी जोंधरा पचपेड़ी, राजेश कुमार वर्मा पिता प्रभु दयाल वर्मा उम्र 31साल निवासी पैजनी थाना कसडोल जिला बलौदा बाजार,धनंजय साहू पिता क्रांति कुमार साहू उम्र 47 साल निवासी लोहर्सि पचपेड़ी से 16,640 रुपए नगद व 12 नग खड़खड़िया चित्रित ,02 नग कपड़ा के पाली चित्रित,02 प्लास्टिक वाला जप्त कर जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही कर पृथक से 151की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में ,4 प्रभारी निरीक्षक हरविंदर सिंह थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन भारद्वाज, प्रआर. रामबहोर सिन्हा,दुलार साय टोप्पो, बलबीर सिंह आर. हरिशंकर चंद्रा, अरुण लहरें, हेमंत सिंह, दीपक उपाध्याय, विवेक राय, सत्य कुमार पाटले विषेश योगदान रहा।

बाजरे की खरीद न होने के कारण गुस्साए किसानों ने किया रोड जाम

पटौदी/सुरेश कोहली : आज पटौदी क्षेत्र के किसानों ने बाजरे की खरीद न हो पाने के कारण रोड जाम कर दिया।
किसानों का कहना है कि सरकार किसानों को सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर कर रही है उन्होंने बताया कि उनके मोबाइल पर मैसेज आया और वह अपनी बाजरे की फसल को लेकर अनाज मंडी पहुंचे। जहां गेट पास लेकर फसल उतारने के बाद उन्हें बताया गया कि सरकार की तरफ से अभी कोई खरीद नहीं की जाएगी। इसके बाद किसानों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और गुस्साए किसानों ने अनाज मंडी के बाहर जाम लगा दिया। जिस कारण से पटौदी की और कुलाना की तरफ लंबा जाम लग गया। मौके पर किसानों को समझाने के लिए पटौदी थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने किसानों को काफी समझाने का प्रयास भी किया। गौरतलब है की किसानों ने 4 घंटे से भी ज्यादा रोड को जाम रखा। वहीं किसानों से

बातचीत करने के लिए पटौदी एसडीएम प्रदीप कुमार, एसीपी हरिंदर कुमार और अन्य अधिकारी भी पहुंचे और बातचीत के बाद किसानों ने जाम खोल दिया है।
किसानों का कहना है सरकारी खरीद ही नहीं करनी थी तो उन्हें मैसेज और गेट पास क्यों दिया गया छोटे किसानों का कहना था किराए के साधन से अपनी फसल को मंडी लेकर आया है और सरकार खरीदने से मना कर रही है जिस कारण से उनके ऊपर दोहरी मार पड़ रही है । आपको बता दें की बरसात के चलते हुए अनाज मंडी में खरीद नहीं हो पाई थी। प्रशासन द्वारा भी किसानों को सूचित कर दिया था की किसानों के पास फसल बेचने का मैसेज प्राप्त हो और अपनी फसल लेकर मंडी में आएं। किसानों के पास मैसेज पहुंचा और किसान अपनी फसल को लेकर अनाज मंडी पहुंच गए लेकिन बाद में सरकारी खरीद प्रारंभ नहीं हो सकी।इस कारण से गुस्साए किसानों ने जाम लगा दिया । अधिकारियो के साथ मार्किट कमेटी पटौदी सचिव दीपक कौशिक व मंडी सुपरवाइजर टीकम व अजय यादव भी मौजूद रहे

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।(13अक्टूबर) विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज पाण्डेय के निर्देशन में एंव सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ संजय धबड़गांव के मार्गदर्शन मे एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जैन दादाबाड़ी स्कूल में किया गया। कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।

कार्यशाला के संबध में जानकारी देते हुये डॉ मनोज पाण्डेय द्वारा बताया गया कि मानसिक स्वास्थ्य सिर्फ अवसाद और तनाव तक ही सीमित नही है, दिनं-प्रतिदिन अन्य बीमारियों के साथ साथ मानसिक रोग से जुड़ी समस्याओं से ग्रसित व्यक्ति भी चिकित्सालय में आ रहे है । अगर किसी के परिवार में जेनेटिकली ये है तो इसका खतरा ज्यादा होता है । कई बार ये कुछ हारमोन्स में बदलाव के कारण भी हो जाती है ।

मानसिक रोग के संबंध मे सिविल सर्जन डॉ संजय धबड़गांव द्वारा बताया गया कि मानसिक रोग

में व्यक्ति के सामान्य व्यवहार में यदि किसी तरह का परिवर्तन होता है या व्यक्ति को समझ आने लगता है कि तो उसे तुरंत डॉ से संम्पर्क कर जांच बिना संकोच के करा लेनी चाहिये । समय पर जानकारी लगने पर इलाज की अवधि एवं रोकथाम आसान हो जाती है जिससे मरीज जल्दी स्वस्थ्य हो जाता है । कायार्शाला में डॉ प्रशांत पिंचा मनोचिकित्सक द्वारा बताया गया कि कोरोना काल के दौर में डिप्रेशन से लेकर आत्महत्याओं का ग्रॉफ कई गुना बढ़ गया है । इसके अलावा लोगों में चिड़चिड़ापन, घबराहट, मरीज के साथ घरेलू हिंसा के मामलों में भी इजाफा हुआ है ।

कार्यशाला में बताया गया कि प्रतिदिन मानसिक रोगियों की संख्या पहले की अपेक्षा 8 से 10 गुना हो गई है, जिन्हे उपचार के साथ साथ काउंसलिंग की भी बहुत जरूरत होती है। मरीजो में मानसिक रोग की पहचान के बारे में बताया कि जो काम पहले अच्छा लगता था अब उससे मन उचटना, शरीर में हर समय थकावट महसूस होना, पहले से भूख कम या ज्यादा होना, पहले से नीद कम या ज्यादा होना, आत्महत्या का विचार आने लगना यदि समस्याओं से ग्रसित कोई भी व्यक्ति हो तो उसे उपचार की आवश्यकता है और उसे डॉ से तुरंत सम्पर्क करना चाहिये।

पुलिस से शिकायत न कर पहुँचे कलेक्टर के पास...क्या नही सुनती पुलिस, अवैध शराब के खिलाफ आवाज

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर। मस्तूरी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत भोथीडीह लावर की महिलाओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुँचकर क्षेत्र में अवैध शराब बनाये जाने और बिक्री किये जाने सहित असामाजिक तत्वों के द्वारा उत्पात मचाने की शिकायत की गई है। महिलाओं ने बताया कि असामाजिक तत्वों की करतूतों से सभी परेशान है जिन पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया है कि पुलिस नाममात्र कार्रवाई करती है जिससे ऐसे लोगों के हौसले बुलंद हो गए है, लिहाजा जल्द से जल्द ऐसे असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

कच्ची शराब की खुलेआम बिक्री..

महिलाओं ने बताया कि यहाँ आसानी से कही भी खुलेआम कच्ची शराब बनाई और बिक्री की जाती है जिसकी जानकारी आस पास के लोगों को है इसके बावजूद पुलिस या आबकारी विभाग यहाँ अभियान चला कर कार्रवाई नही करती, केवल खानापूर्ति कार्रवाई कर निकल जाती है।

बिगड़ रहा माहौल...

दिन ब दिन नशे की गिरफ्त में लोग आ रहे है, गांव के बच्चे भी संगति और आसानी से शराब उपलब्ध होने पर बिगड़ रहे है, वही महिलाओं का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है राह चलते गाली गलौज, छींटाकशी और दुर्व्यवहार की घटनाएं हो रही है, जिस ओर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है।

03 अभियुक्तों की 7 करोड़ 25 लाख 62 हजार की चल-अचल संपत्ति की गई कुर्क

पुलिस अधीक्षक खीरी संजीव सुमन के निर्देशन में तीन अभियुक्त रेहान,फैजल, सैय्यद की सम्पत्ति कुर्क

समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी

लखीमपुर ----- जनपद लखीमपुर पुलिस अधीक्षक खीरी, संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी पुलिस द्वारा अपराध की रोकथाम और शातिर अपराधियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी क्रम में खीरी पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अंतर्गत अपराध से अर्जित की गयी संपत्ति को कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही निरंतर रूप से की जा रही है। इसी क्रम में तहसीलदार सदर व कोतवाली सदर पुलिस बल द्वारा संयुक्त रूप से 03 गैंगस्टर अभियुक्तों

रेहान, फैजान व सैय्यद सूफियान की अपराध से अर्जित कुल 7 करोड़ 25 लाख 62 हजार कीमत की चल-अचल सम्पत्ति कुर्क की गयी।

अभियुक्तों व कुर्क की गई सम्पत्ति का विवरण-

1-रेहान उर्फ रिहान हुसैन पुत्र एहसान हुसैन रिजवी नि0 मोहल्ला संकटा देवी थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी (4,41,72,000)
2-फैजान उर्फ सैय्यद फैजान हुसैन रिजवी पुत्र एजाज हुसैन उर्फ रैय्यद एजाज हुसैन रिजवी नि0 मोहल्ला संकटा देवी थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी (7,90,000)
3-सैय्यद सुफियान अहमद पुत्र एजाज हुसैन उर्फ सैय्यद एजाज हुसैन रिजवी नि0 मोहल्ला संकटा देवी थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी (2,76,00,000)

थाना प्रभारी के दिशा निर्देशन में महारानी सुरथ कुमारी श्रीराम लीला मेला कमेटी की हुई बैठक

मेला कमेटी पदाधिकारी और नगर के सम्भ्रांत व्यक्ति एवं थाना प्रभारी दिनेश सिंह के साथ हुई बैठक

समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी/अवधेश कुमार

सिंगाही खीरी--नगर पंचायत सिंगाही भेडौरा में प्रति वर्ष लगने वाला श्री राम लीला मेला जो की कोरोना काल में पूर्ण रूप से नहीं लग पाया था इस वर्ष फिर मेला कमेटी पदाधिकारी गण एवं नगर पंचायत अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्र ने एक आपसी बैठक में मेला लगवाने और तैयारी को लेकर वर्ता की थी जो महारानी सुरथ कुमारी श्रीराम लीला मेला की बैठक इस वर्ष 103वां मेले को लेकर तैयारियां पूरी कर विचार विमर्श कर 27/10/2022 दिन बृहस्पतिवार से मेरे का भूमिपूजन और 25/11/2022 तक चलेगा तय हुआ था इस बैठक में चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्र, सुनील बत्रा (फुटबॉल टूनामेंट महामंत्री),मेला कमेटी से प्रवीण शाह (महामंत्री), अनुराग शुक्ला (कोषाध्यक्ष), आदि उपस्थित थे इसी मेले कोई अव्यवस्था उत्पन्न

न हो इस लिए सिंगाही थाना परिसर में थाना प्रभारी दिनेश सिंह के दिशा निर्देशन को लेकर एक बैठक सम्पन्न इस बैठक में मेले की तैयारियों को उजागर करते हुए चर्चा हुई 27/10/2022 से25/11/2022 तक होने वाले श्रीराम लीला मेला जिसमें प्रभु राम लीला की सुन्दर सुन्दर झांकियो के साथ मंचन भी होगा जिसमें मेघनाद वध,कुम्भकरण वध,रावण वध,भी दिखाया जायेगा इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी दिनेश सिंह ने दिशा निर्देशन देते हुए बताया कि आप लोग प्रशासनिक नियमों का पालन करते हुए रामलीला कराये इस बैठक में चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्र, सुनील बत्रा, उपरोक्त मेला कमेटी पदाधिकारी प्रवीण शाह, अनुराग शुक्ला, सतेन्द्र शाह,जलीस अहमद,मारूख खां,(प्रधान प्रतिनिधि) श्याम मोहन दीक्षित,(प्रधान प्रतिनिधि) नौरंगाबाद यदुवेन्द्र अवस्थी (नेकू दादा) आदि साथ में कौशलेंद्र कुमार (दीवान)भी इस बैठक में उपस्थित रहे

हेल्मेट नही तो पेट्रोल नही,पेट्रोल पंप संचालकों कड़ाई पालन करने के निर्देश

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।जिले में दुर्घटनाओं में हो रही मौतों पर कमी लाने के लिए कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने जिले में स्थित समस्त पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया है कि वे बगैर हेलमेट लगाए पंप पर आने वाले दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल न दें। इस आदेश का कड़ाई से पालन करने के लिए कलेक्टर ने कहा है। अन्यथा पंप संचालक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।
पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने पेट्रोल पंप पर फलैक्स बैनर के माध्यम से सभी दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक करें। पेट्रोल की आपूर्ति के दौरान वाहन चालकों को हेलमेट धारण करने पर ही पेट्रोल दें।
उच्च न्यायालय मप्र ने रिट पिटीशन और अन्य पर पारित आदेश के संबंध में 20 सितंबर को लीड एजेंसी परिवहन विभाग द्वारा परिवहन आयुक्त कैंप भोपाल में बैठक

आयोजित कर निर्णय लिया है। इसमें प्रत्येक दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट की अनिवार्यता: सुनिश्चित करने और प्रदेश में बिना हेलमेट से होने वाली दुर्घटना को रोकने के लिए सभी दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाये जाने के लिए प्रेरित किया जाना है। इसी परिप्रेक्ष्य में जिले मे पेट्रोल पंप संचालकों को बगैर हेलमेट के पंप पर आने वाले दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं देने के निर्देश दिए है।

नशा मुक्ति अभियान को लेकर पुलिस ने चलाया अभियान

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।(13अक्टूबर) मध्यप्रदेश शासन द्वारा 02 अक्टूम्बर से 30 नवम्बर तक नशा मुक्ति अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके तहत संजय सिंह पुलिस महानिरीक्षक बालाघाट जोन, समीर सौरभ, पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारी पुलिस एवं समस्त थाना प्रभारी जिला बालाघाट को अवैध शराब एवं अन्य मादक पदार्थो के विरूद्ध अधिक से अधिक कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिए जाकर नशे के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके तहत पुलिस द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। उक्त तारत्म्य में बालाघाट पुलिस द्वारा विगत 24 घण्टे के दरम्यान विभिन्न थानाक्षेत्रांतर्गत पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए अवैध शराब के कुल 56 प्रकरणों में 56 आरोपियों की गिरफ्तारी की जाकर कुल 265

लीटर शराब जप्त की गई। सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने वालों की धरपकड कर 01 आरोपी के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया तथा वाहन चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 07 आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। पुलिस द्वारा निरंतर अवैध मादक पदार्थो का नशा करने वाले स्थानों को चिन्हित करते हुए कुल 29 एवं 81 अवैध शराब पीने/पिलाने वाले स्थानों की चेकिंग की गई। नशा मुक्ति अभियान के तहत अलग-अलग क्षेत्रांतर्गत पुलिस द्वारा कुल 33 स्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए उपस्थित लोगो को नशे से दूर रहने हेतु जागरूक किया जाकर अवैध मादक पदार्थो के भंडारण, विक्रय व अवैध परिवहन की सूचना देने हेतु मोबाईल नम्बर भी साक्षा किया गया। जिला बालाघाट पुलिस द्वारा इस संबंध में निरंतर कार्यवाही जारी रखी जा रही है।

बैंकिंग सुविधा के तहत कलेक्टर का डिजिटल खाता खोला गया

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट ।(13अक्टूबर)वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने एवं बैंकिंग सुविधओं को सुदूर ग्रामीण अंचलो में घर घर तक पहुचानें के उद्देश्य से भारतीय डाक विभाग द्वारा इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की स्थापना की गई है। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा का डिजिटल खाता खोला गया। इस दौरान इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक बालाघाट शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक मनीष कुमार तिवारी एवं प्रबंधक युधिश अमुले उपस्थित रहे । यह खाता पूर्णतः पेपरलेस माध्यम से सभी डाकघरों में खोला जा सकता है।
इस दौरान वरिष्ठ प्रबंधक मनीष कुमार तिवारी द्वारा कलेक्टर को इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से मिलने वाली विभिन्न बैंकिंग

सेवाओं के साथ साथ अन्य सेवाएं जैसे 5 वर्ष तक के बच्चों के आधार कार्ड बनाना, आधार कार्ड से मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी लिंक करवाना, आधार द्वारा विभिन्न बैंकों के खातो से राशि निकासी करना एवं डाक विभाग की विभिन्न योजनाओ जैसे पोस्टल लाइफ इन्स्युरेंस, पी.पी.एफ., आर.डी एवं सुकन्या समृद्धि योजना में ऑनलाइन भुगतान के बारे में अवगत कराया गया। यह खाता केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओ जैसे कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, छात्रवृत्ति, सामाजिक सुरक्षा पेंशन इत्यादि में उपयोग किया जा सकता है। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के हितग्राही मात्र 399 रुपये में 10 लाख रुपये के दुर्घटना बीमा का लाभ भी ले सकते हैं।

हरियाणा प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन का किया विस्तार

पटौदी/सुरेश कोहली हरियाणा प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन गुरुग्राम के जिला प्रधान अमित भारद्वाज ने बताया कि राज्य उप प्रधान वीरबाला की अध्यक्षता एवं जिला महा सचिव रणबीर सिंह की अगुवाई में आज जिला कार्यकारिणी की बैठक ड्रीम कैफे पंचगांव में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से राजपाल (रिटायर्ड अध्यापक) संगठन संरक्षक, नरेश कुमार जीपीएस धानावास को जिला प्रैस प्रवक्ता,सपना जीपीएस शुशांत लोक सी-2 को डिस्ट्रिक्ट जॉइंट कॉर्डिनेटर,अनुराधा कौशिक जीपीएस कादीपुर को जिला उप प्रधान,योगिता जीपीएस सिधरावली को जिला उप प्रधान,कुसुम जीपीएस कादीपुर को खण्ड गुरुग्राम की उप प्रधान,हितेष मैहरा जीपीएस भीमगढ़ खेड़ी को जिला उप प्रधान,राजबीर जीपीएस सूरत नगर को खण्ड गुरुग्राम उप प्रधान बनाया गया है।
उन्होंने बताया की
कार्यकारिणी के विस्तार उपरांत जिला प्रधान अमित भारद्वाज ने सभी

उपस्थित जन को पिछले एक वर्ष में कार्यकारिणी की उपलब्धियों के बारे में भी चर्चा हुई जिसमें कार्यकारिणी के कोष का लेखा - जोखा भी दिया गया।
सभी पदाधिकारियों ने प्राथमिक शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं जैसे कि ट्रांसफर, एलटीसी, मेडिकल, एसीपी आदि अनेक समस्याओं के बारे में चर्चा की और प्राथमिक शिक्षकों की सभी समस्याओं का समाधान करवाने के लिए आगामी रणनीति भी बनाई।इस इस अवसर पर बिजेन्दर खटाना जिला कोर्डिनेटर,भगवान दास खण्ड सोहना प्रधान,अभिषेक गौड़ जिला उप प्रधान,सुरेन्द्र सिंह खण्ड गुरुग्राम प्रधान,मीनाक्षी चौहान खण्ड सोहना उप प्रधान,सीमा रानी खण्ड सोहना सचिव,खण्ड पटौदी प्रधान रेनू मैहरा,कविता रानी खण्ड पटौदी उप प्रधान,आशु आहूजा खण्ड पटौदी प्रैस प्रवक्ता,खण्ड फर्रुखनगर प्रधान अजय बेरी,सुशील भाटी खण्ड सोहना कोषाध्यक्ष, सुरेंदर कुमार खण्ड सोहना ऑडिटर आदि अनेक पदाधिकारियों भी मौजूद थे।

शहर में ही होगा नियमित अल्ट्रासाउंड, गर्भवती माताओं को मिलेगी बड़ी राहत

जिला महिला चिकित्सालय में हुई अव्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे सीएमओ

समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी

लखीमपुर --- जनपद खीरी मे भारी बारिश के चलते जिला महिला चिकित्सालय में हुई अव्यवस्थाओं का निरीक्षण करने सीएमओ डॉ अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी बुधवार सुबह पहुंचे। जहां उन्होंने बारिश के चलते हुई अव्यवस्थाओं को दूर करने के लिए सीएमएस डॉ. ज्योति मेहरोत्रा से वार्ता की।
इस दौरान सीएमएस ज्योति मेहरोत्रा ने बताया कि भारी बारिश के कारण और भवन पुराना होने के चलते कई जगह से छत टपक रही है। वहीं पानी के रिसाव के चलते भवन के कई हिस्सों में पानी भर गया है। पानी को निकालने के प्रबंध किए जा रहे हैं, परंतु इस दौरान मरीजों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसके लिए
सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने गर्भवती माताओं को लेकर की जा रही ओपीडी और अल्ट्रासाउंड को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयरन, कैल्शियम सहित फोलिक एसिड और समस्त जरूरी दवाओं की उपलब्धता बनाए रखें। वर्तमान समय में यह देखने को मिल रहा है कि तमाम गर्भवती माताएं जो डिलीवरी के लिए आती हैं उनमें खून की बहुत अधिक कमी होती है। ऐसे में उन्होंने सभी गर्भवती माताओं से अनुरोध किया कि अस्पताल में दी जा रही दवाओं का नियमित रूप से सेवन करें। हरी साग सब्जियां खाएं और शुद्ध और साफ पानी पिएं। बारी बारिश के दृष्टिगत उन्होंने कहा कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और डिलीवरी प्वाइंट को

एक्टिव मोड पर रखा गया है और निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी गर्भवती माता को समस्या का सामना ना करना पड़े। इसी के साथ उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं के लिए शहर में ही अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था कर दी गई है। इसी सप्ताह मे चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड शुरू हो जाएगा। वहीं प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रत्येक माह की 9 तारीख को जिला महिला चिकित्सालय में नियमित अल्ट्रासाउंड किया जाएगा। इसके लिए डॉ. दिनेश पुष्कर को निर्देशित किया गया है।

अतर्रा की अंजलि द्विवेदी ने भाषण प्रतियोगिता में पाया द्वितीय स्थान।

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला। बांदा।ब्रह्म विज्ञान इ का अतर्रा बांदा की कक्षा 10 की छात्रा अंजली द्विवेदी ने जनपदीय भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिस पर 2100 रुपये का पुरस्कार मिला, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री विनोद कुमार सिंह, ने दर्शनीय चेक प्रदान कर सम्मानित किया, विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवदत्त त्रिपाठी प्रबंधक श्री सुरेन्द्र सिंह, कालीचरण बाजपेयी चेतराम शान्तिभूषण यादव, अरुण कुमार, बीरेंद्र दीक्षित, सोमनाथ, राजेन्द्र कुमार, राजेश कुमार, सुशील कुमार, सुरेन्द्र शर्मा कमलेश कुमार, राममिलनयादव, मधु सविता, प्रेमलता सिंह आदि सभी ने शुभकामनाएँ दी, तथा मण्डल में विजयी होने के लिए प्रेरित किया, यह प्रतियोगिता डीएवी इण्टर कालेज बांदा में हुई, मेरे जीवन में आयुर्वेद की उपयोगिता विषय पर भाषण प्रतियोगिता सम्पन्न हुई, अंजलि द्विवेदी ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए कहा कि यह सामाजिक ज्ञान मुझे माता पिता और गुरुजनों से ही मिला है !

जनपद बांदा के गांवों में अन्ना गोवंश को लगवाया जाए टीका

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।

बांदा । गांवो की गौशालाओ व अन्ना टहल रही सड़कों में गोवंशो को लंपि वायरस से बचाने के लिए टीका जल्द से जल्द लगवाने व अन्य सुधार हेतु के संबंध में आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मिलकर जनपद से संबंधित गौशालाओं में स्वास्थ्य सेवाएं शासन के मंशानुरूप नहीं है, हमारे समिति के पदाधिकारियों ने गौशालाओं का व पशु चिकित्सालयो का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकांश गौशालाओं में संरक्षित जानवरों को व आवारा घूम रही गोवंशो को अभी तक टीकाकरण नहीं किया गया। खतरनाक लंपी वायरस तेजी से मवेशियों में फैल रहा है जिससे उनकी दर्दनाक मौत होना लगभग निश्चित ही होता है। पशु चिकित्सालयों में चिकित्सक नहीं मिलते, समय से नहीं आते हैं, जिससे पशुपालकों को घंटों इंतजार करना पड़ता है जिसके चलते यहां पर फोर्थ क्लास कर्मचारी पशुओं का इलाज करा रहे हैं। चिकित्सक व कंपाउंडर समय से ना आकर इधर होटलों में अपना मोबाइल चला रहे हैं जिससे कई बार इलाज के अभाव में बीमार पशुओं की मौत हो जाती है।

किसी किसी पशु चिकित्सालय में हफ्ते में केवल एक या दो बार ही आते हैं।

ग्राम पंचायतों में बनी गौशालाओं में व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाए, गोवंशो के खान-पान से लेकर रखरखाव व स्वास्थ्य सेवाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही जनपद क्षेत्र के पशु चिकित्सकों को आगाह करते हुए कहा जाए कि घायल मवेशियों को समय रहते दवा की जाए साथ ही यदि लंपी बीमारी से किसी भी मवेशी की मौत होती है तो संबंधित प्रभारियों से कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। जांच उपरांत भी चेतावनी दी जाए एवं मांग के साथ स्वास्थ्य सेवाओं को शासन के अनुसार सुनिश्चित किया जाए !

केंद्रीय मंत्री से मिल बांदा कानपुर मार्ग बनवाए जाने के लिए दिया ज्ञापन ।

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।

बांदा।जिला पंचायत सदस्य भरत सिंह ने भारत सरकार में सड़क परिवहन और राजमार्ग, जहाजरानी, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण के केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की तथा अपने जनपद की खस्ताहाल सड़कों के विषय में अवगत करवाया।

सिंह ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात करते हुए बताया कि बांदा से कानपुर का मुख्य सड़क मार्ग वारिस के चलते पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। इसी खस्ताहाल सड़क से जनपद के चिकित्सालयों से रेफर किए गए गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज हेतु कानपुर और लखनऊ के लिए गुजरना पड़ता है। खस्ताहाल सड़क की वजह से जो दूरी महज दो से ढाई घंटे में पूरी की जा सकती उस दूरी को तय करने में पांच से छः घंटे लगते हैं। खराब सड़क होने के चलते रेफर किए गए गंभीर मरीज कई बार रास्ते में ही दम तोड देते हैं। आवगमन में भारी समस्या होती है। खराब और खस्ताहाल सड़क से जहां एक ओर यातायात के साधनों की दुर्दशा हो रही है तो वहीं दूसरी आम आदमी सहित गंभीर मरीजों को भी भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। क्षेत्रीय विकास के लिए जिला पंचायत सदस्य भरत सिंह ने कमर कस ली हैं। सिंह का कथन है कि केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने आश्वासन दिया है कि जनहित और जन उपयोगी कार्य शीघ्र करवाए जायेंगे। जिला पंचायत सदस्य भरत सिंह के इस प्रयास से जनपदवासियों में खुशी का माहौल है। जनपद के व्यापारियों, मरीजों, गाड़ी मालिकों सहित आम आदमी को इस मुख्य मार्ग के बन जाने से बड़ी राहत मिलेगी।

विद्यार्थी परिषद छात्रों में व्यक्तित्व निर्माण एवं चरित्र निर्माण का कार्य करती है – विधायक प्रकाश द्विवेदी

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।

बांदा । रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज बांदा सभागार में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वधान में प्रतिभा संगम समारोह आयोजित किया गया। समारोह में यूपी और सीबीएसई बोर्ड में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की। इस दौरान यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले शिवम साहू, आदित्य बुंदेला, संजना गुप्ता और इंटरमीडिएट परीक्षा की मेरिट सूची में टॉप टेन में शामिल रही छात्रा स्नेहा भारद्वाज समेत शुभी अवस्थी प्रतिभा पाल और सीबीएसई हाई स्कूल में योगेंद्र सिंह श्रुति नामदेव आशुतोष सिंह इंटरमीडिएट परीक्षा में निर्झर बाजपेई प्रशांत सिंह पियूष कुमार द्विवेदी सचिन मिश्रा अभय राज गुप्ता के अलावा लगभग 12100 छात्रों को लघु एवं सूक्ष्म उद्योग केंद्रीय राज्यमंत्री भानु प्रताप वर्मा ने सम्मानित किया।

वहीं समारोह में सदर विधायक बांदा प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद छात्रों में व्यक्तित्व निर्माण एवं चरित्र निर्माण का कार्य करती है।शिक्षा क्षेत्र में सबसे अधिक सक्रिय रहने वाला छात्र संगठन है। विधायक ओम मणि वर्मा ने कहा कि परिषद राष्ट्र हित व छात्र हित के साथ साथ समाज में फैली बुराइयों के प्रति भी लड़ने का कार्य करती है। परिषद के कानपुर प्रांत संगठन मंत्री अंशुल विद्यार्थी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद राष्ट्र निर्माण में छात्रों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर रही है चित्रकूट धाम मंडल आयुक्त एमपी सिंह ने मेधावी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

समारोह में दिनेश दीक्षित प्रांत उपाध्यक्ष, अखिलेश सिंह, तरूण बाजपेई, भाजपा जिला अध्यक्ष संजय सिंह, बलराम द्विवेदी, अशोक सिंह परिहार, डॉक्टर के एस तोमर, डॉ विज्ञा मिश्रा, दिव्यांशु मिश्रा, शैलेश सिंह, अमित सेठ भोलू, नीतीश कुमार निगम, रतन चतुर्वेदी, विनय गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे !

बेमौसम बरसात से मकान एवं फसलों के हुए नुकसान का जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

दैनिक समाज जागरण बहजोई । जिलाधिकारी मनीष बंसल ने विकासखंड सम्भल के ग्राम रामपुर उर्फ यारपुर में बेमौसम बरसात के कारण मकान एवं फसलों के नुकसान को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया जिसमें जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा आकलन के अनुसार नुकसान का मुआवजा दिलवाने के भी निर्देश दिए। इसके उपरांत धान एवं अन्य फसलों के नुकसान का भी स्थलीय निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमित किसानों को बीमा कंपनियों के द्वारा फसल के नुकसान की भरपाई भी की जाए। ग्राम में विकास की स्थिति को देखते हुए ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी पर नाराजगी व्यक्त की एवं जिलाधिकारी ने गांव की सड़कों, सामुदायिक शौचालय, ग्राम पंचायत भवन का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। और उन्होंने कहा कि पंचायत भवन तक अच्छी रोड का निर्माण कार्य किया जाए पंचायत भवन की बाउंड्री वाल का निर्माण कराने के भी निर्देश दिए और उन्होंने ग्राम पंचायत में आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए कैंप लगाने के निर्देश दिए और उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए लोगों को अधिक से अधिक जागरूक किया जाए एवं वृद्धावस्था पेंशन एवं अन्य पेंशनों को बनवाने के निर्देश दिए तथा गांव की साफ सफाई एवं विकास कार्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी संभल विनय कुमार मिश्रा, तहसीलदार संभल मनोज कुमार, एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

बांदा में कलमकारो ने अनशन के 16वें दिन जिला प्रशासन का फूंका पुतला।

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।

बांदा । लगातार 15 दिन से चल रहे अनशन में बैठे पत्रकारों ने 16वें दिन जिला प्रशासन का पुतला फूका और मुदार्बाद के बारे लगाए वही पत्रकारों ने जिला प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश व्यक्त किया।

आपको बताते चले पूरा मामला विगत 25 सितंबर को ग्रामीणों की सूचना पर अवैध खनन के ओवरलोड वाहनों से गांव में लग रहे जाम की खबर कवर करने गए 7 पत्रकारों को फर्जी तरीके से नरैनी सीओ और खनन माफियाओं की मिलीभगत से बिना जांच किए रंगदारी जैसे मामले में जेल भेज दिया गया जब इसकी सूचना जिले के विभिन्न पत्रकारों को हुई तो उन्होंने आनन फानन में मामले को संज्ञान लेते हुए प्रशाशन से बात करना चाही लेकिन उन्हें वहा भी असफलता हाथ लगी वही जब अगले दिन उन्होंने जिला

आहत होकर संविधान का चौथा स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकारों ने जिला प्रशासन का पुतला फूका और भरी आक्रोश व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन मुदार्बाद के नारे लगाए तभी मौके पर मौजूद पुलिस ने पत्रकारों के हाथ से पुतला छीनने की कोशिश जिससे काफी नोक झोंक हुई और जबरजस्ति पुलिस प्रशासन ने पत्रकारों के हाथ से पुतला छीन लिया।अब देखने लायक है इसके बाद क्या उत्तरप्रदेश सरकार जो हमेशा पत्रकारों के हितों की बात करती है क्या यहां अनशन में बैठे पत्रकारों की आवाज सुनेगी या वो बातें ही बातें रह जायेंगी और यूहीं संविधान के चौथे स्तंभ की आवाज दबाई जायेगी !

अधिकारी बांदा अनुराग पटेल से प्रार्थना पत्र के माध्यम से मिलना चाहा तो वहां भी प्रशाशन ने उनकी एक न सुनी जिससे अक्रोशित होकर पत्रकार क्रमिक अनशन में बैठ गए लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी जिला प्रशासन ने उनका संज्ञान ना लिया न ही जिला प्रशासन का कोई अधिकारी उनकी आवाज सुनने आया जिससे

मानसिक रोगों से बचाव के लिए जागरुकता है जरूरी ।

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।

बांदा। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के क्रम में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने दीप प्रज्वलन कर किया।

जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने बताया कि मानसिक रोग ना हो उसके लिए जागरूकता बहुत जरूरी है आप परिवार को समय दें अपने माता-पिता वृद्ध जनों को सम्मान दें इससे आपके परिवारिक वृद्धजनों में मानसिक रोग की संभावना बिल्कुल कम हो जाती है। साथ ही जब आप शाम को घर जाते हैं तो उन्हें मुस्कुराकर जादू की झप्पी दीजिए , साथ ही उन्होंने डॉक्टरों को यह सलाह दिया कि वह मरीजों से प्रसन्न होकर बातचीत व इलाज करें जिससे मरीज जल्दी ठीक होगा. विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की जिला अधिकारी महोदय ने सभी को शुभकामनाएं दिया और हमेशा प्रसन्न रहने की सलाह दी। मनोरोग चिकित्सक डॉ0हर दयाल ने बताया कि मानसिक रोग किसी को भी किसी भी उम्र में हो सकता है यदि काम में मन न लगता हो, मूड और पर्सनालिटी तेजी से बदल रही हो एकाग्रता में कमी हो तो समझ ले कि आप मानसिक रोगी होते जा रहे हैं। इससे आप बचाव रखें बचाव के लिए आप सकारात्मक विचार रखें लोगों से मिले सहोगात्मक कार्य करें अपर सीएमओ डॉ आरएन प्रसाद प्रसाद ने बताया कि विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर 10 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक मानसिक जागरूकता सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा साथ ही जिलाधिकारी महोदय का धन्यवाद ज्ञापित किया।

अपर चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय कुमार ने बताया कि मानसिक रोग के बचाव के लिए पूरे जिले में मानसिक जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। अनुश्रवण अधिकारी नरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि स्कूल /कॉलेज /इंटर कॉलेज में पूरे सप्ताह मानसिक जागरूकता प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम

प्रस्तावित है साथ ही उन्होंने लोगों को योग करने की सलाह दी।

डॉ अर्चना भारती ने बताया कि बिगड़े दिमाग में विचारों के ही लक्ष्य है हमें पागल ही रहने दो हम पागल ही अच्छे हैं इस दोहे के साथ उन्होंने शुरूआत किया और कार्यक्रम का सफल संचालन किया जिसकी जिलाधिकारी ने भी प्रशंसा किया।

तंबाकू निषेध कार्यक्रम के विषय में डॉक्टर रामवीर व कुलसुम हाशमी ने बताया साथ में मानसिक रोग की टीम जिसमे साइकोलॉजिस्ट डा0रिजवाना हाशमी ,सहायक अनुपम त्रिपाठी अशोक कुमार ने पूरा सहयोग किया। शुगर और काउंसलिंग का कार्य चंद्रेश गुप्ता ,अनामिका त्रिपाठी वंदना तिवारी देखा ।सहयोग अरविंद गुप्ता जहीर ने किया ।कार्यक्रम में फिजियो थेरेपी निशांत मौर्य ,शिवधर यादव शशि कला ने संपादित किया साथ में डॉ आर के गुप्ता डॉक्टर विनीत सचान ने मंच मे अपने विचार मानसिक जागरूकता संबंधी रखें !

दैनिक समाज जागरण बहजोई । कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशन एवं अपर जिलाधिकारी कमलेश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में जिला नगरीय विकास अभिकरण गठित समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें परियोजना अधिकारी डूडा श्रीमती अंजू सिंह द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में बहजोई को भी अब शामिल कर लिया गया है। इससे पूर्व चंदौसी एवं संभल इस योजना में शामिल थे इस योजना का प्रमुख उद्देश्य मलिन बस्तियों के लोगों को स्वयं सहायता समूह बनाकर विभिन्न विभागों के माध्यम से लाभ दिलवाना है ताकि लोग अपनी आजीविका को सही ढंग से निर्वहन कर सकें। एवं बैंक, श्रम विभाग एवं सेवायोजन की स्कीम से लोगों को लाभान्वित किया जाएगा सके। जिला उद्योग केंद्र द्वारा संचालित योजनाओं द्वारा इनको जोड़ा जाएगा। बहजोई में एक शेल्टर होम या आश्रय गृह बनाए जाने को लेकर भी चर्चा की गई। जिस पर अपर जिलाधिकारी ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी बहजोई को भूमि तलाशने के निर्देश दिए। इसके उपरांत प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना आदि को लेकर भी चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर परियोजना अधिकारी डूडा अंजू सिंह, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, जिला अग्रणी प्रबंधक अमित बिश्नोई, डी सी एन आर एल एम रामायण सिंह, एवं समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिस पत्नी को मरा दिखाकर पति ने दावा ठोंका,वह न्यायालय मे पेश होकर बोली- मैं जिन्दा हूं।

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।

बांदा । यहां के मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण न्यायालय मे एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। न्यायालय मे एक ब्यक्ति ने अपनी जिस पत्नी की दुर्घटना मे मारे जाने का दावा पेश कर क्लेम किया है,वह मंगलवार को न्यायालय मे सशरीर जिन्दा पेश हो गयी। भरी अदालत मे वह जज से बोली- साहब मैं जिन्दा हूं। मेरा पति न्यायालय मे मुझे मरा दिखाकर क्लेम का पैसा हथियाने के साथ-साथ मेरी हत्या करना चाहता है। महिला की बात सुनकर अदालत और वहां मौजूद लोग स्तब्ध रह गये। अदालत कोई कार्यवाही करती, इसके पहले ही वहां मौजूद महिला का पति अदालत से भाग निकला।

मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण न्यायालय मे पेश हुआ यह मामला जिले के पैलानी थाने के निवाइच गांव का बताया गया है। यहां के दयाराम नामक ब्यक्ति ने चोला मंडलम इंश्योरेन्स कंपनी लि आदि के खिलाफ अपनी पत्नी सुधा की मृत्यु दर्शाकर मोटर वाहन दुर्घटना न्यायालय मे क्लेम का मुकदमा दायर किया था।

न्यायालय के पीठासीन अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार पांडेय की कोर्ट ने अदालत मे पेश हुयी महिला सुधा की बात सुनकर अपने आदेश मे कहा कि चूंकि जिस महिला की मृत्यु हो चुकी है और उसके लिये दावा किया गया है,लेकिन वह महिला जीवित है। मामला काफी गंभीर प्रतीत होता है। न्यायाधीश पांडेय ने एसपी बांदा को आदेश दिया कि प्रस्तुत मामले मे सर्वप्रथम याचिका से सम्बंधित सभी पहलुओं की जांच कर न्यायाधिकरण मे 15 दिन के अंदर आख्या दाखिल किया जाए। यदि आवेदिका सुधा देवी का कथन सत्य है तो दोषी पाये गये ब्यक्ति के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाए। न्यायाधीश ने एसपी को यह भी आदेश दिया है कि सुधा देवी को मामले के निस्तारण तक सुरच्छा प्रदान की जाये।

पुलिस अधीक्षक बांदा को आदेश जारी किया कि जिस महिला की मृत्यु के लिए प्रस्तुत याचिका दाखिल की गई है वह महिला जीवित कही जा रही है और स्वय न्यायालय के समक्ष उपस्थित है, जिस कारण यह मामला जांच का गंभीर विषय है। न्यायाधीश धर्मेंद्र कुमार पांडेय की कोर्ट ने दयाराम बनाम चोला मंडलम इंश्योरेंस कंपनी लि आदि के मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि याचिका से संबंधित सभी पहलुओं की जांच आख्या पुलिस अधीक्षक बांदा से मगाया जाना न्याय की दृष्टि से आवश्यक है साथ ही यदि न्यायाधिकरण में उपस्थित महिला सुधा देवी का कथन सत्य है तो दोषी व्यक्ति के विरुद्ध विधिक कार्यवाही हेतु कदम उठाया जाए। मोटर वाहन न्यायाधिकरण में लंबित मामला इस प्रकार सामने आया कि दयाराम पुत्र बद्री निवासी ग्राम निवायच तहसील पैलानी जिला बांदा ने क्लेम पाने के लिए दावा किया था। न्यायाधिकरण में मगलवार देर शाम तक सुनवाई के समय श्रीमती सुधा देवी की ओर से कथन किया गया कि मृतका सुधा देवी याची दयाराम की पत्नी है और वर्तमान समय में जीवित है।वह गया प्रसाद पुत्र दुर्जन निवासी वार्ड 3 भरुआ सुमेरपुर की पुत्री हैं। याची दयाराम ने किसी अन्य महिला की मृत्यु को अपनी पत्नी सुधा देवी बता कर कूट रचित अभिलेख बनाकर फर्जी मुकदमा दायर किया गया है। मुकदमा फर्जी तरीके से प्रस्तुत किया गया है। इसके लिए विपक्षी पार्टी 3 कमलेश कुमार तिवारी ने सपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। जिस पर न्यायालय ने पिछली तिथि में यह बात कही थी कि चुकि मामला गंभीर प्रकृति का था। निर्देश दिया गया था की दिनाक 11 अक्टूबर 22को सुधा देवी को न्यायालय के समक्ष उपस्थित कराया जाए। मंगलवार को मोटर वाहन न्यायाधिकरण के समक्ष सुधा देवी आदेश पर उपस्थित हुई। उनके साथ पिता गया प्रसाद, माता श्री मती पच्ची ने सपथपत्र देकर बताया कि उनकी पुत्री सुधा का मायका वार्ड न 3 भरुआ सुमेरपुर जिला हमीरपुर है। सुधा की शादी 1998में दयाराम पुत्र बद्री प्रसाद निवासी ग्राम निवायच तहसील पैलानी जिला बांदा के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी के बाद दयाराम दहेज के लिए मारता पिटता था और घर से निकाले जाने पर सुधा देवी मायके में रह रही थी। सुधा देवी ने कथन किया है कि उसके हाथ में अपने पति दयाराम के नाम भी गुदवाए है। मोटर वाहन न्यायालय के समक्ष उपस्थित हो गई सुधा देवी ने बयान दिया कि उसका पति किसी अन्य महिला की मृत्यु दिखाकर फर्जी क्लेम पाने की गरज से दावा किया गया है। विद्वान न्यायाधीश श्री पांडे ने अपने आदेश में कहा है कि याची दयाराम और उनके अधिवक्ता बार बार बुलाने पर भी न्यायाधिकरण में उपस्थित नही हो रहे हैं। न्यायालय कर्मी ने बताया कि याची दयाराम उपस्थित थे लेकिन सुधा देवी को न्यायालय के समक्ष उपस्थित देखकर भाग गया। न्यायाधीश ने अपने फैसले में कहा कि प्रथम सूचना रिपोर्ट में सुधा देवी को मृतक बताया गया है और पंचायत नामा किया गया है। पोस्ट मार्टम भी किया गया है। उसके बाद विवेचना रिपोर्ट पत्र भी दाखिल किया गया है। प्रथम सूचना रिपोर्ट मुकदमा अ स 35/2014 अंतर्गत धारा 279,304ए भा द स थाना पैलानी सदर बांदा दर्ज है।विवेचना आरोप पत्र 4मई 2014को संबंधित न्यायालय में दाखिल किया गया है। पीठासीन अधिकारी धर्मेंद्र कुमार पांडेय की कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि चूंकि जिस महिला की मृत्यु हो चुकी है और उसके लिए दावा किया है लेकिन वह महिला जीवित है। मामला देखने में बहुत ही गंभीर प्रतीत होता है। न्यायाधीश ने पुलिस अधीक्षक बांदा को आदेश दिया कि प्रस्तुत मामले में सर्वप्रथम याचिका से संबंधित सभी पहलुओं की जांच कर न्यायाधिकरण में 15 में दाखिल किया जाए।यदि आवेदिका सुधा देवी का कथन सत्य है तो दोषी पाए गए व्यक्ति के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाए। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के समक्ष उपस्थित सुधा देवी ने कथन किया कि दावा प्रस्तुत करने वाला दयाराम उसे क्षति करित कर सकता है। ऐसी स्थिति में न्यायाधीश ने पुलिस अधीक्षक बांदा को आदेश दिया कि आवेदिका सुधा देवी को मामले के निस्तारण तक आवश्यक सुरक्षा प्रदान की जाए। आदेश की प्रति के साथ प्रथम सूचना रिपोर्ट, पंचायत नामा, पोस्ट मार्टम रिपोर्ट और दावा याचिका की छाया प्रति पुलिस अधीक्षक बांदा को भेजने का भी आदेश दिया। मामले की सुनवाई 2नवंबर 22को की जाएगी

प्रधान पति पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में पुलिस ने किया चालान

दैनिक समाज जागृत विजेंद्र सिंह जुनावई

जूनावई रोड किनारे मृतक हुई गोवंशीय पशुओं को ट्रैक्टर ट्राली से खींच कर ले जाने का आरोप प्रधान पति सहित अन्य लोगों पर आरोप लगाते हुए क्षेत्र के युवक ने थाने में तहरीर दी है। इसी के चलते थाना पुलिस ने प्रधान पति पुत्र सहित तीन लोगों पर धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाने आईपीसी की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। वहीं ग्राम प्रधान पति के खिलाफ मुकदमा होने पर प्रधान संगठन के लोगों ने थाने में पहुंच कर प्रधान को छुड़ाने की मांग की। वहीं पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु सीआरपी की धारा में प्रधान पति का चालान कर दिया है ।

ग्राम पंचायत जुनावई क्षेत्र में बीमारी के चलते गोवंशीय पशुओं मौत होने पर ग्राम प्रधान पप्पू 3 मृत पशुओं को ट्रैक्टर ट्राली में डालकर दफन करने हेतु जा रहे थे। वहीं जुनावई थाना क्षेत्र के मैंड़ोली गांव निवासी प्रकाश द्वारा मेरठ बदायूं हाईवे पर 1 गोवंश पशु को ट्रैक्टर ट्राली से पशु के पैर बांधकर खींचकर ले जाने का आरोप लगाते हुए जूनावई थाने में तहरीर दी गई थी।

वहीं थाना पुलिस ने प्रकाश के द्वारा थाने में तहरीर दिए जाने को लेकर प्रधान पति पप्पू पुत्र शाहिद एवं जितेंद्र कुमार के खिलाफ के खिलाफ जुनावई थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। थाना पुलिस के द्वारा प्रकाश की तहरीर के आधार पर तीनों के खिलाफ आईपीसी की धारा 295ए की धारा में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। ग्राम प्रधान पति के द्वारा मृतक गोवंश पशुओं को दफन किए जाने को लेकर ग्राम प्रधान पति पर आरोप के तहत आईपीसी की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत होने पर ग्राम प्रधानों में रोष देखने को मिला। इसी के चलते ग्राम प्रधान संगठन के लोगों ने जिला अध्यक्ष एवं ब्लाक अध्यक्ष किए अध्यक्षता में बैठक करते हुए ग्राम प्रधान पक्ष में थाना प्रभारी कुलदीप कुमार से बात की। वही प्रधान अध्यक्ष गौरव कुमार एवं ब्लॉक अध्यक्ष भारत सिंह सहित प्रधानों ने पुलिस को बताया कि अगर इस तरह से प्रधानों पर कार्यवाही होती रही तो कोई भी प्रधान मृतक पशुओं को दफन करने हेतु उठाने की जहमत नहीं उठा पाएगा। वह इस मौके पर प्रधान संगठन अध्यक्ष गौरव कुमार ब्लॉक अध्यक्ष भावना कुमारी के प्रति भारत सिंह यादव, कोषाध्यक्ष रवि कुमार, चंद्रकेश, वीरपाल ,उमेश यादव, आराम सिंह, ललतेश कुमार सहित दो दर्जन भर ग्राम प्रधान लोग मौजूद रहे।

वहीं संबंध में लेकर खंड विकास अधिकारी अखिलेश कुमार ने बताया ग्राम पंचायत क्षेत्र में आवारा गोवंशीय पशु के मृत्यु होने पर यह कार्य ग्राम प्रधान का है । ऐसे मृत पशुओं को ग्राम प्रधान के द्वारा पंचायत की किसी भी स्थान पर दफन करा देना चाहिए। उसी के तहत जूनावई ग्राम पंचायत प्रधान पति पप्पू मृत पशुओं को दफन करा रहा था। जिस पर राजनीति के चलते तमाम तरह के अंकुश लोगों के द्वारा लगा दिए गए। राजनीति देश भावना के चलते प्रधान पर अंकुश लगाते रहे तो प्रधान इस कार्य को करने से डरते रहेंगे। ग्राम पंचायत स्तर मृत पशुओं को न उठाये जाने पर ग्राम पंचायत में तमाम तरह की अवस्थाएं फैलने के साथ ही गंदगी एवं रोग फैलने का खतरा बना रहेगा।

दबंगों ने शिपाही से की अभद्रता का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

दैनिक जागरण समाज जागरण विजेंद्र सिंह गुन्नौर थाना कोतवाली गुन्नौर क्षेत्र के अंतर्गत ववराला रेलवे क्रॉसिंग पर मंगलवार की शाम को गुन्नौर पुलिस के सिपाही अजय कुमार जाम खुलवा रहे थे तभी एक बाइक पर सवार तीन लोग गलत साइड से बाइक रेलवे लाइन पर चढ़ाने की कोशिश कर रहे थे। तभी सिपाही अजय कुमार ने उन्हें रोका तो बाइक पर सवार दो युवक सिपाही के साथ अभद्रता करने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह दबंग बाइक सवारों के कब्जे से सिपाही को बचाया सिपाही ने एक आरोपी युवक को दबोच लिया। सूचना पर बवराला चौकी से अन्य पुलिसकर्मी भी पहुंचे गये। पुलिस की गिरफ्त आये युवक श्यामवीर पुत्र हरि भगवान निवासी चमरपुरा थाना रजपुरा ने बताया कि वह बिजली विभाग में संविदा पर लाइनमैन है। सिपाही अजय कुमार की तहरीर पर पुलिस ने गिरफ्तार युवक एवं मोहरपाल पुत्र कंछी लाल निवासी जिजोड़ा थाना रजपुरा सहित 2 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार युवक को न्यायालय भेज दिया। गुन्नौर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र पाल सिंह पूनिया ने बताया मंगलवार की शाम को सप्ताहिक बाजार होने के कारण रेलवे फाटक पर ट्रैफिक जाम होने की सूचना मिली थी सिपाही अजय कुमार जाम खुलवा रहे थे तभी वहां पर बाइक सवार श्यामवीर पुत्र हरि भगवान निवासी चंमरपुरा मोहरपाल पुत्र कंछी लाल थाना रजपुरा जनपद संभल ने शिपाही से अभद्रता की जिसमें दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर श्यामवीर पुत्र हरि भगवान को गिरफ्तार कर लिया है जिसे न्यायालय भेजा रहा है दूसरा आरोपी फरार है जिसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

अति पावन व्रत करवा चौथ------

संजय यादव, पूर्व विधायक सिकंदरपुर, बलिया।

अपने मन वचन कर्म से पत्नी को संतुष्ट रखना है व्रत

पत्नी पूरी ईमानदारी से ससुराल आकर ही पति और उनके परिवार की सेवा में लीन हो जाती है। सेवा जतन लगायत हर कार्य करती भी है उपर से निर्जला करवा चौथ का व्रत कर पति को दीघार्यु बनाती है। ऐसे में पति को भी पत्नी की संतुष्टि के लिए कुछ करना चाहिए।

मेरा मानना है कि यदि मन कर्म और वचन से भी पत्नी को संतुष्ट रखा जाए तो वह करवा चौथ व्रत जैसा ही होगा। राजनीति में ईमानदारी से समाज की सेवा करने के बाद भी मैं अपनी पत्नी और बच्चे का ख्याल रखता हूं। समय अवश्य उन्हें कम मिलता है त्थ स्नेह नहीं। मेरी पत्नी भी मुझे ऐसा करने हेतु शुरू से प्रेरित करती है उसके लिए शुक्रगुजार भी हूं।

देवनारायण सिंह पूना प्रमुख प्रतिनिधि दुबहड़ बलिया

पत्नी का सभी कार्य निपटा देता हूं करवा चौथ व्रत का तोहफा

पत्नी पति के बहुत कार्य और व्रत करतीं हैं। यह विशुद्ध रूप से बड़ा कार्य है। पतियों को भी चाहिए कि वह पत्नी के लिए ईमानदारी से कार्य करे। पति भक्त होना जैसे पत्नियों का सम्मान है वैसे पत्नी भक्ति भी सम्मान से होनी चाहिए।

मैं अपनी बात करुं तो मैं पूरी तरह पत्नी भक्त हूं। मेरी पत्नी ब्लॉक प्रमुख हैं। मैं उनका प्रतिनिधि बन क्षेत्र में उनके सभी कार्य निष्पादित करता हूं। ईमानदारी से पत्नी सेवा कर मैं उनके करवा चौथ व्रत के बदले को उतारने का प्रयास कर रहा हूं। फिर भी पत्नी की कर्मठता की बराबरी मुश्किल है।

सुधीर सिंह, तहसील अध्यक्ष ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन बैरिया

पत्नी की सलामती ढूढना हर पति का कर्तव्य

पति को दीघार्यु रखने हेतु महिलाएं तो अति पावन व्रत करवा चौथ रखती हैं पर पुरुषों के लिए ऐसे किसी व्रत का विधान नहीं है सुहागिनें प्रतिवर्ष इस निर्जला व्रत को करती हैं। धन्य है यह देश और इसकी संस्कृति व परंपराएं।

ऐसा निश्चल प्रेम और त्याग देख कर तो लगता है काश! पतियों के लिए भी पत्नियों के प्रति ऐसा व्रत बना होता। बात मैं अपनी करुं तो मैं तन से नहीं पर मन से हमेशा पत्नी के लिए व्रत रहता हूं। वक्त मिलते ही यथा संभव पत्नी के कार्य में हाथ बटांता रहता हूं। जैसे व्रत के समय खाना पकाना, बर्तन धोना, कपड़े धोना वगैरह-वगैरह। उन्हें मनोवांछित उपहार देना। उनकी सुविधाओं का ख्याल रखना आदि। मैं धन्य हूं जो ईश्वर ने मुझे ऐसी सुंदर व सुशील पत्नी दी है जो हमेशा ही मेरा ख्याल रखती है।

संजय ओझा, प्रधान आरक्षी, उत्तर प्रदेश पुलिस

पत्नी के लिए पति क्यों नहीं कर सकता व्रत

हर काम में पतियों को भी अपनी पत्नियों का साथ देना चाहिए। करवा चौथ व्रत यह पत्नियों का ही त्यौहार नहीं है पतियों का भी त्यौहार है। अगर करवा चौथ व्रत पत्नी अपने पति के लिए करती है तो क्या पति करवा चौथ व्रत अपनी पत्नी के लिए नहीं कर सकता है।

जरूर कर सकते है अगर पति घर पर है और पत्नी घर के काम कर रही है तो पतियों का भी फर्ज बनता उसमें अपना भागीदारी दे। यह जरूरी नहीं है कि सारी परीक्षा पत्नियों को ही देनी पड़े, पतियों को भी कुछ परीक्षाएँ देनी चाहिए ' कोई काम छोटा या बड़ा नहीं होता यह जरूरी नहीं है हर काम पत्नी ही करेगी पति भी कर सकता है ' अगर हर परिस्थिति में पत्नी अपने आप को ढाल सकती है तो पतियों भी हर परिस्थितियों में उनके साथ खड़ा होना चाहिए और अपने आप को उसमें ढालना भी चाहिए ' मैं अपनी बात बताता हूँ मैं घर के हर काम में अपनी पत्नी के साथ पूरी ईमानदारी से रहता हूं और उसके भले कल्याण और स्वास्थ्य के लिए भगवान से मांगता हूं।

करवा चौथ

करवा चौथ का पर्व भारत में उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान और गुजरात में मुख्य रूप से मनाया जाता है। करवा चौथ का व्रत कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष में चंद्रोदय व्यापिनी चतुर्थी को किया जाता है। करवा चौथ स्त्रियों का सर्वाधिक प्रिय व्रत है। यों तो प्रत्येक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को गणेश जी और चंद्रमा का व्रत किया जाता है। परतु इनमें करवा चौथ का सर्वाधिक महत्त्व है। इस दिन सौभाग्यवती स्त्रियां अटल सुहाग, पति की दीर्घ आयु, स्वास्थ्य एवं मंगलकामना के लिए यह व्रत करती हैं। वामन पुराण में करवा चौथ व्रत का वर्णन आता है।

मान्यताएँ

- करवा चौथ व्रत को रखने वाली स्त्रियों को प्रातःकाल स्नान आदि के बाद आचमन करके पति, पुत्र-पौत्र तथा सुख-सौभाग्य की इच्छा का संकल्प लेकर इस व्रत को करना चाहिए।
- करवा चौथ के व्रत में शिव, पार्वती, कार्तिकेय, गणेश तथा चंद्रमा का पूजन करने का विधान है।
- स्त्रियां चंद्रोदय के बाद चंद्रमा के दर्शन कर अर्ध्य देकर ही जल-भोजन ग्रहण करती हैं।
- पूजा के बाद तांबे या मिट्टी के करवे में चावल, उड़द की दाल, सुहाग की सामग्री जैसे- कंघी, शीशा, सिन्दूर, चूड़ियां, रिबन व रुपया रखकर दान करना चाहिए तथा सास के पांव छूकर फल, मेवा व सुहाग की सारी सामग्री उन्हें देनी चाहिए।

विनय कुमार, अध्यापक, चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया

पत्नी को मानसिक कष्ट नहीं देना ही पति का असली करवा चौथ व्रत

हर काम में पतियों को भी अपनी पत्नियों का साथ देना चाहिए। करवा चौथ व्रत यह पत्नियों का ही त्यौहार नहीं है पतियों का भी त्यौहार है। अगर करवा चौथ व्रत पत्नी अपने पति के लिए करती है तो क्या पति करवा चौथ व्रत अपनी पत्नी के लिए नहीं कर सकता है। पत्नी को मानसिक कष्ट नहीं देना ही पतियों का करवा चौथ व्रत है।

पति कितना करते हैं यह तो उनकी आत्मा ही बेहतर जानती है। मेरे दिल में तो अक्सर यह बात आती है कि पत्नी की सलामती के लिए कोई व्रत होना चाहिए। व्रत तो नहीं है पृ मैं हमेशा अपनी मैडम की सलामती के लिए परम पिता परमेश्वर से अपेक्षा करता हूं। करने की बात करुं तो मैडम की बात काटूं इतनी हिम्मत मुझमें वैसे है नहीं। उनके व्रतोंके दिन मैं सरकार से अवकाश लेकर घर पर ही रहता हूं और गृहस्थी के उनके कार्य भी कुशलता से करता हूं। उनकी सुविधाओं का ख्याल रखता हूं। सब मिलाकर मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि पत्नी स्वस्थ और प्रसन्न रहे। और हर जन्म में मुझे पत्नी के तौर पर मिले।

सुजीत ओझा, प्रधान आरक्षी, उत्तर प्रदेश पुलिस, वाराणसी

पत्नी को तन मन धन से खुश रखना ही पतियों का व्रत और कर्तव्य

पत्नियां पुत्र, पुत्री पति सहित पूरे परिवार के लिए व्रत रखती हैं। पति के दीघार्यु होने के लिए निर्जला व्रत करवा चौथ बहुत महत्वपूर्ण और प्रसिद्ध है। पत्नी यदि पति के लिए इतना करती है तो पति को भी कुछ करना चाहिए पति को तन मन धन से पत्नी को खुश रखना चाहिए यही पतियों का व्रत और कर्तव्य है।

अगर पति घर पर है और पत्नी घर के काम कर रही है तो पतियों का भी फर्ज बनता उसमें अपना भागीदारी दे यह जरूरी नहीं है कि सारी परीक्षा पत्नियों को ही देनी पड़े, पतियों को भी कुछ परीक्षाएँ देनी चाहिए ' कोई काम छोटा या बड़ा नहीं होता यह जरूरी नहीं है हर काम पत्नी ही करेगी पति भी कर सकता है। मैं अपनी बात बताता हूँ मैं घर के हर काम में अपनी पत्नी के साथ पूरी ईमानदारी से रहता हूं और उसके भले कल्याण और स्वास्थ्य के लिए भगवान से मांगता हूं।

ब्रजेश ओझा गुंजन, प्रधानाचार्य इंटर कालेज

...काश पत्नी की सलामती के लिए भी कोई व्रत होता

पत्नियां पुत्र, पुत्री पति सहित पूरे परिवार के लिए व्रत रखती हैं। पति के दीघार्यु होने के लिए निर्जला व्रत करवा चौथ बहुत महत्वपूर्ण और प्रसिद्ध है। पत्नी यदि पति के लिए इतना करती है तो पति को भी कुछ करना चाहिए। पति कितना करते हैं यह तो उनकी आत्मा ही बेहतर जानती है। मेरे दिल में तो अक्सर यह बात आती है कि पत्नी की सलामती के लिए कोई व्रत होना चाहिए। व्रत तो नहीं है पृ मैं हमेशा अपनी मैडम की सलामती के लिए परम पिता परमेश्वर से अपेक्षा करता हूं। करने की बात करुं तो मैडम की बात काटूं इतनी हिम्मत मुझमें वैसे है नहीं। उनके व्रतोंके दिन मैं सरकार से अवकाश लेकर घर पर ही रहता हूं और गृहस्थी के उनके कार्य भी कुशलता से करता हूं। उनकी सुविधाओं का ख्याल रखता हूं। सब मिलाकर मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि पत्नी स्वस्थ और प्रसन्न रहे। और हर जन्म में मुझे पत्नी के तौर पर मिले।

रजनीश श्रीवास्तव, तहसील प्रभारी दैनिक समाज जागरण सिकंदरपुर

करे पति कितना भी पर पत्नी का कर चुकाना वश का नहीं

पति की दीघार्यु हेतु महिलाओं का अति पावन व्रत करवा चौथ करती हैं। पुत्रों के लिए भी व्रत का विधान है। पति कुछ भी कर ले पत्नी का कर उतार पाना उनके वश का नहीं है।

ऐसा नहीं है कि पति करते नहीं हैं पर पत्नियों का किया हमेशा बीस गिरता है। उनका संपूर्ण जीवन पारिवारिक प्रेम, सौहार्द, एकजुटता हेतु त्याग का होता है। अटूट बंधन का प्रेम। ऐसा निश्चल प्रेम और त्याग देख कर तो लगता है काश! पतियों के लिए भी पत्नियों के प्रति ऐसा व्रत बना होता। बात मैं अपनी करुं तो मैं तन से नहीं पर मन से हमेशा पत्नी के लिए व्रत रहता हूं। वक्त मिलते ही यथा संभव पत्नी के कार्य में हाथ बटांता रहता हूं। जैसे व्रत के समय खाना पकाना, बर्तन धोना, कपड़े धोना वगैरह-वगैरह। उन्हें मनोवांछित उपहार देना। उनकी सुविधाओं का ख्याल रखना आदि।

अभिमन्यु ओझा, किराना व्यवसायी, कपुरी, बलिया

व्रत नहीं पर धर्मपत्नी की बेहतरी मेरे जीवन का मूल उद्देश्य

पति को दीघार्यु रखने हेतु महिलाएं तो अति पावन व्रत करवा चौथ रखती हैं पर पुरुषों के लिए ऐसे किसी व्रत का विधान नहीं है। सुहागिनें प्रतिवर्ष इस निर्जला व्रत को करती हैं। धन्य है यह देश और इसकी संस्कृति व परंपराएं।

ऐसा नहीं है कि पति करते नहीं हैं पर पत्नियों का किया हमेशा बीस गिरता है। उनका संपूर्ण जीवन पारिवारिक प्रेम, सौहार्द, एकजुटता हेतु त्याग का होता है। अटूट बंधन का प्रेम। ऐसा निश्चल प्रेम और त्याग देख कर तो लगता है काश! पतियों के लिए भी पत्नियों के प्रति ऐसा व्रत बना होता। मैं तो वक्त मिलते ही यथा संभव पत्नी के कार्य में हाथ बटांता रहता हूं। जैसे व्रत के समय खाना पकाना, बर्तन धोना, कपड़े धोना वगैरह-वगैरह। उन्हें मनोवांछित उपहार देना। उनकी सुविधाओं का ख्याल रखना आदि।

सत्यप्रकाश सिंह, पत्रकार बलिया समाचार, रानीगंज, बलिया

पत्नी की महत्ता को जान उसकी कद्र करना ही है पति का व्रत

पति की दीघार्यु हेतु महिलाओं का अति पावन व्रत करवा चौथ करती हैं। पुत्रों के लिए भी व्रत का विधान है। पति कुछ भी कर ले पत्नी का कर उतार पाना उनके वश का नहीं है।

ऐसा निश्चल प्रेम और त्याग देख कर तो लगता है काश! पतियों के लिए भी पत्नियों के प्रति ऐसा व्रत बना होता। बात मैं अपनी करुं तो मैं तन से नहीं पर मन से हमेशा पत्नी के लिए व्रत रहता हूं। वक्त मिलते ही यथा संभव पत्नी के कार्य में हाथ बटांता रहता हूं। जैसे व्रत के समय खाना पकाना, बर्तन धोना, कपड़े धोना वगैरह-वगैरह। उन्हें मनोवांछित उपहार देना। उनकी सुविधाओं का ख्याल रखना आदि। मैं धन्य हूं जो ईश्वर ने मुझे ऐसी सुंदर व सुशील पत्नी दी है जो हमेशा ही मेरा ख्याल रखती है।

सत्यम गुप्ता, सिकंदरपुर, बलिया

पति का व्रत पत्नी को ईमानदारी से संतुष्ट रखना ही

पति की दीघार्यु हेतु महिलाओं का अति पावन व्रत करवा चौथ करती हैं। पुत्रों के लिए भी व्रत का विधान है। पति कुछ भी कर ले पत्नी का कर उतार पाना उनके वश का नहीं है। पत्नी को ईमानदारी से संतुष्ट रखना पति का व्रत है।

ऐसा निश्चल प्रेम और त्याग देख कर तो लगता है काश पतियों के लिए भी पत्नियों के प्रति ऐसा व्रत बना होता। बात मैं अपनी करुं तो मैं तन से नहीं पर मन से हमेशा पत्नी के लिए व्रत रहता हूं। वक्त मिलते ही यथा संभव पत्नी के कार्य में हाथ बटांता रहता हूं। जैसे व्रत के समय खाना पकाना, बर्तन धोना, कपड़े धोना वगैरह-वगैरह। उन्हें मनोवांछित उपहार देना। उनकी सुविधाओं का ख्याल रखना आदि। मैं धन्य हूं जो ईश्वर ने मुझे ऐसी सुंदर व सुशील पत्नी दी है जो हमेशा ही मेरा ख्याल रखती है।

प्रशांत तिवारी, चंचल, दवा व्यवसायी, डेहरी, बलिया

पत्नी पूरी तरह संतुष्ट रहे कर्म वैसा हो, यही पति करवा चौथ

पति को दीघार्यु रखने हेतु महिलाएं तो अति पावन व्रत करवा चौथ रखती हैं पर पुरुषों के लिए ऐसे किसी व्रत का विधान नहीं है। सुहागिनें प्रतिवर्ष इस निर्जला व्रत को करती हैं। धन्य है यह देश और इसकी संस्कृति व परंपराएं।

आपके कर्म से पत्नी पूरी तरह संतुष्ट हो यही आपका करवा चौथ है।

ऐसा नहीं है कि पति करते नहीं हैं पर पत्नियों का किया हमेशा बीस गिरता है। उनका संपूर्ण जीवन पारिवारिक प्रेम, सौहार्द, एकजुटता हेतु त्याग का होता है। अटूट बंधन का प्रेम। ऐसा निश्चल प्रेम और त्याग देख कर तो लगता है काश! पतियों के लिए भी पत्नियों के प्रति ऐसा व्रत बना होता। मैं तो वक्त मिलते ही यथा संभव पत्नी के कार्य में हाथ बटांता रहता हूं। जैसे व्रत के समय खाना पकाना, बर्तन धोना, कपड़े धोना वगैरह-वगैरह। उन्हें मनोवांछित उपहार देना। उनकी सुविधाओं का ख्याल रखना आदि।

सरोज दुबे, अध्यापक, नरायनपाली, बलिया

पत्नी को सही मायने में माने अर्धांगिनी, यही व्रत

हर काम में पतियों को भी अपनी पत्नियों का साथ देना चाहिए। करवा चौथ व्रत यह पत्नियों का ही त्यौहार नहीं है पतियों का भी त्यौहार है। अगर करवा चौथ व्रत पत्नी अपने पति के लिए करती है तो क्या पति करवा चौथ व्रत अपनी पत्नी के लिए नहीं कर सकता है। पत्नी को मानसिक कष्ट नहीं देना, सही मायने में पत्नी मानना ही करवा चौथ व्रत है।

पति कितना करते हैं यह तो उनकी आत्मा ही बेहतर जानती है। मेरे दिल में तो अक्सर यह बात आती है कि पत्नी की सलामती के लिए कोई व्रत होना चाहिए। व्रत तो नहीं है पृ मैं हमेशा अपनी मैडम की सलामती के लिए परम पिता परमेश्वर से अपेक्षा करता हूं। करने की बात करुं तो मैडम की बात काटूं इतनी हिम्मत मुझमें वैसे है नहीं। उनके व्रतोंके दिन मैं सरकार से अवकाश लेकर घर पर ही रहता हूं और गृहस्थी के उनके कार्य भी कुशलता से करता हूं। उनकी सुविधाओं का ख्याल रखता हूं। सब मिलाकर मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि पत्नी स्वस्थ और प्रसन्न रहे। और हर जन्म में मुझे पत्नी के तौर पर मिले।

करवा चौथ के पावन पर्व पर सभी बहनों को हार्दिक शुभकामनाएँ। संपादक प्रबंधक, समाज जागरण

आरटीआई कानून को कमजोर करने में लगा है तंत्र- उस्मानी सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के 17 वां स्थापना दिवस पर एकत्रित हुए कार्यकर्ता।

पंकज राघव ब्यूरो दैनिक समाज जागरण

संभल । सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का आज 17 वां स्थापना दिवस नगर के मोहल्ला शेखर सराय स्थित कार्यालय पर मनाया गया जिसका आयोजन सूचना का अधिकार कार्यकर्ता एसोसिएशन जनपद संभल की इकाई के तत्वधान में किया गया।

जिसमें वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए मुख्य रुप से जिला अध्यक्ष साद उस्मानी ने जानकारी देते हुए बताया की सरकार व नौकरशाही नहीं चाहती कि सूचना का कानून मजबूत हो। एक आम आदमी जब सरकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त करना चाहता है तो वह आरटीआई को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करता है सरकारी विभागों की कार्यप्रणाली में सुधार लाने तथा लोक सेवकों को जनता के प्रति जवाबदेह बनाने के लिए सूचना का अधिकार कानून एक सशक्त माध्यम है और इसे मजबूत बनाने के सतत प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। वक्ताओं ने कहा कि सूचना का अधिकार नियमावली 2015 का क्रियान्वयन कारगर ढंग से ना होने के कारण सूचना आवेदनों एवं प्रथम अपील का निस्तारण समय पर नहीं हो पा रहा है जिसके कारण आवेदन कार्यकताओं व अपीलकर्ता को न केवल समय से सूचनाएं प्राप्त नहीं हो पाती है बल्कि उन्हें अत्यधिक आर्थिक भार भी वहन करना पड़ता है। वक्ताओं ने सरकार से मांग की कि जनसूचना अधिकारियों व प्रथम अपीलीय अधिकारियों को आरटीआई कानून का सख्ती से अनुपालन करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए जाएं जिससे किसी भी आरटीआई आवेदन करने वाले व्यक्ति को कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े इस अवसर पर शीर्ष अदालत सुप्रीम कोर्ट की ई समिति द्वारा आरटीआई पोर्टल की दिशा में शुरू किए गए प्रयासों की सराहना की गई साथ ही आरटीआई कार्यकताओं की सुरक्षा हेतु निर्गत शासनादेश का प्रचार प्रसार करने पर बल दिया गया। बैठक की अध्यक्षता साद उस्मानी व संचालन वामिक कमर एडवोकेट ने किया इस अवसर पर शफीक अशफाकी, मोहम्मद शकील, अकरम अंसारी, राहुल उठवाल, अरविंद कुमार एडवोकेट, नूर राजा चौधरी, मलिक अनीस, सत्यवीर सिंह आदि के साथ-साथ अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे

अवैध रूप से आतिशबाजी की बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी

दैनिक समाज जागरण,सरफराज अंसारी,चंदौसी

चंदौसी में दीपावली पर्व को लेकर अग्निशमन विभाग ने आतिशबाजी दुकानदारों का निरीक्षण करते हुए लाइसेंसी दुकानदारों को ही आतिशबाजी बेचने की अनुमति दी है अवैध रूप से आतिशबाजी की बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

दीपावली पर्व को लेकर अग्निशमन विभाग के उत्रष्ट प्रताप सिंह ने आतिशबाजी दुकानदारों के लाइसेंस व पटाखों के गोदामों में सुरक्षा के उपकरण चेक किये हैं।और अग्निशमन उपकरण तथा स्टॉक रजिस्टर चेक करते हुए दीपावली पर और सतर्क रहने व आग बुझाने के सभी उपकरण रखने व घनी आबादी से दूर आतिशबाजी बेचने की हिदायत दी है।

कोतवाली चन्दौसी पुलिस ने चंदौसी नगर में फ्लैग मार्च किया

दैनिक समाज जागरण चंदौसी । चंदौसी में त्योहारों के मध्य नजर शांतिपूर्वक शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस प्रशासन सतर्क है। बुधवार को कोतवाली चन्दौसी पुलिस ने चंदौसी नगर में फ्लैग मार्च किया। प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार दिनेश कुमार ने नगर के मुख्य बाजारों में फ्लैग मार्च कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। फ्लैग मार्च फुब्बारा चौक से शुरू होकर , मुरादाबाद गेट, हुसैनी बाजार, बड़ा बाजार, पुरानी पैंठ, सीकरी गेट, लक्ष्मण गंज, जारई गेट, एफआर रोड होते हुए कोतवाली पहुंच कर संपन्न हुआ।

सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक सभा का किया आयोजन।

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह रजपुरा

रजपुरा में स्थित फौजी दरियाव सिंह के आवास पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में सपाई मौजूद रहे सभी सपाइयों ने पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि देकर ईश्वर से उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने की कामना की और उनके परिवार को इस दुख की घड़ी को सहन

करने की शक्ति देने को भगवान से प्रार्थना की और कहा कि इस प्रकार के मुख्यमंत्री हमारे प्रदेश के लिए होनहार होते हैं इन्होंने हमारे प्रदेश वह हमारे क्षेत्र के लिए अनेकों कार्य ऐसे किए जिससे क्षेत्रवासियों के जीवन में खुशियां तथा क्षेत्र में अच्छे अच्छे कार्य कर अपनी पहचान बनाई इस बीच गुन्नौर विधायक राम खिलाड़ी यादव नरेश यादव ठेकेदार गफ्फार अहमद परमेश्वरी यादव व समस्त सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

लंपी की चपेट में आने से 3 घुमंतू गोवंशी पशुओं की मौत होने के साथ ही 4 पशुओं का उपचार किया गया।

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह जूनावई। क्षेत्र के एक गांव में लंपी जैसी घातक बीमारी चपेट में आने से 3 पशुओं की मौत होने के साथ ही 4 बीमारी पशुओं का उपचार किया गया है । वहीं मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने पुलिस मौजूदगी में तीनों पशुओं को पीएम करने के उपरांत दफन कर आया है।

थाना क्षेत्र के विधौती फाजलपुर गांव में लंपी जैसी घातक बीमारियों की चपेट में लगभग 8 पशु आने पर 3 घुमंतू गोवंश पशुओं की मौत हो गई है। सूचना उपरांत एडीओ पंचायत कुलदीप कुमार ने गांव में पहुंचकर मृतक गोवशीय पशुओं की जानकारी जुटाई है। इसी के साथ सूचना उपरांत जुनावई थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक को गौवशीं पशुओं की सूचना स्थानीय चिकित्सक को देकर मौके पर बुलाया गया। मौके पर पहुंची जुनावई चिकित्सक डॉ चमन प्रकाश ने एके खंडर घर में मृत पड़ी गायों को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाल कर 3 पशुओं का पोस्टमार्टम किया है। जबकि लंबी रोग जैसी घातक बीमारी की चपेट में आए 4 पशुओं का उपचार किया है।

इस संबंध में डॉक्टर चमन प्रकाश से बात करने पर उन्होंने बताया 2 वर्षीय पशुओं की लंबी रोग में आने से मौत हुई है। जबकि एक पशु सेफ्टी सी की चपेट में आने से मृत हो गया है। बाकी चार लंपी से पीड़ित बीमार पशुओं का उपचार किया है। इसी के साथ अन्य आवारा गोवंश को वैक्सीनेशन किया गया है।

अज्ञात वाहन ने बाइक सवारो को रौंदा दो घायल

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह गुन्नौर गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के आगरा मुरादाबाद हाईवे गांव हीरापुर इटुउआ के नजदीक अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को पीछे से मारी टक्कर जिसमें रतन पाल पुत्र बसरती नेत्रपाल पुत्र पन्नालाल निवासी गढ़ गाँव पूठरी गंभीर रूप से घायल हो गए बाइक सवार बबराला से अपने गांव पूठरी के लिए जा रहे थे तभी गाँव हीरापुर ईटुऊआ पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें घायल हो गये जहां राहगीरों ने 108 एंबुलेंस से गुन्नौर सीएचसी में भर्ती कराया है वही अज्ञात वाहन चालक मौका पाकर गाड़ी लेकर फरार हो गया।

छात्रावास में नामांकन हेतु स्नातकोत्तर एवं पी.एच.डी. कोर्स वर्क में अध्ययनरत छात्राओं से आवेदन आमंत्रित

मधेपुरा । विश्वविद्यालय दक्षिणी परिसर स्थित यूजीसी महिला छात्रावास में नामांकन हेतु स्नातकोत्तर एवं पी.एच.डी. कोर्स वर्क में अध्ययनरत छात्राओं से 10 नवम्बर, 2022 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। उप कुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी अध्यक्ष, छात्र कल्याण कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि कुलपति डॉ. आरकेपी रमण के आदेशानुसार कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर ने छात्रावास के सुचारू संचालन हेतु संचालन समिति के गठन की अधिसूचना भी जारी कर दी है। इसमें अध्यक्ष, छात्र कल्याण को अध्यक्ष और छात्रावास अधीक्षक को सदस्य सचिव बनाया गया है। कुलानुशासक, परिसम्पदा पदाधिकारी एवं रसायनशास्त्र विभाग के प्रो. (डॉ.) नरेश कुमार समिति के सदस्य नामित किए गए हैं।

जन भागीदारी से वेलनेस सेंटर पर उपलब्ध सेवा व सुविधाओं का होगा सुदृढ़ीकरण रोगी कल्याण समिति की तर्ज पर केंद्र स्तर पर गठित होगी जन आरोग्य समिति

अररिया । जिले में संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को सुदृढ बनाने का प्रयास जारी है. ताकि पोषक क्षेत्र के लाभार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करायी जा सके. इसके लिये विभागीय स्तर से नई पहल की जा रही है. इसके तहत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्तर पर आयुष्मान भारत जन आरोग्य समिति गठित की जा रही है. समिति में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीणों शामिल होंगे. उनकी मदद से स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर संचालन में आने वाली चुनौतियों का स्थानीय स्तर पर समाधान तलाशते हुए स्वास्थ्य

यह जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने कहा कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के स्तर पर गठित आयुष्मान भारत जन आरोग्य समिति जिला स्वास्थ्य समिति के एक घटक के तौर पर क्रियाशील होगी . समिति के लिये अलग से पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी. जन आरोग्य समिति हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के स्तर से स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर संचालन व प्रबंधन संबंधी जवाबदेही के निर्धारण में जन प्रतिनिधियों व स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कराने में कारगर साबित होगी .

जन आरोग्य समिति में कुल 09 सदस्य शामिल होंगे. पंचायत के मुखिया इसके अध्यक्ष होंगे. वहीं वेलनेस सेंटर पर कार्यरत सीएचओ इसके सचिव, वरिष्ठ एएनएम उप सचिव का दायित्व संभालेंगे. समिति सदस्य के रूप में पोषक क्षेत्र में आने वाले वीएचएसएनसी के सचिव, संबंधित क्षेत्र की एक आशा फैसिलिटेटर, संबंधित क्षेत्र की एक महिला सुपरवाइजर, पंचायत में जीविका द्वारा संचालित एसएचजी समूह की अध्यक्ष, हेल्थ एंड वेलनेस के एक एम्बेसडर,स्वास्थ्य व पोषण के क्षेत्र में कार्यरत गैरसरकारी संस्था के एक प्रतिनिधि को शामिल किया जायेगा.

डीपीएम स्वास्थ्य रेहान अशरफ ने बताया कि एपीएचसी व हेल्थ सब सेंटरों पर विस्तारित प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन के लिये उन्हें हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के तौर पर रूपांतरित किया गया है. ऐसे सभी केंद्रों पर रोगी कल्याण समिति की जगह पर जन आरोग्य समिति का गठन किया जा रहा है. समिति के कार्य व जिम्मेदारियों का निर्धारण किया गया है।

राज्यस्तरीय अधिकारी ने किया कुष्ठ रोगी खोज अभियान का निरीक्षण

जिले में फिलहाल कुष्ठ रोग से ग्रसित हैं 319 मरीज, रोगियों का समुचित इलाज जारी

अररिया । जिले में कुष्ठ रोगियों की खोज के लिये विशेष अभियान संचालित है। 08 से 18 अक्टूबर के बीच संचालित इस अभियान के क्रम में जिले के सभी 09 प्रखंडों में आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वैच्छिक महिला व पुरुष कार्यकताओं द्वारा घर-घर जाकर संभावित कुष्ठ रोगियों की खोज की जा रही है। इस क्रम में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा 02 साल से अधिक उम्र के लोगों का शारीरिक परीक्षण किया जा रहा है। शरीर पर उभर रहे दाग-धब्बों की जांच के उपरांत कुष्ठ के लक्षण दिखने पर नजदीक के चिकित्सा संस्थानों में उनका इलाज सुनिश्चित कराने क प्रयास किया जा रहा है। जिले के सिकटी व कुसार्काटा प्रखंड में संचालित रोगी खोज अभियान का बुधवार को राज्यस्तरीय अधिकारी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण में संबंधित प्रखंड के एमओआईसी, बीएचएम व बीसीएम, डीएमटी सहित अन्य शामिल थे।

नोटिफाइड मरीज हैं। इसमें 135 मरीज पीबी व 184 मरीज एमबी किस्म के कुष्ठ से प्रभावित हैं। विभागीय स्तर से सभी संक्रमित मरीजों का समुचित इलाज जारी है। पीबी किस्म के कुष्ठ में रोगियों को छह महीने व एमबी किस्म के कुष्ठ में 12 महीने तक दवा सेवन जरूरी है। विभागीय स्तर से इलाजरत मरीजों को जरूरी दवा व सलाह निःशुल्क उपलब्ध करायी जा रही है।

जिले में कुष्ठ रोग के 319 मरीज-

जिला कुष्ठ निवारण समिति में डीएमटी पद कार्यरत रमन कुमार ने बताया कि जिले में कुष्ठ के फिलहाल 319

युवा जदयू कार्यकताओं ने ग्राम संवाद सह सदस्यता अभियान चलाया:-

रामगढ़(कैमूर) युवा जदयू कैमूर के जिला अध्यक्ष महेश बिंद के नेतृत्व में युवा ग्राम संवाद सह सदस्यता अभियान चलाया गया आज इसी के तहत श्री गणेश करते हुए नुआंव प्रखंड के तरैथा गांव मे सैकड़ों लोगों ने जदयू की सदस्यता धारण की जिसमें प्रदेश के पदाधिकारी व प्रभारी अपने अपने जिले में मॉनिटरिंग किए व पार्टी की गाइडलाइन को युवाओं के बीच में बताया गया व सदस्यता ग्रहण कराया गया। वहीं कार्यक्रम मे उपस्थित युवा प्रदेश महासचिव आजाद सिंह राठौर ने बताया कि यह कार्यक्रम लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की जन्म जयंती 11 अक्टूबर से शुभारंभ किया गया है जो 12 जनवरी 2023 तक विवेकानंद जी के जन्म जयंती तक चलेगा। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार ने जो काम किया है उसे हम युवा कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचाएंगे, हर गांव मुहल्ला तक सरकार के कार्यों से लोगों युवाओं को अवगत

कराएंगे।तथा कार्यक्रम की समापन के बारे मे बताते हुए कहा कि इसका समापन पटना बापू सभागार मे किया जाएगा।आज के कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे बिहार प्रदेश युवा जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण कुशवाहा,युवा जदयू प्रदेश महासचिव आजाद सिंह राठौर व प्रदेश सचिव श्याम जी वर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहें।

पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में वॉलीबॉल बालक वर्ग में नेशनल यूथ क्लब ने ब्राइट केरियर स्कूल को 25-14,22-25 एवं 25-14 से हराया

पनोरमा ई होम स्पोर्ट्स कंपलेक्स परिसर के खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह का माहौल।

पूर्णियां । पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परिसर ई होम पूर्णिया में चल रहे पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 2022 के

बैडमिंटन, बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल के बालक एवं बालिका वर्ग के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के खिलाडियों का उत्साह देखते ही बनता है। पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परिसर ई होम को दुल्हन की तरह सजाया गया है। अत्यधिक मैच होने की वजह से सुबह 8 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक एवं संध्या 5 बजे से 8:00 बजे तक टाई सीट के अनुसार बैडमिंटन, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। पनोरमा ग्रुप के निदेशक श्री संजीव मिश्रा एवं पूर्णिया लायंस क्लब के सचिव श्री विशेष वर्मा ने बैडमिंटन , बास्केटबॉल , वॉलीबॉल बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेलों की शुरूआत की।

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय एवं भिखारी ठाकुर राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित श्री मिथिलेश राय राष्ट्रीय गान से पूरे पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परिसर ई होम को राष्ट्रीयता से अभिभूत कर दिया। क्रिकेट प्रशिक्षक सह पनोरमा स्पोर्ट्स आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने उक्त आशय की जानकारी दी और कहा कि वर्तमान में मौसम को देखते हुए सभी मैच सुबह 8 बजे से पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परिसर ई होम में खेली जाएगी।इस बाबत स्पोर्ट्स सदस्य हरिओम झा नें

दिनांक 13/10/2022 को आयोजित होने वाली प्रतियोगिता की सूची जारी की ।

वॉलीबॉल बालक वर्ग में

1. सेंट पीटर स्कूल बनाम ब्राइट केरियर स्कूल
2. आदिवासी यूनाइटेड मरियम नगर बनाम जे एन भी एल्यूमीनि
3. टीम इलाइट बनाम यूनाइटेड ब्रदर्स मरंगा
4. पी सी ई (ए)बनाम स्टार क्लब जलालगढ़।

बास्केटबॉल बालक वर्ग में

1. जे एन भी एल्यूमीनि बनाम टीम इलाइट।

2. विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोरा बनाम पूर्णिया बास्केटबॉल क्लब।
3. पी सी ई बनाम पूर्णिया टाउन क्लब। प्रतियोगिता परिणाम की जानकारी देते हुए उन्होनें

बास्केटबॉल बालिका वर्ग में

1. टीम इलाइट को पी एम एच एस हरदा ने वाक ओवर दिया ।
2. वुमेन्स स्पोर्ट्स क्लब को जे एन भी ने वाक ओवर दिया।
3. टीम इलाइट ने पी सी ई को 8-0 से हराया।
4. +2 राजकीय कन्या उच्च विद्यालय को जिला स्कूल पूर्णिया ने वाक ओवर दिया।

वॉलीबॉल बालक वर्ग में

1. नेशनल यूथ क्लब ने ब्राइट केरियर स्कूल को 25-14, 22-25 एवं 25-14 से हराया।
2. डी ए भी एल्यूमीनि ने जे एन भी एल्यूमीनि को 25-05,25-09 से हराया।
3. पी सी ई (बी) को टीम इलाइट ने वाक ओवर दिया।
4. पी सी ई (ए) को आल राउंडर से वाक ओवर मिला।

बैडमिंटन बालिका वर्ग में

16 बर्ष से अधिक में

1. स्वीटी ने मेघा रानी को 21-06,21-09 से हराया।

पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के आयोजन में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं आयोजन समिति सदस्य मिथिलेश राय, हरिओम झा, सुनील सुमन , ब्रजेश भास्कर, रितेश कुमार झा , चन्दन, ललित कुमार, अरुण कुमार एवं मैच रेफरी की भूमिका मो नैय्यर अली, मो मंजर मोहशिम, मो एजाज अहमद , रजनीश पाण्डेय, जगत ज्योति, विक्की कुमार, अनुराधा सिंह, पुनित कुमार सिंह, मिट्ठू राजा और सन्नी राज आदि।

इस अवसर पर पनोरमा ग्रुप के सभी सहयोगीयों के साथ - साथ खिलाड़ियों के अभिभावक गण, खेल प्रेमी गण और काफी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

लक्ष्य प्रमाणीकरण को लेकर दो सदस्यीय टीम ने रेफरल अस्पताल रुपौली का किया निरीक्षण

पूर्णिया । लक्ष्य प्रमाणीकरण के तहत चयनित रेफरल अस्पताल रुपौली का निरीक्षण राज्य से आई दो सदस्यीय टीम के द्वारा किया गया। इस दौरान प्रसव एवं प्रसूति कक्ष का बारीकी से निरीक्षण किया गया। इस दौरान केयर इंडिया की ओर से स्टेट रिसोर्स यूनिट की टीम लीड (दक्षता वृद्धि) डॉ अबोली गोरे एवं सीतामढ़ी सदर अस्पताल के अस्पताल प्रबंधक विजय चंद्र झा के द्वारा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मिथिलेश कुमार, अस्पताल प्रबंधक सलीमा खातून, प्रसव कक्ष की प्रभारी स्टाफ नर्स रीता कुमारी, खुशबू कुमारी, रौली कुमारी एवं प्रणीता कुमारी से पूरी जानकारी ली गयी। यह दो सदस्यीय टीम अपने दो दिवसीय दौरे पर पूर्णिया के रेफरल अस्पताल रुपौली एवं अमौर के लक्ष्य प्रमाणीकरण के लिए निरीक्षण करने के लिए आई हुई है। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक कैशर इकबाल, जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम ब्रजेश कुमार सिंह, जिला गुणवत्ता यकीन पदाधिकारी डॉ अनिल



कुमार शर्मा, डीसीएम संजय कुमार दिनकर, जिला लेखा प्रबंधक पंकज कुमार मिश्रा, यूनिसेफ के क्षेत्रीय सलाहकार शिव शेखर आनंद, केयर इंडिया के डिटीएल आलोक पटनायक, एनएमएस मधुबाला, यूनिसेफ के तनुज कौशिक, सीफार के धर्मेंद्र रस्तोगी सहित स्थानीय अस्पताल के चिकित्सक एवं अन्य कर्मी मौजूद रहे।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का "रक्तगट पंजीयन अभियान" शुरू

अभियान का उद्घाटन परिषद के पूर्णिया विश्वविद्यालय प्रमुख एमपी सिंह नें किया

अररिया । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई अररिया द्वारा 11 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक चलाए जाने वाले रक्तगट पंजीयन अभियान" का आज दिनांक 12 अक्टूबर को स्थानीय परिषद कार्यालय परिसर में शुभारंभ किया गया. अभियान का उद्घाटन परिषद के पूर्णिया विश्वविद्यालय प्रमुख एमपी सिंह द्वारा किया गया. समारोह को संबोधित करते हुए एमपी सिंह ने कहा कि परिषद द्वारा समय-समय पर राष्ट्रहित तथा समाज हित के लिए कार्य करते आया है. उन्होंने कहा कि परिषद के राष्ट्रीय इकाई द्वारा पूरे भारत में 11 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक रक्तगट पंजीयन अभियान चलाने का निर्णय लिया है. इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि परिषद सदस्यों द्वारा 18 वर्ष से अधिक तथा 50 वर्ष से कम आयु वाले ऐसे युवाओं के रक्त के जांच करा कर उनके ग्रुप का सूची बनाना है जो भविष्य में जरूरतमंदों को खून दान कर सके. उन्होंने कहा कि रक्तदान बहुत ही पुनीत कार्य है इसमें सभी को बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए. एमपी सिंह ने कहा कि बहुत छात्र छात्राओं को अपना ब्लड ग्रुप मालूम है लेकिन

जिनका ग्रुप मालूम नहीं है उनके लिए परिषद द्वारा परीक्षण हेतु मेडिकल टीम से सहयोग लिया जाएगा. यह अभियान मुख्य रूप से महाविद्यालय परिसर तथा विश्वविद्यालय परिसर में चलाया जाएगा. इस अवसर पर परिषद के नगर मंत्री अजीत रंजन, सह मंत्री अंकित कुमार झा, अरुण कुमार, सुभाष हसदा, अबू नसर, शंकर राजकुमार, राजा कुमार, मनीष कुमार, मोहम्मद नसर आदि उपस्थित थे.

जिलाधिकारी इनायत खान बच्चों से रूबरू होते हुए उनके मनोबल को किया प्रोत्साहित

अररिया । विभागीय निदेश के आलोक में जिलास्तरीय, अनुमंडलस्तरीय, प्रखंडस्तरीय पदाधिकारियों द्वारा जिले के सभी पंचायतों में कल्याणकारी योजनाओं का प्रत्येक बुधवार एवं बृहस्पतिवार को जाँच किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज बुधवार को जिला पदाधिकारी श्रीमती इनायत खान द्वारा नरपतगंज प्रखंड अन्तर्गत फतेहपुर एवं पिठौरा पंचायत का निरीक्षण किया गया। फतेहपुर में प्राथमिक विद्यालय बिनोद कामैत टोला, वार्ड संख्या 10 का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में पठन-पाठन की जानकारी ली गई। प्रधानाध्यापक को बच्चों की उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराने तथा विषयवार वर्ग कक्ष संचालन को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी बच्चों से रूबरू होते हुए उनके मनोबल को प्रोत्साहित किया। इसी पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान भी कई आवश्यक निर्देश दिए गए। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, उप स्वास्थ्य केन्द्र पिठौरा, नरपतगंज के निरीक्षण के क्रम स्वास्थ्य सेवाओं एवं दवाओं की उपलब्धता का निरीक्षण किया गया। वहीं जिलास्तरीय, अनुमंडलस्तरीय, प्रखंडस्तरीय पदाधिकारियों द्वारा जिले के कुल 36 पंचायतों का निरीक्षण किया गया। प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अपने आवंटित पंचायत के विभिन्न योजनाओं यथा- हर घर नल का जल, घर तक पक्की नली की योजनाएँ, उच्चतर माध्यमिक/माध्यमिक/प्राथमिक विद्यालय, आँगनबाड़ी केन्द्र, चिकित्सा केन्द्र, लक्षित जन वितरण प्रणाली की दुकानें, धान/गेहूँ/दलहन/अधिप्राप्ति केन्द्र, ग्रामीण सड़क का निर्माण एवं अनुरक्षण, मनरेगा योजना, ग्रामीण आवास योजना, पंचायत सरकार भवन, समाज कल्याण की पेंशन योजना, भू-राजस्व आदि की जांच की गई। साथ ही साथ सभी निरीक्षी पदाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री जनता दरवार एवं जिलाधिकारी जनता दरवार के मामलों की भी जाँच की गई। छठ पर्व के मद्देनजर छठ घाटों का भी निरीक्षण किया गया।

संक्षिप्त न्यूज

ग्रामीणों की शिकायत पर अंचल अधिकारी ने जांच की,सरकारी जमीन पर पाया अतिक्रमण

दैनिक समाज जागरण अरवल ब्यूरो मृत्युंजय कुमार

बारा नत्थू में ग्रामीणों के द्वारा लिखित शिकायत जिला पदाधिकारी जे प्रियदर्शिनी को दिया

उनके आदेश पर अपर समाहर्ता ज्योति कुमार के निर्देश पर करपी अंचल अधिकारी ने अपनी फोर्स ओर कर्मचारियों भी के द्वारा स्थल को निरीक्षण किया जाँच उपरांत पाया गया कि ग्रामीण बारा नत्थू के लगभग चार सौ बिगहा जमीन का पटवन बाधित है।और एक रोड सम्पर्क पथ अलावल चक का रास्ता भी मुख्यमार्ग पर बंद कर दिया गया है।जो कि एक गाँव से दूसरे गाँव में जाने में भी बहुत तकलीफ हो रहा है।यह सब जांचों उपरांत अंचल अधिकारी ने सभी आक्रोशित ग्रामीणों को आस्वासन दिया कि आप सभी को उच्च फैसला कल दिया जाएगा और जो सरकारी चाट का जमीन है।उसे कल नापी कर किसानों को पटवन हेतु कल जेसीबी से उड़ाही किया जाएगा।और जो सरकारी जमीन है।वह लघु सिंचाई विभाग का है।कल लघुसिचाई विभाग के इंजीनियर के मौजूदगी में नापी होगा और ग्रामीणों को सिंचाई के लिए जो जमीन बचेगा वह उड़ाही होगा।

पंद्रह महिलाओं का हुआ बंध्याकरण ऑपरेशन

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज नगर के स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को शिविर लगाकर महिलाओं का बंध्याकरण का सफल ऑपरेशन किया गया। इस दौरान पंद्रह महिलाओं का सफल बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया ।

ऑपरेशन से पहले सभी महिलाओं की विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच की गई तथा स्वास्थ्य जांच के बाद सभी महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया। इस बाबत पीएचसी की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. आरती अर्चना ने बताया कि यह सभी बंध्याकरण ऑपरेशन मेरे द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। जिसमें सभी अस्पताल परिवार का काफी सहयोग रहा। उन्होंने बताया कि परिवार कल्याण पखवारा का आयोजन किया जा रहा है इस दौरान अधिक से अधिक महिला और पुरुष का बंध्याकरण करने का लक्ष्य रखा गया है।

दीपावली पर्व एवं छठ पूजा के पूर्व ही देव थाना ने 07 जुगेड़ियों को भेजा जेल।

दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददात्ता,औरंगाबाद (बिहार)

औरंगाबाद (बिहार) 12 अक्टूबर 2022 :- दीपावली पर्व एवं छठ पूजा के पूर्व ही देव थाना क्षेत्र में जुगेड़ियों का धरपकड़ चालू हो गया है। मंगलवार के दिन देव थाना के पुलिस ने देव के सूर्य कुंड तालाब स्थित यात्री धर्मशाला से 7 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। देव थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि जुआड़ियों की पहचान कुशहा गांव निवासी स्व सीताराम यादव के पुत्र अजय यादव, देव सूर्य मंदिर लाल चौक निवासी स्व सरयू यादव के पुत्र सजंय विश्वकर्मा, सोती मोहल्ला निवासी कय्यानुदिन के पुत्र हसन अली, दिवान बिगहा निवासी शंकर मेहता के पुत्र हेमन्त कुमार, सोती मोहल्ला निवासी स्व रघुपति सिंह के पुत्र जितेंद्र चन्द्रवँशी, देव रोड निवासी हरिहर चौधरी के पुत्र अशोक कुमार और मल्लाह टोला निवासी स्व रामरतन चौधरी के पुत्र रमेश कुमार के रूप में हुई है। सभी देव थाना क्षेत्र के ही रहने वाले हैं।

बता दें कि दीपावली व छठ पूजा को लेकर देव छठ घाट के निरीक्षण करने एसडीओ विजयंत कुमार एवं सदर एसडीपीओ गौतम शरण ओमी पहुंचे थे। उसी वक्त इन लोगों ने देव सूर्य कुंड तालाब के धर्मशाला में जुगा खेल रहे था। पुलिस ने सभी जुगेडीयों को धर दबोचा गया और थाने लाकर जेल भेज दिया गया। जुगेड़ियों को तनिक भी डर नही हुआ कि देव सूर्य कुंड तालाब पर जिला प्रशासन आए हुए हैं और हम लोग जुआ खेल रहे हैं।

देव थाना का पुलिस ने एक मोटरसाइकिल चोरी के प्राथमिकी अभियुक्त को भेजा जेल

दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददात्ता औरंगाबाद (बिहार)

औरंगाबाद जिला के देव थाना का पुलिस ने एक मोटरसाइकिल चोरी में प्राथमिकी अभियुक्त को धर दबोचा है और उसे जेल भेज दिया हैं। देव थाना अध्यक्ष मनोज कुमार पांडे ने बताया कि

देव थाना कांड संख्या 268/ 22 दिनांक 2/10/22 धारा 379 भाङ्गदङ्गवी के मोटरसाइकिल चोरी में प्राथमिकी अभियुक्त मिथिलेश भुइयां उम्र 25 वर्ष पिता देवराज भुइयां ग्राम चरैया थाना मदनपुर जिला औरंगाबाद को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के न्यायिक हिरासत में भेजा गया हैं।

नीलकंठ गांव में वज्रपात से महिला की मौत

दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्ट

कटोरिया थाना क्षेत्र के नील कुंज गांव में वज्रपात से एक महिला की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार रामनाथ मंडल की पत्नी पुतुल देवी (42) बकरी चराने गई थी। इस बीच बारिश होने लगी तो भीगने के डर से वह

बकरी लेकर घर आ गई। फिर दोबारा पास के बगीचे में चापाकल से पानी लाने के लिए जैसे ही गई धमाकेदार आवाज के साथ उसे आकाशीय बिजली का झटका लगा। वह लड़का नाते कांपते किसी तरह घर आई। उनका पति सहित अन्य लोग कुछ समझ पाता वह अचेत होकर गिर पड़ी। स्वजनों को शंका हुआ कि किसी जहरीले जंतु ने उसे काट लिया है। उसे झाड़-फूंक के लिए दुर्गा स्थान मंदिर ले जाया गया वहां स्थिति बिगड़ता देख बेहतर इलाज के लिए बांका ले जा रहा था इसी दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक पुतुल देवी अपने पीछे चार पुत्र एवं एक पुत्री के साथ पति राम नाथ मंडल को छोड़ गई। इस घटना के बाद बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है।

थाना की गस्ती गाड़ी ने बाइक चालक को मारी ठोकर, बाईक चालक बुरी तरह घायल

दुसरे को सिखाते है नियम कानून खुद करते हैं उल्लंघन

दैनिक समाज जागरण
गया ब्यूरो गजेन्द्र कुमार

बीते मंगलवार दिन बुनियादगंज थाना की गस्ती गाड़ी ने बाइक चालक को ठोकर मार दी जिसमें बाइक चालक बुरी तरह जख्मी होकर सड़क पर ही गिर गया जिसे बेहतर इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां डॉक्टरों ने हाथ,पैर टूटने की बात बताई है मालूम हो कि बीते दिन बुनियादगंज थाना की पेट्रोलिंग गाड़ी ने अपने क्षेत्र में गस्ती कर थाना की तरफ आ रही थी तभी बाईक चालक ने विपरित दिशा की ओर जा रहा था तभी पुरानी जीप होने की वजह से ब्रेक नहीं लगने के कारण बाइक सवार को ठोकर मार दी जिसमें बुरी तरह जख्मी हो गया है घायल व्यक्ति की आर्थिक स्थिति पूरी

तरह खराब है जो प्रशासन के द्वारा किसी भी तरह का सहयोग नहीं किया जा रहा है एक तरफ पुलिस के द्वारा पुरानी गाड़ी के ऊपर फाइन, जुमार्ना किया जाता है तो दूसरी ओर थाना के पुलिस अधिकारी के जवानों ने पुरानी गाड़ी से पेट्रोलिंग वा गस्ती करते हैं एक तरफ पुलिस प्रशासन नियम कानून पर चलने के लिए जनता को सलाह देते रहती है तो दूसरी ओर खाकी वर्दी वाले लोग नियम को करते हैं उल्लंघन 15 साल से अधिक समय की गाड़ी से चलना सुशासन को अंगूठा दिखाने से बाज नहीं आ रही है तभी तो मानपुर क्षेत्र में क्राइम कंट्रोल नहीं हो पा रही है जिससे समाज में अशांति का माहौल कायम होता जा रहा है और लोग असुरक्षित महसूस करने लगे हैं और पुलिस प्रशासन पे विश्वास खत्म होता जा रहा है

सड़क हादसे में अधेड़ महिला की मौत, आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज करतपुर पथ पर वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव के नजदीक बुधवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक अधेड़ महिला की मौत हो गई। मृतका इसी थाना क्षेत्र के मोहीद्दीनपुर गांव की 55 वर्षीया उर्मिला देवी पति मनोज पासवान बताई गई है।घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने दो घंटे से अधिक समय तक सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष आशीष कुमार मिश्रा दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच सड़क जाम कर रहे आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर सड़क को जाम से मुक्त करा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा दिया गया।महिला की मौत से घर परिवार

में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। मृतिका के चार बेटे और चार बेटियां दहाड़ मार कर रो रहे थे।क्षेत्र में चौबीस घंटे के अंदर यह दूसरी घटना है। थाना क्षेत्र के कोचगांव में बीते मंगलवार को ही बाइक के धक्के से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई थी। इधर पुलिस हादसे की वजह बनी वाहन और उसके चालक की खोजबीन कर रही है। ग्रामीणों द्वारा बताया जा रहा है कि सुबह में वारिसलीगंज से अपसढ होते हुए बिहारशरीफ की ओर जा रही यात्री बस ने महिला को रौंद दिया।घटनास्थल पर पहुंचे बीडीओ पंकज कुमार ने पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपए और मुखिया प्रभु प्रसाद ने कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत 3 हजार रुपए दिया। अन्य सरकारी लाभ दिलाने का आश्वासन दिया गया है।

हसपुरा प्रखंड़ के सभी इंटर स्कूलों में इंटर के टेस्ट परीक्षा शुरू।

दैनिक समाज जागरण, सत्यदेव सिंह

हसपुरा प्रखंड़, औरंगाबाद (बिहार) 12 अक्टूबर 2022:-हसपुरा प्रखंड के प्लस-टू हाई स्कूल हसपुरा, रामदेव प्रसाद सैनिक महिला महाविद्यालय हसपुरा, गिरधारी प्रसाद गुप्ता इंटर कॉलेज ईटवां , महंत श्री रामध्यान दास कालेज देवकुंड , समता हाईस्कूल मलहारा सहित विभिन्न इंटर स्कूलों में इंटरमीडिएट सेंट अप स्टूडेंट्सों का परीक्षा शुरू हो गई है। हसपुरा प्लस-टू हाईस्कूल में सेंटअप टेस्ट परीक्षा में कुल 308 परीक्षार्थी शामिल होकर परीक्षा दे रहे हैं। प्लस-टू हाईस्कूल हसपुरा के परीक्षा नियंत्रक सह राज्य परिषद के सदस्य अरविंद कुमार वर्मा, देवकुंड के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह, प्रियदर्शी महिपाल राव चौहान, महिला कालेज के प्राचार्य गीता कुमारी,प्रो.डा.संजय कुमार,डा.सुनील

कुमार ,समता हाईस्कूल मलहारा के हेडमास्टर कुलदीप चौधरी, प्राचार्य महेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार परीक्षा लिया गया। परीक्षा में शत प्रतिशत छात्र उपस्थित हो रहे हैं। हसपुरा हाईस्कूल के इंटर आर्ट्स में 120 छात्र और साइंस में 188 छात्र शामिल होकर परीक्षा दे रहे हैं। बताया जाता है कि कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए शिक्षकों की अलग - अलग टीम बनाई गई है। जिस प्रकार से बोर्ड द्वारा परीक्षा लिया जाता है उसी के तर्ज पर पूरा परीक्षा लिया गया जो 17 अक्टूबर तक चलेगा। प्लस-टू हाईस्कूल के परीक्षा नियंत्रण टीम में शिक्षक अविनाश कुमार,शाहबाज खान,मो. इफ्तखार,रंजित कुमार,रीना कुमारी,सच्ची कुमारी,वंदना कुमारी समेत अन्य लोग शामिल थे। परीक्षा में शामिल नहीं होने पर फाइनल परीक्षा का फार्म नहीं भरा जा सकेगा।

प्रशासन के सुस्त रवैए से अवैध उत्खनन में राज्य सरकार को राजस्व का नुकसान

दैनिक समाज जागरण

चान्दन/बांका/ प्रखंड क्षेत्र के थाना अंतर्गत विभिन्न घाटों से रात में चोरी छुपे बालू के अवैध ढुलाई कम होने का नाम नहीं ले रही है देखा जाए तो पिछले कई दिनों से चांदन थाना क्षेत्र के विभिन्न घाटों से अवैध ढुलाई को लेकर कारोबारी सक्रिय दिख रही हैं। जबकि जिलाधिकारी अंशुल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डॉङ्क सत्य प्रकाश द्वारा सभी थानों को कड़ी निर्देश दिया गया है की अवैध बालू एवं शराब पर कड़ी निगाहें रखी जाए। बता दें कि बीते सोमवार को बेलहर एसडीपीओ प्रेमचंद्र सिंह द्वारा आनंदपुर ओपी थाना में सभी थानों के थानाध्यक्ष के समक्ष क्राइम मीटिंग कर बालू कारोबारी एवं शराब कारोबारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही गई थी। लेकिन थाना क्षेत्र में बालू माफिया धड़ल्ले से अपने कारोबार कर रहे हैं जिससे जिलाधिकारी का यह फरमान बेअसर साबित होता हुआ दिख रहा है। थाना क्षेत्र के गांव गली मोहल्ले के इर्द-गिर्द ही बालू का ढेर देखने को मिल रहा है इस बात को लेकर भाजपा जिला मंत्री चंदन सिन्हा ने बहुत बड़ी बात कह दी उन्होंने कहा की दूध का रखवाली बिल्ली ही करे तो संभव नहीं है क्योंकि थानाध्यक्ष की मिलीभगत से ही बालू माफिया अपना कारोबार चलाते हैं। चांदन बाजार सहित ग्रामीण इलाकों में रात होते ही बालू का सौदा होने लगता

है। जबकि बिहार सरकार का साफ तौर पर कहना है कि अवैध बालू पर 25 गुना जुमार्ना और धंधे करने वालों को 2 साल की जेल और धंधे में सभी तरह के वाहन जप्त कर के नीलामी करने का प्रावधान भी है। लेकिन चांदन प्रखंड के बालू कारोबारियों का जरा सा भी इस बात का डर नहीं है और रात के 10:00 बजे से बालू कारोबारियों बालू का उठाव के प्रयुक्त ट्रैक्टर की आवाज से लोगों की नींद हराम हो रही है.लेकिन प्रशासन उस पर कार्रवाई करने की जगह चुप्पी साधे हैं। खासकर चांदन थाना के अगल बगल में कारोबारी आराम से बालू की अवैध ढुलाई कर रहे हैं। जिससे चांदन थाना क्षेत्र में फिर से बालू कारोबारी सक्रिय हो गए हैं। अवैध ढंग से बालू उत्खनन तेज होने से चचाओं का बाजार गर्म है, हालांकि स्थानीय पुलिस ऐसी किसी भी प्रकार की जानकारी से इंकार कर रहे हैं। लेकिन इस बात का खुलासा भाजपा जिला मंत्री चंदन सिन्हा ने साफतौर पर कह रहे हैं कि बालू माफिया थानाध्यक्ष की मिलीभगत से ही अपना धंधा चला रहे हैं। अवैध बालू पर तभी रोक लगेंगे जब जिलाधिकारी अपने स्तर से चांदन थाना क्षेत्र में जांच करेंगे। यहां तक की सरकार के राजस्व चोरी कर जन प्रतिनिधियों द्वारा सड़क निर्माण पीसीसी सड़क भवन निर्माण आदि कार्य में चोरी का बालू उपयोग कर रही है यहां तक की घाट की बंदोबस्ती नहीं होने से प्रधानमंत्री आवास लाभुकों को भी चोरी छुपे बालू खरीदना मजबूरी बन गई है जिससे बालू माफियाओं की चांदी कट रही है.

चांदन पुलिस ने आजाद नगर निवासी फरार शराब कारोबारी गुल्ली पुजार को गिरफ्तार कर भेजा जेल

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो उमाकांत साह

थाना क्षेत्र के आजाद नगर गांव निवासी गूली पूझार पिता कैलू पूझार को गिरफ्तार कर को बांका जेल भेज दिया है प्राप्त जानकारी के अनुसार चांदन पुलिस ने सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर विशेष छापेमारी अभियान के तहत आजाद नगर निवासी गुल्ली पुजार के घर छापेमारी कर 16 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया था जहां पुलिस

की भनक लगते ही शराब कारोबारी गुल्ली पुजार मौके से फरार हो गया था.जिसकी निशानदेही पर चांदन पुलिस ने मंगलवार 11 अक्टूबर को शराब कारोबारी गुल्ली पुजार को गिरफ्तार कर लिया. जिसे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदन में मेडिकल जांच कर मध उत्पाद अधिनियम एवं सुसंगत धारा के तहत मामला दर्ज कर बुधवार को बांका न्यायालय भेज दिया।

पितृपक्ष मेला 2022 दुर्गा पूजा, रावण वध एवं मूर्ति विसर्जन के सफल आयोजन संपन्न करने पर प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

दैनिक समाज जागरण
गया ब्यूरो गजेन्द्र कुमार

पितृपक्ष मेला में इस बार रबड़ डैम के निर्माण हो जाने से नदी में पानी स्थिर रहने के कारण पिण्ड सामग्रियों को उसमें से लगातार निकालकर सफाई रखना एवं चुनौतीपूर्ण कार्य था, जिसे आउटसोर्स कम्पनी के सफाई कर्मियों द्वारा सफलतापूर्वक उक्त कार्य को किया गया` सम्पूर्ण मेला क्षेत्र की सफाई व्यवस्था सराहनीय रही नगर निगम के सभी सफाई पर्यवेक्षक, मुख्य सफाई निरीक्षक, वार्ड निरीक्षको, नोडल पदाधिकारी, उप नोडल पदाधिकारी, भंडारपाल द्वारा भी सराहनीय कार्य किया गया है। रावणवध कार्यक्रम के अवसर पर गाँधी मैदान में नगर निगम द्वारा सम्पूर्ण रूप से सराहनीय प्रकाश

व्यवस्था एवं सफाई व्यवस्था करायी गयी गाँधी मैदान में पितृपक्ष मेला में टेंट सिटी का निर्माण कराया गया था एवं उसे हटाने पर गड्ढे हो गये थे जिसे निगम द्वारा समतलीकरण अच्छी सफाई व्यवस्था करायी गई रुकमिनी तालाब में मूर्ति विसर्जन के अवसर पर तालाब की साफ झ सफाई, प्रकाश की समुचित एवं पर्याप्त व्यवस्था एवं नियंत्रण कक्ष की स्थापना करायी गई उपरोक्त कार्यो के सफलतापूर्वक निर्वहन में सराहनीय योगदान हेतु, पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण को श्रीमती अभिलाषा शर्मा, भा0प्र0से0, नगर आयुक्त,गया नगर निगम द्वारा प्रशंसा पत्र दिया गया।

डेंगू से वारिसलीगंज में दूसरी मौत, प्रशासनिक इंतजाम अब भी नाकाफी

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज प्रखंड में डेंगू से दूसरी मौत हुई है। पिछले 48 घंटे के दौरान दो की मौत से इलाके के लोगों में हड़कंप है।प्रखंड व नगर क्षेत्र में डेंगू महामारी का रूप धारण कर चुका है। प्रशासनिक व्यवस्था अब भी नाकाफी है।हालांकि सरकारी स्तर बुधवार को नगर के कुछेक गली मोहल्ले में ब्लीचिंग का छिड़काव शुरू हुआ है। फॉगिंग अब भी शुरू नहीं हुआ है। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वारिसलीगंज के द्वारा चलाए जा रहे फागिंग में अपसढ गांव और नगर के कुछ हिस्सों में स्प्रे कराई गई है। जबकि प्रखंड का ग्रामीण क्षेत्र पूरी तरह से भगवान भरोसे है।बता दें कि

डेंगू से पहली मौत रविवार को अपसढ़ ग्रामीण सत्यप्रकाश सिंह उर्फ सतन सिंह के 20 वर्षीय पुत्र दिलखुश कुमार की हुई। जबकि दूसरी मौत नगर के मुड़लाचक निवासी गुमटी रोड में पंजाब चाराकल के मालिक विजय प्रसाद की हुई। इनकी मौत मंगलवार की देर रात इलाज के दौरान पटना में हुई है। फिर भी स्वास्थ्य महकमा रोकथाम की दिशा में पर्याप्त व्यवस्था नहीं कर पा रही है। अलबत्ता, नगर परिषद प्रशासन में कुछ हलचल हुई है। मौके पर घटनास्थल पर पहुंचे स्थानीय विधायक ने मृतकों के परिजन को ढाढस बंधाया है।समय रहते रोकथाम का प्रयास नहीं किया गया तो आने वाला समय मुश्किलों भरा होगा।

सल्लू खान ने रक्त उपलब्ध कराकर महिला की बचाई जान

रक्तदान करने के मामले में कई बार सल्लू हुए हैं सम्मानित।

सल्लू थे बुखार से पीड़ित, फिर भी महिला को उपलब्ध कराया रक्त।

दैनिक समाज जागरण ,अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ औरंगाबाद (बिहार)

औरंगाबाद (बिहार) 12 अक्टूबर 2022:- औरंगाबाद : मुफस्सिल थाना के नौगढ़ पंचायत के रेडीया गांव निवासी मोहम्मद फखरुद्दीन 50 वर्षीय रूकेदा खातून की हेमोग्लोबिन कम रहने से जीवन और मौत से जूझ रही थी। उसे बी पाजीटिव ब्लड की जरूरत थी। परन्तू रक्त उपलब्ध नहीं हो रहा था।

जानकारी मिलने पर शहर के सामाजिक कार्यकर्ता मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान ने रक्त उपलब्ध कराकर महिला की जान बचाई। सल्लू ने बताया कि ब्लड की कमी से महिला कई बार बेहोश हो चुकी थी। महिला को ब्लड चढ़ा और उसकी जान बच गई।

बता दें कि सल्लू तेज बुखार से पीड़ित थे। बुखार में ही उठकर सल्लू खान ने महिला को ब्लड उपलब्ध कराया। महिला के स्वजन ने सल्लू खान को धन्यवाद देते हुए कहा कि जब चारों तरफ से निराश हो गए तो आपने मेरी सहायता की। पति ने कहा कि हम सुबह से ब्लड के लिए अपने परिवार से लेकर अपने मित्र लोगों से भी गुहार लगाई।

बता दें कि सल्लू खान हमेशा रक्तदान करने और उपलब्ध कराने में आगे रहते हैं, यही कारण है कि विभिन्न मंचों द्वारा सम्मानित किया गया है। डीएम अभिजीत सिन्हा, नवीन चंद्र झा, कंवल तनुज, सौरभ जोरवाल, ए सिविल सर्जन ने भी रक्तदान के लिए सम्मानित किया। सल्लू को रेड क्रास से भी सम्मानित किया गया है।

बालू के अवैध धंधे में नप गये नगर थानाध्यक्ष विजय सिंह सहित तीन पुलिस पदाधिकारी

रीता कुमारी, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

नवादा (बिहार)। बालू के अवैध धंधे में नगर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह और उनके दो सहयोगियों पर कार्रवाई की गाज गिरी है। तीनों को निलम्बित कर दिया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव मंगला द्वारा की गयी। रजौली के इंस्पेक्टर अरुण कुमार सिंह को फिलहाल नवादा नगर थाना का कमान दिया गया है।

बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह नगर के खरीदी बिगहा इलाके से एक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को नवादा नगर थाना पुलिस द्वारा जब्त किया गया था। उक्त ट्रैक्टर को नवादा नगर थाना परिसर में रखा गया था। जब्त ट्रैक्टर उसी रात थाने से गायब हो गयी, यूं कहे ट्रैक्टर को लेकर मालिक और चालक भाग गये या भगा दिये गये।

चचाएं कई तरह की है। कहा जा रहा है की ट्रैक्टर को भागने के पहले बड़ा खेल हुआ। मामला पुलिस अधीक्षक

के संज्ञान में गया कि रिश्वतखोरी कर ट्रैक्टर को छोड़ दिया गया। उन्होंने इसकी जांच करायी और फिर आगे की कार्रवाई की गयी।

नवादा सदर पुलिस उपाधीक्षक उपेन्द्र प्रसाद और नवादा अंचल के पुलिस निरीक्षक नेयाज अहमद द्वारा जांच में आरोपों की पुष्टि हुई। जांच में यह बात सामने आयी कि सहायक अवर निरीक्षक रामानन्द यादव द्वारा ट्रैक्टर को जब्त किया गया था, जिसे थानाध्यक्ष विजय कुमार सिंह की सहमति से लेखक पदाधिकारी (मुंशी) सहायक अवर निरीक्षक रघुवीर साहनी ने थाने से छोड़ दिया, जिसके बाद तीनों के विरुद्ध निलम्बन की कार्रवाई की गयी।

नवादा जिले में 1 जनवरी 2022 से ही बालू का खनन बंद है। फिर भी धड़ल्ले से बालू का खनन और परिवहन हो रहा है।

बता दें कि इसके पहले जब्त दो बालू लदे ट्रक को भगाने के मामले में रोह के थानाध्यक्ष रवि भूषण, दो चौकीदार, ओडी अफसर, संतरी ड्यूटी पर रहे पुलिस जवान कुल 5 पुलिस कर्मियों को निलंबित किया गया था।

उक्त घटना के कुछ दिनों बाद ही नगर थाना में घटना की पुनरावृति हो गयी । यह पुलिस अधीक्षक के लिए असहज होनेवाली स्थिति थी।

पावापुरी महोत्सव को लेकर एसडीएम ने मंदिर प्रबंधन के साथ की बैठक

नालंदा : पावापुरी महोत्सव की तैयारी को लेकर एसडीएम ने पावापुरी महोत्सव की तैयारी की समीक्षा की। समीक्षात्मक अनुमंडल और प्रखंड के पदाधिकारियों व श्वेताम्बर व दिगम्बर के प्रबंधन ने भाग लिया। बताया गया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार किन-किन स्थानों पर जाएंगे। लोगों ने कहा कि 23 एवं 24अक्टूबर को होने वाला महोत्सव ऐतिहासिक होगा।

जैन श्वेतांबर मंदिर के प्रबंधक गीतम मिश्रा, दिगम्बर जैन कोठी के प्रबंधक

अरुण कुमार जैन, पवन जैन से विस्तार से बातचीत की। समारोह में देश के प्रख्यात कलाकार का आयोजन के साथ मुख्यमंत्री एवं राज्य सरकार के कई मंत्री शिरकत कर सकते हैं। मौके पर डीएसपी प्रदीप कुमार, बीडीओ निर्मल कुमार, सीओ सोनम राज, थानाध्यक्ष रवींद्र कुमार आदि मौजूद थे।

हथियार के साथ युवक का फोटो वायरल, पहले से कई अपराधिक मामले हैं दर्ज : दुर्गा विसर्जन के दिन दहशत फैलाने के उद्देश्य से की थी फायरिंग

नालंदा : नालंदा में एक युवक का हथियार के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला बिन्द प्रखंड का है। युवक की पहचान बिन्द थाना क्षेत्र के जखौरा निवासी शत्रुघ्न ढ़ाढ़ी के पुत्र गोपाल कुमार के रूप में किया गया है।वायरल फोटो के संदर्भ में बताया जाता है कि युवक आपराधिक चरित्र का व्यक्ति है। जिस पर कई मामले दर्ज हैं। ग्रामीणों की माने तो अश्विन पूर्णिमा के दिन जखौरा गांव में मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन के उपलक्षय में मेला लगा था। मेले के दौरान हीं जखौर एवं सदरपुर गांव में दहशत फैलाने के उद्देश्य से बदमाश ने दर्जनों राउंड फायरिंग की थी। बदमाश आम लोगों में हथियार का भय दिखाकर दहशत फैला आपराधिक घटना को अंजाम देता है।हालांकि वायरल फोटो कब की है इसकी जानकारी नहीं है। लेकिन इन दिनों सोशल मीडिया पर हथियार के साथ युवक का फोटो खूब वायरल हो रहा है। इस संदर्भ में बिन्द थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि इस युवक पर पहले से आपराधिक मामला दर्ज है। वायरल फोटो की सत्यता की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

बिहार राज दलपति एवं ग्राम रक्षा दल सघं अररिया एक बैठक का आयोजन हुआ खान टोला कालू चौक पड़रिया

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता चंदन कुमार दास

आज दिनांक 11/10/2022 दिन मंगलवार समय पूर्वाहन 11-00 बजे से एक बैठक पड़रिया में किया गया अररिया जिला के सभी प्रखंडों के दलपति एवं ग्राम रक्षा दल संघ के अध्यक्ष एवं सचिव को चयनित किया गया जिसमें सभी प्रखंड एवं पंचायत में अध्यक्ष सचिव का चयन भी किया गया इसकी मुख्य उद्देश्य बिहार ग्राम रक्षा दल दलपति एवं ग्राम रक्षा दल संघ जो आजादी के बाद संविधान के बाद से कई वर्षों से लगातार सरकार से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के बावजूद भूखे प्यासे बैठक एवं अभ्यावेदन के माध्यम से सरकार को ज्ञापन देते आ रहे हैं परंतु सरकार का इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है अररिया जिला के सभी बिहार ग्राम रक्षा दल सरकार से प्रतीक्षा में है कि हम लोगों को ग्राम पंचायत से प्रखंड तथा जिला स्तर से प्रदेश तक स्थायीकरण किया जाए साथ ही मानदेय का भुगतान एवं जवानों को आवश्यक सामग्री उपयोग हेतु मुहैया किया जाए माननीय श्री मान नरेंद्र मोदी भारत सरकार के प्रधानमंत्री से हम सभी बिहार ग्राम रक्षा दल के साथ सौतेला व्यवहार क्यों क्या हम लोग संघ भारत के नागरिक नहीं ग्राम पंचायत पड़रिया प्रखंड सिटी के वर्तमान ग्राम रक्षा दल संघ के सचिव मोहम्मद दुखाई खान एवं जिला अध्यक्ष मोहम्मद हातिम

एवं बिहार ग्राम रक्षा दल के सभी जवान के नेतृत्व में नए अध्यक्ष सचिव का चयन किया गया जो इन प्रकार से हैं

जिला अध्यक्ष श्री जय प्रकाश मेहता
जिला सचिव दुखाई खान प्रखंड अध्यक्ष जहीर अंसारी प्रखंड सचिव सब्बू लाल सिंह प्रखंड उप सचिव महीन उद्दीन प्रखंड उपाध्यक्ष उतेरून निशा प्रखंड कोषाध्यक्ष राजेश कुमार मांझी पंचायत अध्यक्ष मेहरुद्दीन पंचायत सचिव मोहम्मद सदीर पंचायत उपाध्यक्ष मीना देवी
पंचायत दहगामा
पंचायत अध्यक्ष हारून पंचायत सचिव रफीक आलम पंचायत उपाध्यक्ष मुस्लिम पंचायत अध्यक्ष मुनीलाल मंडल पंचायत सचिव रंजीत पंचायत अध्यक्ष मुनेश्वर राम पंचायत सचिव दिनेश यादव पंचायत भीड़भिडी सुरेंद्र मंडल अध्यक्ष पंचायत सचिव महावीर मंडल घोड़ा घाट पंचायत अध्यक्ष अब्दुल लतीफ पंचायत सचिव तनवीर पंचायत बरदाहा पंचायत अध्यक्ष तिरु सदा उपाध्यक्ष बंदे लाल मंडल पंचायत अध्यक्ष बेचन यादव पंचायत सचिव आशा देवी पंचायत अध्यक्ष बौकाई शर्मा पंचायत सचिव दुगार्नद मंडल पंचायत अध्यक्ष सोमाई मंडल पंचायत सचिव कुलदीप बैठा पंचायत अध्यक्ष वीरकेस्वरमंडल पंचायत सचिव अजय कुमार यादव पंचायत अध्यक्ष नजरूउद्दीन प्रखंड अध्यक्ष आलमगीर सचिव आरती कुमारी कोषा अध्यक्ष नूरुद्दीन पंचायत अध्यक्ष संभू मंडल पंचायत सचिव रहमान प्रखंड अध्यक्ष केम लाल मंडल पंचायत सचिव अजीत कुमार मंडल पंचायत अध्यक्ष हसमुद्दीन पंचायत सचिव जुबेदा खातून इत्यादि बिहार ग्राम रक्षा दल के मौजूदगी रही

अधिकारियों ने एक साथ चार पंचायतों का किया निरीक्षण

दैनिक समाज जागरण
अकील आलम

प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुदृढ एवं संवेदनशील बनाने के निमित क्षेत्र भ्रमण कर विभागीय कार्यों का निरीक्षण एवं उसकी समीक्षा को लेकर जिला पदाधिकारी के निर्देश पर बुधवार को चार पंचायतों का अधिकारियों ने दौरा कर योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर अनुमंडल दंडाधिकारी साकेत सुमन सौरभ ने इकड़ा पंचायत, श्रम अधीक्षक बीरेंद्र कुमार महतो सिंघीमारी पंचायत, बीडीओ किशोर कुणाल ने मंगुरा पंचायत और अंचलाधिकारी मोहम्मद अबुनसर ने धनगढ़ा पंचायत का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पंचायतों में चल रहे विभिन्न योजनाओं का भौतिक निरीक्षण

किया। इस क्रम में बीडीओ किशोर कुणाल ने मंगुरा पंचायत में आंगनबाड़ी,जनवितरण की दुकान, पैक्स गोदाम, मनरेगा, जल-नल,गली- नली,विद्यालय सहित पंचायत में चल रहें अन्य सरकारी योजनाओं का जांच करते हुए उसकी रिपोर्ट तैयार किया। निरीक्षण के क्रम में बीडीओ ने पंचायत के विभिन्न वार्डों में आवास निर्माण कार्य का समीक्षा करते हुए लाभार्थियों से समय सीमा पर आवास कार्य पूर्ण कराने के लिए प्रोत्साहित किया। जबकि स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति, बाल किचन,साफ सफाई का भी अधिकारियों ने जायजा लिया। इस दौरान सम्बंधित पंचायत के मुखिया,कनीय अभियंता एवं अन्य कर्मी मौजूद थे।

युवक लाश पेड़ से लटकी हालत में मिली,मचा कोहराम

हाजीपुर(वैशाली)जिले के महनार थाना क्षेत्र के व जन्दाहा थाना क्षेत्र की सीमा पर स्थित बटोहिया चौर में आम के पेड़ से लटकी हुई एक युवक की लाश को ग्रामीणों द्वारा देखे जाने पूरे गाँव में सनसनी फैल गई।यह खबर दोपहर को उस समय जंगल की आग की तरह आस पास के चकदीवान,अरनियां,जन्दाहा बाजार समेत गाँव में फैल गई।लोगों का हुजूम लाश को देखने उमड़ पड़ा।इसकी जानकारी जब युवक के घर वाले को मिली तो परिवार में कोहराम मच गया।बाद में परिवार के सदस्य व ग्रामीणों की मदद से युवक की लाश को पेड़ से उतारा गया और उस के घर पर लाया गया।तब तक इसकी सूचना ग्रामीण के द्वारा महनार थाना को दे दी गई।वहीं ग्रामीण के द्वारा युवक की पहचान स्थानीय गाँव अरनियां-चकदीवान दस बिगहिया के निवासी स्वर्गीय महेन्द्र साह उर्फ पकौड़ी लाल के नौजवान पुत्र मुकेश कुमार (17 वर्ष लगभग) के रूप मे किया गया।युवक की मौत काफी रहस्मयी बताया जा रहा है।ग्रामीण व सूत्रों से मिली जानकारी से पता चल रहा है कि यह युवक सुबह अपने घर से अकेला ही निकला था।दोपहर को गाँव से कुछ ही दूरी पर चौर में एक पेड़ से गमछा के फंदे में लटकी हालत में उसकी लाश को किसी ग्रामीण ने देखा तो शोर मचाया और देखते देखते युवक की लाश के पास लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।लाश की तस्वीर सोशल मिडीया पर वायरल होने लगी।घटना से पूरा इलाका मातमी है।क्योंकि यह युवक दसवीं का छात्र भी है और मजदूरी भी करता था।घर में मां और चार या पांच भाई है।काफी गरीब परिवार का था।मां का रो रो कर बुरा हाल है।वहीं काफी देर के बाद महनार थाना की पुलिस गाँव पहुंच कर युवक की लाश को पोस्टमार्टम के लिए साथ ले गई।जबकि यह अभी भी पता नहीं चल सका कि उसकी हत्या हुई है तो क्यों?

जदयू सदस्यता अभियान केम्प एवं सभा का आयोजन किया गया। जिसमें कई दर्जन लोगों ने ए आई एम आई एम एवं बीजीपी पार्टी छोड़कर जदयू की सदस्यता ली

दैनिक समाज जागरण सीमांचल
प्रभारी मोहम्मद चांद

पूर्णियां जिला अन्तर्गत डगरवा प्रखंड के कनहरिया में आज जदयू सदस्यता अभियान केम्प एवं सभा का आयोजन किया गया । जिसमें कई दर्जन लोगों ने एआईएमआईएम एवं बीजीपी पार्टी छोड़कर जदयू की सदस्यता ली। कार्यक्रम की अध्यक्षता मो सरवर उर्फ.बब्लू बाबू ने किया। कार्यक्रम को जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रवक्ता जुलकरनैन राज, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष शाहिद रेजा, पूर्व जिला पार्षद सह जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव शगुफ्ता प्रवीण, पूर्व मुखिया सह जदयू संगठन प्रभारी तबरेज आलम, मुखिया सह जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष जमशेद आलम, जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने संबोधित किया। जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने अपने संबोधन में विस्तारपूर्वक माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार

के एनडीए को छोड़कर महागठबंधन में शामिल होने की परिस्थितियों पर चर्चा की। उन्होंने आगे कहा कि नीतीश कुमार सबके हैं, नीतीश कुमार को पहचानिए। माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज सिर्फ बिहार ही नहीं पूरे देश की जनता उम्मीद भड़ी निगाहों से देख रहे हैं कि नीतीश कुमार ही 2024 में केन्द्र की इस निरंकुश सरकार से छुटकारा दिला सकते हैं। कार्यक्रम में मंच संचालन वरिष्ठ जदयू नेता सह पैक्स अध्यक्ष मंजूर आलम ने किया। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया अशफाक चौधरी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष बायसी शकीलुर रहमान, जदयू जिला उपाध्यक्ष शाहबाज आलम उर्फ मिंटू, जदयू जिला सचिव अनीसुर रहमान,जफर आलम, सरपंच शाहिद आलम, हसनैन रेजा, निशात अंजुम, शाहजहांगीर, मो सरफराज जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष बायसी, जुबैर आलम,मो शफीक,शम्स तालिब,मो मंजर आलम,मो तनवीर आलम,मो जिलानी,मो सरफराज कनहरिया,रहीम मियां, हाफिज साजिद,रहबरे इस्लाम,नसीम खां, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने पार्टी से जुड़ें लोगों का माला पहनाकर स्वागत किया।

राष्ट्रीय फलक पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब: दिवाकर

लखीसराय से संवाददाता अनुराग आनंद की रिपोर्ट

लखीसरायः- गरीब परिवार में जन्म लेकर भी अपनी मेहनत के बल पर बुलंदियों को छुआ जा सकता है और सपनों का पंख लगाया जा सकता है। मैदानी चौकी थाना क्षेत्र के चौकीदार भारत भूषण पासवान के बेटे दिवाकर कुमार एक गुमनाम गली से निकलकर बहुत ही कम उम्र में राष्ट्रीय फलक पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो रहा है वंशीपुर जैसे अति पिछड़े गांव में जन्म लेकर वही से माध्यमिक शिक्षा पूरी करने वाले दिवाकर कुमार ने महाराष्ट्र के कल्याण में आयोजित नेशनल परफॉर्मिंग आर्ट्स चैंपियनशिप 2022 में स्लो सिंगिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करके गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। जबकि इस चैम्पियनशिप के नृत्य में लखीसराय वार्ड नम्बर -12 की निशा कुमारी को सिल्वर मेडल है। दिवाकर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गत दिनों महाराष्ट्र के कल्याण में नेशनल में परफार्मिंग आर्ट चैम्पियनशिप का दो दिवसीय आयोजन किया गया था। देश भर के

कई राज्यों से कलाकारों ने इसमें भाग लिया था। बिहार राज्य के दो प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया और दोनों संयोग से लखीसराय जिले के ही थे। चौकीदार भारत भूषण पासवान के पुत्र दिवाकर कुमार का लगाव बचपन से ही संगीत से रहा है। फलस्वरूप इन्होंने अपना जलवा नेशनल लेवल पर दिखाया इस जलवा को देखते ही वर्ल्ड चैंपियनशिप सीमा अग्रवाल ने दिवाकर के साथ एक एल्बम निकालने के लिए तैयार हुए। दिवाकर कुमार के लिए ये सुनहरा मौका है वर्ल्ड चैंपियनशिप के साथ सॉग को निकालने के लिए दिवाकर कुमार ने इसका श्रेय अपने माता पिता के साथ साथ गुरुजन प्लस टू उच्च विद्यालय अमरपुर के संगीत शिक्षक नटराज सर को दिया है। उधर लखीसराय नगर क्षेत्र के नया टोला पुरानी बाजार वार्ड नंबर -12 के भरत चौरसिया के पुत्री निशा कुमारी ने नृत्य प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त किया

बेहतरीन कार्य के लिए सीएसपी संचालक सुजीत कुमार उर्फ छोटू को किया पुरुस्कृत।

राजीब मिश्रा/समाज जागरण, करजाईन(राघोपुर)सुपौल

जिले में राघोपुर प्रखंड अन्तर्गत करजाईन बाजार में ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक सुजीत कुमार उर्फ छोटू को एसबीआई रीजनल मैनेजर विनोद कुमार सिंह ने अटल पेंशन योजना में बेहतरीन प्रदर्शन को लेकर सम्मानित किया। करजाईन भारतीय स्टेट बैंक के तहत संचालित ग्राहक सेवा केन्द्र के संचालकों में सुजीत कुमार उर्फ छोटू ने बेहतर कार्यों के बदौलत पुरस्कार प्राप्त किया। साथ ही रिजनल मैनेजर ने कहा कि बेहतर

कार्य का परिणाम उत्साहवर्धक होता है। इनको मिला यह पुरस्कार अन्य को भी अच्छे ढंग से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। इस अवसर मुख्य प्रबंधक राजन झा, कर्मी राघवेंद्र शरण, रामेश्वर दास, अभिनय कुमार, कमलेश प्रसाद सिंह आदि उपस्थित थे। वहीं सुजीत कुमार उर्फ छोटू को पुरस्कार मिलने पर स्थानीय बैंक अधिकारी, जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणों ने खुशी जताई है।

लूटकांड और मारपीट के दो दर्ज मामलों के आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार

जितेंद्र कुमार /समाज जागरण, त्रिबेनीगंज, सुपौल

जिले में त्रिवेणीगंज पुलिस ने लूटकांड औड्र मारपीट के दो दर्ज मामलों के आरोपी अभियुक्त को डपरखा औड्र लक्ष्मीनिया से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जानकारी देते हुए त्रिवेणीगंज थानाध्यक्ष संदीप कुमार सिंह ने बतलाया कि 30 दिसम्बर 2020 को त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के मयूरवा पुल के पास सड़क पर पूर्णिया जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के बरहकोना निवासी रतन कुमार से बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर एक लूट की घटना को अंजाम दिया था,पीड़ित रतन कुमार से 65000 रुपये, टैब एवं अन्य सामान लूट लिया था, इस मामले में पीड़ित रतन कुमार के लिखित शिकायत पर त्रिवेणीगंज थाना कांड संख्या 395/20 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया गया था इस मामले में अनुसंधान के क्रम में प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर एक अप्राथमिकी आरोपी अभियुक्त अनिल कुमार को त्रिवेणीगंज पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीनिया वार्ड नम्बर 9 से गिरफ्तार किया गया है वहीं त्रिवेणीगंज थाना में मारपीट के एक दर्ज मामले त्रिवेणीगंज थाना कांड संख्या 197/21 के एक नामजद आरोपी अभियुक्त स्थानीय निवासी अमरेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया गया है इन पर उक्त कांड में वरीय अधिकारियों द्वारा जांचोपरांत आरोप तय किया गया है गिरफ्तार दोनों आरोपी अभियुक्त को त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल में कोविड टेस्ट के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

लोकतंत्र पर आधारित 'मैं ही हूँ वैशाली' का किया गया मंचन 50 चौकीदारों को दिया गया नियुक्ति का पत्र 10 दिव्यांग जनों को दी गयी ट्राई साईकिल अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर पर भी हुआ कार्यक्रमों का आयोजन

वैशाली जिला स्थापना दिवस समारोह का समाहरणालय सभागार में दीप प्रज्ज्वलित कर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया विधिवत उद्घाटन

22 लाख 67 हजार की लागत से मद्य निषेद्य विभाग के लिए खरीदी गयी मोटर वोट का जिलाधिकारी के द्वारा फीता काट कर किया गया शुभारंभ इस वोट से दियारा क्षेत्र में पेट्रोलिंग प्रभावी रूप में की जा सकेगी।

हाजीपुर(वैशाली)50 वाँ वैशाली जिला स्थापना दिवस समारोह का मुख्य आयोजन समाहरणालय सभागार हाजीपुर में किया गया जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा एवं पुलिस अधीक्षक श्री मनीष के द्वारा संयुक्त रूप से विधिवत दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।इस अवसर पर सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, समाहरणालय संवर्ग के कर्मीगण, जिले के गणमान्य उपस्थित थे। समरोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र की जननी वैशाली देश की स्वाधीनता के पश्चात आधुनिक व्यवस्था में जिला ईकाई के रूप में आज के ही दिन सन 1972 में अस्तित्व में आया। इस पवित्र भूमि को भगवान बुद्ध की कर्मभूमि, भगवान महावीर की जन्मभूमि एवं विश्व के प्रथम गणतंत्र की मातृभूमि होने का गौरव प्राप्त है। जिला स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित इस समारोह में मैं आप सभी का हार्दिक अभिनंदन करता हूँ। यह खुशी की बात है कि वैशाली जिला आज अपने स्थापना का 50 वाँ वर्ष मना रहा है, पर इससे भी अधिक खुशी इस बात की है कि इस अवधि (अर्धशतक) को पूरा करते समय हम स्वस्थ, प्रगतिशील, आशावान और उजार्वान हैं। वैशाली वासियों के लिए यह बड़े गौरव की बात है। इस शुभ अवसर पर मैं यहाँ की महान परम्परा को अक्षुण्ण बनाये रखने वाले लोगों का नमन करता हूँ, भाई-बहनों को प्यार का संदेश देने के साथ-साथ एक नये वैशाली के निर्माण के लिए बच्चों को ढेर सारी शुभकामनाएँ भी देता हूँ।वैशाली जिला आज प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस दौरान महिला सशक्तीकरण, सामाजिक न्याय सेवा का अधिकार तथा समग्र विकास के लिए काफी कार्य किया गया है।जिला प्रशासन द्वारा विकास के कार्यों को गति दी गयी है। सरकार की सात निश्चय की योजनाओं में मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण गली-नाली पक्कीकरण निश्चय योजना का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करते हुये प्रत्येक टोला को बिजली कनेक्शन से अच्छादित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त शौचालय निर्माण, युवाओं को अर्थिक मदद, रोजगारोन्मुखी शिक्षा, महिलाओं की

भागीदादी बढ़ाने हेतु आरक्षण को विस्तार देते हुये सात निश्चय पार्ट-2 में प्रत्येक सड़क पर स्ट्रीट लाईट, ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन हर खेत को सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराने का संकल्प लिया गया है।शिक्षा को विकास की धूरी माना गया है। वैशाली जिला में बच्चों की शैक्षिणिक विकास के साथ-साथ सह-शैक्षिणिक गतिविधियों के संचालन, छात्र केन्द्रित बाल अधिगम तथा शिक्षा की सुलभ पहुँच हेतु नवाचारी प्रयास किये जा रहें हैं। जिला के सभी पंचायतों में माध्यमिक अथवा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संचालित है। नवाचार के रूप में सभी पंचायतों में पुस्तकालय खोला जा रहा है जिसमें सभी तरह के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए जरूरी पुस्तक एवं पत्रिका सुगमता से उपलब्ध रहेगी। ये पुस्तकालय आगे चल कर सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन का सूत्रधार बनेंगे।जिला प्रशासन वैशाली जन शिकायतों के समाधान के लिए कृत संकल्पित है। इस दिशा में नवाचार के रूप में अपना पंचायत अपना प्रशासन की व्यवस्था के तहत स्थानीय स्तर पर ही जन शिकायतों का निष्पादन किया गया। यह कार्यक्रम 15 जून 2022 से प्रारंभ किया गया और जिला के सभी 278 पंचायतों में प्रशानिक कैम्प लगाया जा चुका है। इसके अतिरिक्त प्रखंड स्तर पर प्रशासन आपके द्वार का कार्यक्रम भी किया जा रहा है।वैशाली को उत्तर बिहार का प्रवेश द्वार भी माना जाता है। पूर्व में निर्मित महात्मा गाँधी सेतु जो कि उत्तर बिहार का राजधानी पटना से जोड़ने का एकमात्र पुल था, जिसे लगभग 2,000 करोड़ रुपए की लागत से पुर्ननिर्माण कर इस वर्ष जून माह में पूर्णरूप से चालू कर दिया गया है। इसके समानांतर 4-लेन का अतिरिक्त पुल निर्माणधीन है। कच्ची दरगाह से बिदुपुर 6-लेन निर्माणधीनपुल को एन0एच0-119डी के द्वारा दरभंगा से जोड़ा गया जिससे मिथलांचल के लोगों को सीधे पटना जाने का संपर्क मिल जायेगा। पटना से सीमावर्ती क्षेत्र को जोड़ने के लिए वैशाली केसरिया होते हुए साहेबगंज तक सड़क निर्माण किया जा रहा है। जिले की पहचान महात्मा बुद्ध की कर्म भूमि में अभिषेक पुष्कर्णी के निकट बुद्ध समयक दर्शन संग्रहालय का निर्माण किया जा रहा है। जहाँ पर उनसे जुड़ी सभी महत्वपूर्ण घटनाओं की प्रदर्शनी तथा उनसे जुड़ी वस्तुओं को एक छत के नीचे प्रदर्शित किया जायेगा। इस प्रकार वैशाली जिला विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि वैशाली की गौरवशाली इतिहास एवं परम्परा है। आज के दिन हम सभी लोगों को इसे आगे बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए। यहाँ भरपूर संसाधन उपलब्ध है। इसका बेहतर इस्तेमाल कर वैशाली को विकास का एक नया आयाम दिया जा सकता है।50 वाँ जिला स्थापना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी के द्वारा अनुकम्पा एवं स्वैच्छिक सेवा निवृत चौकिदारों के 50 आश्रितों को चौकीदारी का नियुक्ति पत्र दिया गया। नियुक्ति पत्र पाकर सभी चौकीदारों के चेहरे खुशी से खिल उठे।जिला समाजिक सुरक्षा कोषांग के सौजन्य से 10 दिव्यांगजनों को ट्राई साईकिल प्रदान की गयी। हाजीपुर स्थित डीआरसीसी में रोजगार मेला (नियोजन कैम्प लगाकर 185 युवकों को नौकरी के लिए सहमति पत्र दी गयी। 22 लाख 67 हजार की लागत से मद्य निषेध विभाग के लिए खरीदी गयी मोटर वोट का जिलाधिकारी के द्वारा फीता काट कर हाजीपुर के क्लब घाट पर शुभारंभ किया गया। इस वोट से दियारा क्षेत्र में पेट्रोलिंग प्रभावी रूप में की जा सकेगी। सदर प्रखंड परिसर में निर्मित प्रखंड सूचना एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र भवन का जिलाधिकारी के द्वारा फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों के एक ही जगह पर बैठने से आपस में बेहतर समन्वय स्थापित होगा और ग्रामीण जनता को भी इसका लाभ मिलेगा। वैशाली जिला के तीनों अनुमंडल कार्यालयों में नये राशन कार्ड का वितरण लाभुकों को किया गया। सदर अस्पताल हाजीपुर में ब्लड डोनेशन कैम्प लगाया गया।

50 वाँ जिला स्थापना दिवस के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली, हाई स्कूलों के छात्रों ने साईकिल रैली निकाली, जगह-जगह स्वच्छता अभियान चलाया गया। जीविका के द्वारा मद्य निषेद्य रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया।

अधिकारियों ने एक साथ चार पंचायतों का किया निरीक्षण

दैनिक समाज जागरण दिघलबैंक अकील आलम

प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुदृढ एवं संवेदनशील बनाने के निमित क्षेत्र भ्रमण कर विभागीय कार्यों का निरीक्षण एवं उसकी समीक्षा को लेकर जिला पदाधिकारी के निर्देश पर बुधवार को चार पंचायतों का अधिकारियों ने दौरा कर योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर

अनुमंडल दंडाधिकारी साकेत सुमन सौरभ ने इकड़ा पंचायत, श्रम अधीक्षक बीरेंद्र कुमार महतो सिंघीमारी पंचायत, बीडीओ किशोर कुणाल ने मंगुरा पंचायत और अंचलाधिकारी मोहम्मद अबुनसर ने धनगढ़ा पंचायत का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पंचायतों में चल रहे विभिन्न योजनाओं का भौतिक निरीक्षण किया। इस क्रम में बीडीओ किशोर कुणाल ने मंगुरा पंचायत में आंगनबाड़ी,जनवितरण की दुकान, पैक्स गोदाम, मनरेगा, जल- नल,गली- नली,विद्यालय सहित पंचायत में चल रहें अन्य सरकारी योजनाओं का जांच करते हुए उसकी रिपोर्ट तैयार किया। निरीक्षण के क्रम में बीडीओ ने पंचायत के विभिन्न वार्डों में आवास निर्माण कार्य का समीक्षा करते हुए लाभार्थियों से समय सीमा पर आवास कार्य पूर्ण कराने के लिए प्रोत्साहित किया। जबकि स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति, बाल किचन,साफ सफाई का भी अधिकारियों ने जायजा लिया। इस दौरान सम्बंधित पंचायत के मुखिया,कनीय अभियंता एवं अन्य कर्मी मौजूद थे।

नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

किशनगंज/ कोचाधामन दैनिक समाज जागरण जिला संवादाताः अजमल नूरी दिनाक 12.10.2022 कोचाधामन थाना कांड संख्या 309/20 दिनांक 20.12.20 धारा30(ए) बिहार मध्यनिषेद एवं उत्पाद अधिनियम 2016 के प्राथमिकी अभियुक्त दीपेस कुमार साह उम्र करीब 32 वर्ष पिता शिव चरण साह साकिन मस्जिद टोला भगवानपुर थाना जोकि हाट जिला अररिया जो गिरफ्तारी के डर से भागा फिर

रहा था दिनाक 11.10.22 को गिरफ्तार कर थाना लाया गया जो आज दिनाक 12.10.22 को टाटा मोटर्स एक्सा योद्धा 3 ओ रील वाहन रजिस्टर नंबर इफ11GB 4566 के मालिक को पकड़ कर जेल भेजा जा गया।

आपदा प्रबंधन विभाग के तरफ से सामुदायिक प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

सत्येंद्र कुमार/बिहटा बिहटा - बुधवार को बिहटा के आनंदपुर स्थित सिविल डिफेंस ट्रेनिंग संस्था में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकार के बैनर तले नागरिक सुरक्षा महानिदेशालय ,बिहार द्वारा आपदा जोखिम न्यूनीकरण प्रबंधन कार्यक्रम के तहत 12 दिवसीय(10 से 22 अक्टूबर)सामुदायिक वोलेंटियर अभियान के मद्देनजर "आपदा मित्र" का ट्रैनिंग की शुरूआत हुआ। जहा बिहार एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस के मास्टर ट्रेनरों द्वारा पूर्णिया की 57 लड़कियों को बाढ़ में खुद को डूबने से बचाने और समुदाय को बचाने के गुर बताये गये। साथ ही और घायलों का मूल्यांकन, निरीक्षण दुर्घटना में घायलों को सुरक्षित विधियों से ले जाने की विधि सिखाया गया ।

निदेशालय के अवर सचिव ललित कुमार एवं वरीय अनुदेशक विनोद कुमार सभी मास्टर ट्रेनरों एवं एसडीआरएफ के सब इंस्पेक्टर गुण सागर सिंह के साथ सीडीटीआइ में ट्रेनिंग प्रोग्राम पर विचार विमर्श किया।साथ मे ट्रैनिंग प्रोग्राम के ट्रैनिंग इंचार्ज अरुण कुमार सिंह भी ने भी दिशा निर्देश दिया।

प्रधानमंत्री द्वारा उज्जैन महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर क्षेत्र में बनाए गए महाकाल लोग का लोकार्पण किया गया।

ब्यूरो/समाज जागरण, सुपौल जिले में कल विजया भारती होटल के प्रांगण में श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा उज्जैन में महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर क्षेत्र में बनाए गए श्री महाकाल लोक का लोकार्पण किया गया महाकाल का अद्भुत अविश्वसनीय अकल्पनीय महाकालेश्वर के दिव्य लोक के दर्शन करने का सौभाग्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया जिसकी अध्यक्षता किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष वह कार्यक्रम प्रभारी नलिन जायसवाल द्वारा किया। कार्यक्रम के उपरांत सबों में प्रसाद वितरण एवं सभी साधु को भोजन

भी कराया गया एवं अंगवस्त्र से सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष अशोक सम्राट जी ने किया।

कार्यक्रम में उपस्थित डॉ विजय शंकर चौधरी जी ने कहा मोदी जी उज्जैन के बारे में कहा महाकाल लोक के भव्यता समय की सीमाओं से पढ़े आने वाली कई कई पीढ़ियों को अलौकिक दिव्यता के दर्शन कराएगी उन्होंने कहा उज्जैन के क्षण क्षण में पल-पल में इतिहास सिमटा हुआ है कण-कण में अध्यात्म समाया हुआ है और कोने-कोने में ईश्वरीय ऊर्जा संचालित हो रही है।

नलिन जायसवाल ने कहा सफलता के शिखर पर पहुंचने के लिए यह जरूरी है कि राष्ट्र अपने सांस्कृतिक उत्कर्ष को छुए, अपनी पहचान के साथ गौरव से सर उठा कर खड़ा हो किसी राष्ट्र का सांस्कृतिक वैभव इतना विशाल तभी होता है जब उसकी सफलता का परचम विश्व पटल पर लड़ा रहा होता है और सफलता के शिखर तक पहुंचने के लिए भी जरूरी है कि राष्ट्र अपने सांस्कृतिक उत्कर्ष को छुए अपनी पहचान के साथ गौरव से सर उठा कर खड़ा हो।

कार्यक्रम में ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अशोक सम्राट किसान मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य डॉ अवनी रंजन सिंह किसान मोर्चा सुपौल नगर उपाध्यक्ष बाय अजय कुमार लाल सुमन कुमार झा किसान मोर्चा नगर मंत्री अरुण चौधरी प्रशांत ठाकुर सियावर शर्मा संतोष चौधरी संजय कुमार कुंदन जायसवाल रामदेव जी एवं नगर मंडल के पदाधिकारी गण एवं देव तुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे साथ ही बड़ी संख्या में विभिन्न स्थानों के महंत साधु भी उपस्थित रहे जिन को सम्मानित भी किया गया जिनमें प्रमुख रूप से भूषण दास रामदेव दास गणेशी दास रहे।

कालिदासपुर के बंद पड़े खदान में नहाने के दौरान एक युवक की डूबने की खबर

दैनिक समाज जागरण संवादाता अभिषेक तिवारी

पाकुड़ जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र कालिदासपुर के बंद पड़े खदान में नहाने के दौरान एक युवक की डूबने की खबर आ रही है,बताया जा रहा है कि युवक कालीदासपुर का निवासी शील मुर्मू 29 वर्ष है,जो अपने घर से नहाने के लिए बंद खदान के पानी मे गया हुआ था,इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा मुफस्सिल थाना पुलिस को दी गई,सूचना मिलते ही

मुफस्सिल थाना पुलिस घटना स्थल पहुँची तो खदान के पास चप्पल,कपड़ा पाया गया,पुलिस द्वारा पूछताछ के बात पता चला कि करीब 11 बजे शील मुर्मू नामक युवक बन्द खदान में नहाने गया था,इसके बाद से वो लापता है,इधर डूबे हुए लापता युवक की पत्नी ने बताया कि वो अपने रिश्तेदार के यहाँ गयी हुई थी,रिश्तेदार के यहाँ से आने के बाद पता चला कि मेरे पति बंद खदान में डूबकर लापता हो गया,घटना में जाकर देखा तो उनके पति की कपड़ा व चप्पल वही था पर पति लापता थे।

वही जीप सदस्य मंजुला हांसदा ने बताया कि शील मुर्मू ने बंद खदान में नहाने गए थे इस दौरान डूबने की खबर मिली,तो देखा कि कपड़ा चप्पल है पर शील मुर्म लापता थे,इसके बाद जिला प्रशासन को सूचित किया गया है,गोताखोरों को द्वारा लापता युवक को ढूंढने की प्रयास करेगी।

भारतीय मजदूर संघ की बैठक सह नूतन जिला कार्यसमिति की घोषणा की गई

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट यासिर अराफात

पाकुड़ आज भवन निर्माण एवम अन्य सनिर्माण कामगार यूनियन सम्बंध भारतीय मजदूर संघ की बैठक सह नूतन जिला कार्यसमिति की घोषणा सविता मंडल की अध्यक्षता में हीरा नंदनपुर पंचायत भवन मैं संपन्न हुई इस बैठक में मुख्य रूप से

भवन निर्माण एवं अन्य संनिर्माण कामगार यूनियन के पूर्व प्रदेश महामंत्री हरि लाल साहु जी भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री जवाहर कुमार सिंह जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे कार्यसमिति की घोषणा रंकुश मंडल ने की जिसमें अध्यक्ष के रूप में शुविकांश मंडल , कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती सविता मंडल उपाध्यक्ष नायकी मुर्मू ,उज्जवल रविदास मंत्री बप्पा मंडल संयुक्त सचिव सूजन प्रमाणिक , शिशिर मंडल, वित्त सचिव राहुल देव सरकार एवं कार्यसमिति सदस्य सिद्धार्थ मंडल ,श्री गोपी हेमराम , रामेश्वर मुर्मू , उदय सरकार एवं मोहम्मद मुकम्मल शेख को जिम्मेदारी दी गई ।

पाडेरकोला पंचायत के पंचायत भवन के समीप "आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार" का आयोजन किया।

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट अमर भगत

पाकुड़/अमड़ापाड़ा प्रखण्ड के पाडेरकोला पंचायत के पंचायत भवन के समीप बुधवार को "आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार" कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त वरुण रंजन, पुलिस अधीक्षक एच. पी. जनार्दन, सिविल सर्जन मंटू टेकरीवाल, प्रमुख जूही प्रिया मरांडी के द्वारा संयुक्त रूप से

दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान बीडीओ सह सीओ कुमार देवेश द्विवेदी द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। डीसी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जिले के सभी पंचायत में आपकी योजना आपका अधिकार आपका द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आगे कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकार के लोक कल्याणकारी योजना को जन जन तक पहुँचना है। साथ ही लाभुकों को लोक कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करना है। उपायुक्त वरुण रंजन के द्वारा शिविर में ग्रामीणों व लाभुकों को लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। मौके पर बीडीओ सह सीओ कुमार देवेश द्विवेदी, जन सूचना पदाधिकारी डॉ. चंदन कुमार, सीआई सह एमओ आभाष चंद्र साह, बीपीआरओ जिल्लूर रहमान, बीपीओ अजय कुमार गुप्ता,सहायक अभियंता सुनील कुमार सहित संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

स्वर्गीय दीनानाथ शरण के 13 वीं पुण्यतिथि पर माल्यार्पण किया गया।

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट अमर भगत

पाकुड़/अमड़ापाड़ा के आमीरजोला स्थित डीबीएल कार्यालय में पैनम कोल माइंस के कार्यकारी निदेशक स्वर्गीय दीनानाथ शरण के 13 वीं पुण्यतिथि पर माल्यार्पण किया गया। वहीं उपस्थित डीबीएल के अधिकारी, कर्मी व ग्रामीणों के द्वारा बारी बारी से माल्यार्पण के साथ पुष्प अर्पित कर

श्रद्धांजलि दिया गया। उपस्थित अधिकारियों ने कहा इन्ही के सहरानीय कार्यों के कारण आज यहां दो दो कोल कंपनी देखने को मिल रहा है। प्रखंड क्षेत्र में संचालित कोल कंपनी में कार्य कर रहे पदाधिकारी, कर्मियों के साथ क्षेत्र के ग्राम वासी इस परियोजना में एक दूसरे के साथ जुड़े हुए है। मौके पर डीबीएल कंपनी के गौतम सामंतो, देवेन्द्र झा, जेम्स मुर्मू, आरके सिंह, राजेश कर्ण, संजय दास, भवेश दिवाकर, सोनाराम सोरेन, बबलू मुर्मू, नाइकी सोरेन, प्रिंस कुमार सहित दर्जनों कर्मी व ग्रामीण उपस्थित थे।

छात्रों के बीच बाल अपराध एवं नशीले पदार्थों के बताया गया दुष्परिणाम

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत

पाकुड़ जिले के हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत हिरणपुर थाना क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय तोड़ाई में वर्ग नवम एवं दशम के छात्रों के बीच को बाल अपराध से संबंधित जानकारी हिरणपुर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने दी। उन्होंने छात्रों के बीच पॉक्सो एक्ट, बच्चा चोर, मोब लिंचिंग , नशीली पदार्थ के सेवन से होने वाले दुष्परिणाम से सम्बंधित छात्र छात्राओं के बीच विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को आगाह करते हुए कहा छात्र अपने अध्ययन अध्यापन में ध्यान दें। किसी भी तरह से किसी भी के बहकावे में आकर नशा का सेवन ना करें अन्यथा उनका कैरियर पर इसका व्यापक असर पड़ सकता है। और यदि कहीं इसकी जानकारी मिलती है इसकी सूचना अविलंब अपने प्रधानाध्यापक को दें ताकि समय रहते छात्रों को बुरे संगत से बचाया जा सके। मौके पर ईएसआई सौकत अली अंसारी, स्कूल के प्रधानाध्यापक , वर्ग शिक्षक एवं स्कूल के अध्यक्ष अमित मंडल आदि उपस्थित थे।

पॉलिटेक्निक के छात्रों ने किया बेहतर प्रदर्शन , 91.11 प्रतिशत छात्र सफल

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत

पाकुड़ पॉलिटेक्निक संस्थान में अध्ययनरत 2019-22 के छात्रों ने अपने अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। परीक्षा में 94% छात्रों ने सफलतापूर्वक अपना डिप्लोमा इंजीनियरिंग कोर्स पूरा किया है क इनमें सिविल शाखा के 97 प्रतिशत, इलेक्ट्रिकल शाखा के 87 प्रतिशत , मैकेनिकल शाखा के 91 प्रतिशत, मेटलर्जी शाखा के 96 प्रतिशत और खनन शाखा के 100 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए क ज्ञात हो की उत्तीर्ण हुए इन छात्रों में से अधिकांस का प्लेसमेंट संस्थान द्वारा पहले ही कराया जा रहा है क वैसे छात्र जो पढाई जारी रखना चाहते थे उन्होंने प्रतिष्ठित संस्थानों में अपना नामांकन कराकर आगे की पढाई शुरू कर सकते हैं कबताते चलें की पिछले सत्रों में भी पाकुड़ पॉलिटेक्निक के छात्रों ने बेहतरीन अंको के साथ अपना कोर्स पूरा किया है। सत्र 2016-19 का उत्तीर्णता प्रतिशत 87 प्रतिशत, 2017-20 का 85 प्रतिशत तथा 2018-21 का 97 प्रतिशत रहा था। इस प्रकार पाकुड़ पॉलिटेक्निक के अभी तक का उत्तीर्णता प्रतिशत 91.11% रहा है

छात्रों को शुभकामनाये देते हुए संस्थान के निदेशक श्री अभिजीत कुमार एवं शासी निकाय की सदस्या श्रीमति रेणुका यशस्वी ने कहा की संस्थान उत्तीर्णता के इस प्रतिशत को हम शत-प्रतिशत करने के लिए दृढ़-संकल्पित है एवं आने वाले समय में संस्थान देश और दुनिया को बेहतरीन अभियंता प्रदान करेगा जिससे पाकुड़ जिले का नाम पुरे देश और दुनिया में विख्यात होगा कसंस्थान के प्राचार्य डॉ सरोज कुमार पाढ़ी, उप-प्राचार्य डॉ ऋषिकेश गोस्वामी, मुख्य प्रशाशनिक अधिकारी श्री निखिल चन्द्र , परीक्षा नियंत्रक श्री अमित रंजन के साथ सभी शिक्षको ने छात्रों को बधाई दी

अमड़ापाड़ा प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय का उपायुक्त ने किया निरीक्षण।

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट अमर भगत

पाकुड़ उपायुक्त वरुण रंजन ने बुधवार को अमड़ापाड़ा प्रखंड क्षेत्र में संचालित कोल कंपनी बीजीआर द्वारा गोद लिए गए राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र नाथ यादव से विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था सहित छात्र- छात्राओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय को बेहतर बनाने के लिए क्या क्या कार्य किए जा सकते हैं, इसपर विद्यालय के प्रधानाचार्य के साथ विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इसी क्रम में बीजीआर के प्रतिनिधियों के साथ सीएसआर इनिसिएटिव के तहत इस विद्यालय में उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों की कार्ययोजना तैयार करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। आगे कहा कि हमारी कोशिश है कि आने वाले समय में इस स्कूल में दसवीं और वारहवीं के रिजल्ट के लिए और बाकी चीजों के लिए एक बेहतर शिक्षा व्यवस्था प्रणाली को तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है।

विद्यालय में बीजीआर द्वारा स्कूल की शिक्षा व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी, बीजीआर के पीआरओ संजय बेसरा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ० चंदन, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी ऋषि राज, विद्यालय के शिक्षक चंदन कुमार, संतोष कुमार टुडू, सुमित मुर्मू, तारकनाथ मांझी सहित अन्य मौजूद थे

जैक द्वारा निर्धारित परीक्षा राशि के बावजूद छात्र - छात्राओ से अधिक राशि लेने के विरोध में एसएफआई पाकुड़ ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा.

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट अविनाश मंडल

पाकुड़ में आज 12 अक्टूबर को भारत की छात्र फेडरेशन के बैनर तले पाकुड़ जिला कमेटी ने जैक द्वारा निर्धारित परीक्षा राशि के बावजूद छात्र - छात्राओ से अधिक राशि लेने के विरोध में एसएफआई पाकुड़ ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

जैक ने आगामी वर्ष 2023 के लिए छात्र-छात्राओ, आरक्षित तथा अनारक्षित सभी वर्गो के लिए राशि निर्धारित की है उसके बाबजूद पाकुड़ के कई स्कूल अपने हिसाब से मनमानी राशि ले रहे है जो की सरासर गलत है। विद्यार्थियों का कहना है अगर इस तरह से मनमाने ढंग से आर्थिक रूप से परेशान किया

जाना सरासर गलत हैं।

एसएफआई पाकुड़ ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से निवेदन किया की वो हमारे मांगो को जल्द से जल्द संज्ञान में ले वरना हम आगे और त्वरित आंदोलन करने पर मजबूर है क्योंकि यह हम बच्चो के भविष्य का सवाल है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करेगी और एक टीम गठित करके सभी विद्यालयों में जांच टीम भेजी जाएगी

आज के इस प्रतिनिधिमंडल में जिला संयोजक नवाब शरीफ, सह संयोजक जयकुल तथा शबनम खातून, मोदस्सर, रमजान तथा फैसल अहमद आदि उपस्थित रहे।

चोरों ने किया ज्वेलरी दुकान से लाखों का माल साफ, पुलिस के लिए बना बड़ी चुनौती

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत

पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र के निकट कृष्णा मार्केट के एकमात्र ज्वेलरी दुकान से चोरों ने शटर काटकर लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह जब ज्वेलरी शॉप के मालिक को इसकी जानकारी मिली तो वह भागे भागे दुकान पहुंचा तो देखा कि दुकान का शटर कटिंग किया जा चुका है। उसने बताया कि जब टॉर्च मार कर देखा गया तो अंदर का लॉकर भी खुला था। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत नगर थाना को दी। सूचना प्राप्त होते ही नगर थाना प्रभारी एवं एसडीपीओ अजीत कुमार विमल मौके पर पर पहुंचे एवं आवश्यक जांच पड़ताल की। शॉप के मालिक ने बताया कि लगभग 4:30 से 5:00 लाख के चांदी एवं सोने के समान गायब हैं। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने बताया कि दुकानदार ने बताया है की सोने एवं चांदी के आभूषण चोरी हुए हैं। पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी है। इसके लिए विशेष जांच टीम गठन कर इसकी पूरी जांच पड़ताल की जाएगी। सीसीटीवी की फुटेज खंगाले जा रहे हैं। चोर चाहे जितने भी शातिर हो वह जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगा इसकी पूर्ण रूप से प्रयास जारी है। संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जा रही है।

मालूम हो कि कुछ वर्ष पहले नगर थाना के सामने एक ज्वेलरी दुकान से इसी प्रकार से चोरी हुई थी। कृष्णा मार्केट नगर थाना के बिल्कुल पीछे निकट में स्थित है।

नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण खत्म

दैनिक समाज जागरण संवाददाता अरविन्द यादव देवीपुर

भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा देवघर जिला द्वारा हेमंत सोरेन सरकार द्वारा नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण खत्म करने के विरोध में हेमंत सोरेन का पुतला दहन कार्यक्रम देवघर जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा विनय चंद्रवंशी की अध्यक्षता में की गई सबसे ज्यादा संख्या ओबीसी की होने के बावजूद ओबीसी को इस प्रकार से अन्याय करना यह सरकार की मानसिकता को दशार्ता है सरकार ओबीसी के हित की सरकार नहीं है पुतला दहन का कार्यक्रम पूरे राज्य में किया जा रहा है इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सचिन सुल्तानिया महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विजया सिंह ममता गुप्ता मुन्नी देवी जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा दीपक केसरी अटल यादव संतोष मुर्मू विनोद सिंघानिया गणेश मंडल अजीत गुप्ता संध्या कुमारी अनिल सा अजय केसरी उमाशंकर पंडित सुमन देवी लक्ष्मी देवी मनीष गुप्ता राजीव चौधरी गोपाल मंडल धनंजय मंडल इत्यादि भारतीय जनता पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे

सूचना प्रेषित दीपक केसरी

जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा देवघर

पाकुड़िया पंचायत में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का आयोजन किया गया

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट- मृत्युंजय कुमार

(पाकुड़) पाकुड़िया प्रखंड के पाकुड़िया पंचायत के डाकबंगला परिसर मे झारखंड सरकार के 3 साल पूरे होने के उपलक्ष में आप की योजना आपकी सरकार अपके द्वार, कार्यक्रम का आयोजन आज 12 अक्टूबर को किया गया , जिसमें उप विकास आयुक्त सहिद अख्तर , प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार ,अंचल अधिकारी किरण डांग, एवं पंचायत के मुखिया अनिता सोरेन, जिला परिषद अध्यक्ष जूलीकृष्टमणि हेंम्ब्रम,के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को शुरू किया गया, सरकार के जनकल्याण योजनाओं लोगों तक पहुंचाने का जरिया `आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को बारीकी से समझाया बताया कि, कार्यक्रम का आयोजन 2 चरणों में होना है. उन्होंने बताया कि पहला चरण 12 से 22 अक्टूबर तक और दूसरा चरण 1 से 14 नवंबर तक चलेगा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत होने पर पंचायत स्तर पर शिविरों का

आयोजन कर राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीणों के बीच रखा गया शिविर से ही आम लोगों की समस्याओं के दूर करते हुए उन्होंने योजनाओं का लाभ की जानकारी.दी गई झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत 5 लाख नए ग्रीन राशन कार्ड, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए आवेदन, सर्वजन पेंशन योजना के लिए आवेदन, किसान क्रेडिट कार्ड (डउउ) मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के लिए आवेदन समेत अन्य योजनाओं का लाभ लाभुकों को दिया गया.

इसी प्रकार के बीते साल भी चलाया गया था कार्यक्रम गौरतलब है कि, पिछले साल हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल का 2 साल पूरा होने पर आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. राज्य सरकार के आंकड़ों के अनुसार, इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए मिले कुल 35.95 लाख आवेदनों में से 35.56 लाख का निष्पादन किया गया था. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मौके झामुमों प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हंसदा, खुर्शीद आलम, बीपीओ जगदीश पंडित, सहायक अभियंता लालू रविदास, प्रेम प्रकाश मुर्मू, चिकित्सक पद अधिकारी संघ सैकड़ों लोग उपस्थित थे

अम्लान कुसुम सिन्हा ने पाकुड़ रेलवे स्टेशन के विभन्न समस्याओं का अवगत कराया।

दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी

पाकुड़/पूर्व रेलवे स्थित हावड़ा रेल मंडल कार्यालय में माननीय सांसदों के साथ मंडल समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में राजमहल लोकसभा के सांसद की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि के रूप मे अम्लान कुसुम सिन्हा ने भाग लिया। इस बैठक में हावड़ा रेल मंडल अंतर्गत रेलवे से संबंधित विभिन्न समस्याओं की और ध्यान आकृष्ट कराते हुए पुरानी सभी मांगों को दुहराया गया। उन्होंने कहा कि हम अपनी मांगों को लेकर लगातार सभी अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट करा रहे हैं, इन समस्याओं का निदान किया जाए। इस बैठक में रेल अधिकारियों द्वारा बताया गया की

पाकुड़ स्टेशन पर नई ऑटो पार्किंग, 2 ऑटो इसेक्ट्रो क्लोरिनेटर का प्रावधान, दिव्यांगजनों के लिए न्यूनतम आवश्यक सुख सुविधा का प्रावधान, पाकुड़ स्टेशन पर रेल वाटर हार्वेस्टिंग सहित सकुर्लेटिंग एरिया स्टेशन भवन के अग्रभाग में सुधार, पाकुड़ स्टेशन में 2 लिफ्ट और 1 एक्सलेटर का प्रावधान, पाकुड़ और नगरनवी पर नया पैदल उपरीपथ का प्रावधान, गुमानी स्टेशन पर ऑटो क्लोरोनीकरण युक्त गहरे नलकूप और पंप हाउस का प्रावधान, पाकुड़, कोटलपोखर, नगरनावी, गुमानी, तिलभित्ता, स्टेशन के प्रतिक्षाकक्ष विश्रमगृह में वायरिंग लाइटिंग सिस्टम और फेनेज क्षमता तथा अन्य में सुधार किया जा रहा है।

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार तोड़ाई पंचायत में आयोजित हुआ कार्यक्रम

दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी

पाकुड़/हिरणपुर प्रखंड के तोड़ाई पंचायत के बिपतपुर ग्राम में झारखंड सरकार के निर्देश पर आपके अधिकार आपके सरकार आपके द्वार कार्यक्रम तोड़ाई पंचायत में आयोजित हुआ इस कार्यक्रम को संचालित प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी राम कुमार साह कर रहे थे इस कार्यक्रम को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी उमेश कुमार स्वांसी अंचल अधिकारी मनोज कुमार, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष-सह- 20 सुत्री सदस्य मो. मनोबर आलम एवं उप प्रमुख अब्दुल गनी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड सरकार की कल्याणकारी योजना के बारे में लोगों को जानकारी दी गई साथ ही तोड़ाई पंचायत के लोगों के समस्या का निष्पादन किया गया। मनरेगा के तहत गारंटी रोजगार योजना के लिए जब कार्ड का वितरण किया गया अन्य कई योजनाओं के अंतर्गत लाभुको को सम्मानित किया गया। बताते चले विभिन्न विभाग का स्टॉल लगाकर वृद्धा पेंशन योजना, आवास योजना, मछली पालन योजना, ऋण माफी योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, कृषि योजनाओं का मौके पर निष्पादन किया किया गया। मुख्यमंत्री खाद्य सुरक्षा योजना के तहत वंचित

लोगों का राशन कार्ड के लिए आवेदन लिया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी उमेश कुमार स्वांसी, अंचल अधिकारी मनोज कुमार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मनोबर आलम, उप प्रमुख अब्दुल गनी मोमिन, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, तोड़ाई पंचायत के मुखिया टेरेसा टुडू, पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे सभी ने हेमंत सरकार के 3 साल में किए गए कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बारीकी से समझाया और कहा कि माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं माननीय ग्रामीण मंत्री जनाब आलमगीर आलम जी के नेतृत्व में काफी अच्छा कार्य हो रही है। राज्य की सरकार द्वारा यहां के आदिवासी व मूलवासी के रोजगार की दिशा में सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि हर प्राइवेट कंपनी को रोजगार के क्षेत्र में यहाँ के निवासियों को 75 प्रतिशत आरक्षण देने की योजना की शुरूआत की गई है। यहां के शिक्षित बेरोजगारों के लिए 25 लाख रुपये तक कि ऋण की व्यवस्था की गई है। राज्य सरकार द्वारा धोती साड़ी योजना की शुरूआत की गई है जिसके तहत हरेक कार्डधारी को 10 रुपये में साड़ी व धोती मिलती है। सरकार द्वारा झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत राशन कार्ड से वंचित 15 लाख लोगों को मुख्यमंत्री खाद्य सुरक्षा योजना के तहत हरा राशनकार्ड बनाकर खाद्य सुरक्षा योजना से जोड़ा गया। राज्य की हेमंत सरकार ने झारखंड के सभी वृद्ध को पेंशन योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है इस प्रक्रिया को सरल बनाते हुए एपीएल बीपीएल कार्ड और 14 सूत्र की बाध्यता समाप्त कर दी गई इस महत्वपूर्ण योजनाएं बारीकी से समझाया गया।

देवघर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया

दैनिक समाज जागरण संवाददाता अरविन्द यादव देवीपुर

एंकर - राज्य सरकार के आदेशानुसार बुधवार को देवघर के सभी 10 प्रखंडों में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया वही देवीपुर प्रखंड के धोबाना पंचायत में कार्यक्रम के दौरान देवघर जिला कल्याण पदाधिकारी दयानंद दुबे देवीपुर अंचलाधिकारी सुनील कुमार सिंह प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार देवीपुर प्रमुख प्रमिला देवी जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी देवी ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर

कार्यक्रम का शुभारंभ किया वही कार्यक्रम के दौरान के सभी विभाग के स्टॉल लगाया था ताकि आम लोगों को अपनी समस्या के लिए आवेदन किया है साथ ही प्रशासन के द्वारा आम जनता से समस्या पूछताछ कर करवाई हेतु आश्वासन दिया साथ ही साथ परिसंपतियो का वितरण किया गया इस मौके पर पंचायत सचिव दिलीप राय रोजगार सेवक राजेंद्र यादव समेत कई कर्मी मौके पर मौजूद थे

बाईट दयानंद दुबे देवघर जिला कल्याण पदाधिकारी

जामताड़ा DMO द्वार तीन पत्थर लादे ट्रक को ए माइनिंग चालान नहीं जामताड़ा

संवाददाता गौतम ठाकुर जामताड़ा

जामताड़ा DMO द्वार तीन पत्थर लादे ट्रक को ए माइनिंग चालान नहीं जामताड़ा DMO द्वार तीन पत्थर लादे ट्रक को ए माइनिंग चालान नहीं रहने कारन जब्त किया कारन जब्त किया जिला खनन पदाधिकारी को मिला गुप्त सूचना के आधार पर जामताड़ा दुमका मुख्य मार्ग के कोलाडाबर गांव के पास लाल पत्थर लादकर तिन ट्रक को पकड़ा और उसे जामताड़ा पुलिस के हवाले कर दिया है` इस संबंध में जानकारी देते हुए खनन पदाधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि गलत चालान पर बिहार के शेखपुरा से पश्चिम बंगाल ट्रक के

माध्यम से लाल पत्थर भेजा जा रहा है` जब वैसे ट्रक को कोलाडाबर गांव के बाद पास रोककर कागजात की मांग की गई तो चालक द्वारा जो कागजात दिखाया गया वह संदिग्ध लगा इसलिए ट्रको पकड़कर जामताड़ा पुलिस को सौंप दिया गया` तीन ट्रको का नंबर क्रमशः इस प्रकार से हैं - बीआर 46 जी 1822 , बीआर 46जी 8122 , तथा बीआर 46 जी 6975 है आगे उन्होंने बताया कि काफी दिनों से ये लोग गलत तरीका से पत्थर को बिहार से बंगाल के दुगार्पुर ले जाकर खा रहे थे` जिसमें पकड़ा गया है और जामताड़ा थाना को सौंप दिया गया है` साथ ही उन्होंने कहा कि आगे की कार्रवाई की जा रही है`